समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 62,724.71 | 18,601.50 |

तापमान
अधिकतम 42 °c
न्यूनतम 32 °c

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



निकाय चुनाव में पिछले बार से बढ़ीं सीटें, नौ साल में भारत... पेज-02

कौशल किशोर ने सरोजनीनगर जलभराव की समस्या के निराकरण पर किया मंथन पेज-03

वर्ष 10 अंक 293 लखनऊ, 13 जून मंगलवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00
www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ के लोगों को दी बड़ी सौगात

# पांच एनएच परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ को एक बड़ा तोहफा दिया है। जहां पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और सीएम योगी ने कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस दौरान सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि, केंद्र सरकार के नितिन गडकरी जी का जिनकी डिक्सनरी में ना शब्द नहीं है उनका हृदय से अभिनंदन है। यहाँ के नागरिकों का स्वागत जिनके बारे में कहा जाता है न सौ पढ़ा न एक प्रतापगढ़ा। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि, प्रतापगढ़ से अयोध्या सुल्तानपुर को जोड़ते हुए इस 4 लेन राजमार्ग का उपहार मिलने जा रहा है। अगले वर्ष अयोध्या में भव्य राममंदिर को जाने के लिए इसका लाभ मिलेगा, प्रतापगढ़ के वाईपास का भी आज शिलान्यास होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, गडकरी जी ने देश के इंफ्रस्ट्रक्चर निर्माण के लिए पिछले नौ वर्षो मे जो कार्य किये उनसे नए भारत की नई तस्वीर बनी है। आज प्रतापगढ़ मे मेडिकल कॉलेज है, किसी ने कभी नही सोचा होगा कि यहां मेडिकल कॉलेज बनेगा।

हमारी सरकार ने सर्वाधिक आवास देने का कार्य किया, आज प्रदेश के ग्रामीण शहरी क्षेत्रो मे 54 लाख पीएम आवास देने के कार्य हुए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, इंफ्रस्ट्रक्चर गरीब कल्याण देश की सुरक्षा और वैश्विक मंच पर जो कार्य हुए उनसे भारत की छवि बदली। जी 20 के देशो से विदेशी मेहमान वाराणसी आये है, उन्होंने वाराणसी एयरपोर्ट से फोर लेन सड़के देखी तो वो अभिभूत हो गए।



### कानून व्यवस्था पहले से काफी बेहतर

सीएम योगी ने कहा कि, आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे विकास और कानून व्यवस्था के मामले मे नजीर मिसाल बनी है, कानून व्यवस्था मे उन्हीं के लिए दिक्कत होती है, जिनके अनैतिक कार्यो को हमने रोक दिया, उन्हीं को ज्यादा परेशानी है। कानून व्यवस्था अगर बेहतर न होती तो ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट मे हमको 35 हजार करोड़ के निवेश प्राप्त न होते। आज डबल इंजन की सरकार निकाय चुनाव मे ट्रिपल इंजन के साथ मिलकर कार्य करने के लिए संकल्पित है।

### विदेशी मेहमान हो रहे अभिभूत

आज काशी से लखनऊ, प्रयागराज गोरखपुर, लखनऊ सभी फोर लेन कनेक्टिविटी से जुड़ गये है। काशी की गंगा की निर्मलता को देखकर हमारे विदेशी मेहमान अभिभूत हो गये, उनको अद्भुत नजारा देखने को मिला, यही नया भारत है। आज भारत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे दुनिया को आकर्षित कर रहा है। भारत के प्रत्येक नागरिक के मन मे विकास की आकांक्षाएं है।

आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी यूपी में 80 की 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी: अखिलेश यादव

# फिर जीतनी है सपा के गढ़ वाली सीटें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। जहां भाजपा ने 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

वहीं समाजवादी पार्टी भी पूरी ताकत के साथ सत्ताधारी दल को टक्कर देने की तैयारी कर रही है। अभी उसका कम अंतर से हारी सीटों पर विशेष फोकस है। राजनीतिक जानकार बताते है कि 2019 में सपा बसपा के गठबंधन में को सीट सपा कम मार्जिन से हारी है। उस पर विशेष फोकस किया है। उसके लिए, अलग से प्लान तैयार किया गया है।

सपा सूत्रों की मानें तो यादव लैंड की फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात की सीटों पर विशेष ध्यान है इसके आलावा भी सपा फिरोजाबाद 28781 वोटों से हारी थी। यहां शिवपाल के लड़ने से भी वोट बंट गया। बदायूं 18454 वोट गंवा दी। इटावा 64437 वोट से, कन्नौज 12353 से, बांदा 5883 से, कौशांबी 38722 से, फैजाबाद 65477 से, बलिया 1551,चंदौली सीट 13959 वोट राबर्टसगंज 54336 वोट से हारी। इन सीटों पर अब बूथ लेवल तक पहुंचकर सीट जीतने का गेम प्लान तैयार किया है। सपा के एक वरिष्ठ नेता की माने तो अखिलेश यादव इस बार लोकसभा चुनाव पर विशेष ध्यान दे रहे है। उनका खास ध्यान अपने गढ़ रही और कम अंतर से हारी सीटों पर ज्यादा है। वे अपनी मजबूत आधार वाली सीटों को फिर जीतने की रणनीति बना रहे हैं। इनमें वे सीटें भी हैं जो मुलायम परिवार के सदस्यों ने पिछली बार कम अंतर से हार गए थे।



### सपा की तैयारी जोरों पर

अखिलेश यादव ने अपनी लोक जागरण यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादियों के गढ़ वाली सीटें फिर जीतनी हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी यूपी में 80 की 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक प्रसून पांडेय कहते हैं कि सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी तो शुरू कर दी है। पर अभी उनकी गठबंधन किसके होगा यह तय नहीं। वह कांग्रेस के साथ जाएंगे या फिर भाजपा और गैर कांग्रेस के मोर्चे से अलग चुनाव लड़ेंगे इस पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन सपा 2024 की तैयारी अच्छे ढंग से कर रही है। इसी कारण वह अपने संगठन को मजबूत करने में बहुत तेजी के साथ जुटे हैं।

### हर जिले में प्रशिक्षण शिविर लगा

हर लोकसभा में प्रभारी नियुक्त करने के साथ हर जिले में प्रशिक्षण शिविर लगा है। जिसमें अखिलेश भी शामिल हो रहे हैं। वह अपने कार्यकर्ताओं को बूस्ट कर रहे हैं। यह पार्टी के लिए मुफीद है। काम अंतर वाली सीटें भी जीतने के लिए प्लान बना रहे हैं। गौरतलब हो कि साल 2019 में भाजपा ने 78 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से 62 सीटों पर पार्टी कमल खिलाने में कामयाब हो गई थी। वहीं भाजपा की सहयोगी अपना दल एस को दो सीटों पर जीत हासिल हुई। सपा बसपा गठबंधन कोई खास जादू नहीं चला। बसपा के खाते में जहां 10 सीटें आई तो वहीं सपा को सिर्फपांच सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस को तो प्रदेश में तगड़ा झटका लगा। कांग्रेस महज एक रायबरेली सीट पर ही जीत दर्ज कर सकी।

# जेल में बंद शूटर खान मुबारक की मौत

हरदोई, समृद्धि न्यूज़

**हरदोई।** जिला कारागार में बंद शार्प शूटर खान मुबारक की बीमारी से मौत हो गई। खान मुबारक निमोनिया से पीड़ित था। उसकी हालत बिगड़ने पर पुलिस अभिरक्षा में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। खान मुबारक को लखनऊ जेल से विगत एक वर्ष पूर्व हरदोई जिला कारागार में शिफ्ट किया गया था। खान मुबारक पर हत्या, रंगदारी सहित कई मुकदमे दर्ज दर्ज थे। अंबेडकर नगर के थाना हसवर के ग्राम हरसम्हार के खान मुबारक को यूपी एसटीएफ ने जुलाई 2017 को लखनऊ के पीजीआइ क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। तब उसके पास से कई आधुनिक असलहे भी मिले थे। खान मुबारक अंडर वर्ल्ड डान छोटा राजन गैंग का मुख्य हिस्सा था। उसके खिलाफ अपहरण, हत्या व अन्य संगीन धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय का छात्र था तब उसने पहली हत्या की थी। उसके बाद वह अपने भाई जफर सुपारी के पास मुंबई भाग गया था।

जफर सुपारी भी छोटा राजन के लिए काम करता था। उसी ने खान मुबारक की छोटा राजन से पहली बार मुलाकात कराई थी। इसके बाद वह छोटा राजन का विश्वासपात्र बन गया और उसके इशारे पर हत्या व रंगदारी जैसे अपराध करने लगा।


फाइल फोटो

# बहराइच, रायबरेली में दो सगे भाइयों समेत चार की डूबकर मौत

**बहराइच/ रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के बहराइच और रायबरेली जिले में डूबने की दो घटनाओं में दो भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गयी।भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए नहर में नहाने उतरे कोतवाली नानपारा निवासी दो सगे भाइयों की डूबकर मौत हो गयी वहीं रायबरेली में अंतिम संस्कार में आए दो युवक डूब गए। कोतवाली नानपारा थाने के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार की है। उन्होंने बताया कि मोहल्ला चिकवा टोला निवासी सैयद शुजा अहमद (24), उसका छोटा भाई सैयद अली (17) और चचेरा भाई नावेद रविवार को नहर के किनारे गये थे। भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए शुजा और सैयद बेलवा नहर में नहाने उतर गए जबकि नावेद बाहर खड़ा रहा। गौड़ के अनुसार, नहाते समय शुजा और सैयद पानी में डूब गए। नावेद के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने और सूचना पाकर वहां आई पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों के शव बाहर निकाले। प्रभारी निरीक्षक गौड़ ने बताया कि मृतक युवकों के पिता और परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम नहीं करने को कहा जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने बताया कि रायबरेली में रविवार को सरेनी थाना क्षेत्र में दो व्यक्ति गंगा नदी में डूब गए। उन्होंने कहा कि ये लोग एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे और अंतिम संस्कार में शामिल होने के बादउन्होंने स्नान किया और इस दौरान वह डूब गए।

## संक्षिप्त

### प्रियंका गांधी ने पांच गारंटी का किया ऐलान

बंगलुरु। कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस मध्य प्रदेश चुनाव की तैयारी शुरू कर चुकी है। आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सबसे पहले ग्वारीघाट पहुंचीं और नर्मदा पूजा की। वाड्रा के साथ कांग्रेस नेता कमलनाथ भी थे। इसके बाद प्रियंका गांधी ने जबलपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

### शूटर विजय को दी गई थी 20 लाख की सुपारी

लखनऊ। लखनऊ कोर्ट में हुए गैंगस्टर संजीव उर्फ जीवा हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। शूटर विजय यादव ने पुलिस से हुई पूछताछ में कबूला है कि उसे नेपाल में असलम ने जीवा को मारने के लिए 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी। पुलिस के अनुसार, लखनऊ जेल में बंद जीवा ने असलम के भाई आतिफ की दाढ़ी नोंच ली थी।

### खुदरा महंगाई में राहत, मई में 25 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। आम आदमी को महंगाई से बड़ी राहत मिलती दिख रही है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई दर 25 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। मई महीने में खुदरा महंगाई दर 4.25 प्रतिशत हो गई जो अप्रैल में 4.70 प्रतिशत थी। इस दौरान ग्रामीण महंगाई भी 4.68 प्रतिशत से घटकर 4.17 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में महंगाई दर अप्रैल महीने के 4.85 फीसदी से घटकर 4.27 फीसदी हो गई है।

### भोपाल के सतपुड़ा भवन में लगी आग हुई बेकाबू

भोपाल। भोपाल के सतपुड़ा भवन में सोमवार शाम चार बजे एसी के माध्यम से लगी आग ने भीषण रूप ले लिया है। तीसरी मंजिल पर स्थित जनजातीय कार्य विभाग में लगी आग अब सबसे ऊपर छठवीं मंजिल तक पहुंच गई है। चौथी, पांचवीं और छठवीं मंजिल में स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय है। यहां रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया है। कई अति जरूरी दस्तावेज और कंप्यूटर भी जल गए हैं।

साइक्लोन बिपरजॉय: गुजरात और मुंबई में भारी बारिश

# उड़ान संचालन प्रभावित समुद्री ड्राइव पर उच्च ज्वार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरब सागर में से उठे चक्रवात बिपारजॉय का असर दिखने लगा है। मुंबई और गुजरात के तटों पर ऊंची-ऊंची लहरें और तेज बारिश हो रही हैं। मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में रविवार शाम बारिश हुई। उच्च ज्वार की लहरें और तेज हवाएँ मुंबई से टकराती हैं, जबकि राज्य के अन्य तटीय हिस्सों में भी तेज हवाएँ देखी गईं। चक्रवात बिपारजॉय की तीव्रता अरब सागर में एक चक्रवाती तूफान में बदल गई है। चक्रवाती तूफान ने क्षेत्र में उड़ान संचालन को भी प्रभावित किया। स्काईमेट वेदर ने सोमवार को बताया, महाराष्ट्र और गुजरात के तटों पर तेज हवाएं चल सकती हैं। गुजरात और महाराष्ट्र तट के साथ समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। एक निकाय अधिकारी ने कहा कि मुंबई के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के कारण कुछ पेड़ जमीन पर गिर गए। स्काईमेट वेदर ने कहा कि पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर गंभीर चक्रवात बिपारजॉय एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है।

रैपिडो-उबर को बड़ा झटका, दिल्ली में बाइक-टैक्सी पर जारी रहेगा बैन

# हाईकोर्ट के ऑर्डर पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में बाइक टैक्सी चलाने की अनुमति दी गई थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय से इस मामले में शीघ्र फैसला करने का आग्रह किया। यह शीर्ष अदालत द्वारा केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है। कोर्ट ने उबर और रैपिडो बाइक सहित बाइक टैक्सी एग्रीगेटर्स को दिल्ली में चलने की अनुमति देने पर केंद्र का रुख पूछा था।



उच्च न्यायालय ने रैपिडो और उबर को दोपहिया गैर-परिवहन वाहनों के संचालन पर अंतिम नीति की अधिसूचना जारी होने तक राष्ट्रीय राजधानी में संचालन की अनुमति दी थी। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने दोपहिया वाहनों को परिवहन वाहनों के रूप में पंजीकृत करने से रोक के संबंध में कानून को चुनौती देने वाली रैपिडो की याचिका पर 26 मई को दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि नीति अधिसूचित होने तक बाइक-टैक्सी संचालक के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। रैपिडो संचालित करने वाली रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में कहा है कि दिल्ली सरकार ने बिना किसी कारण या तर्क के परिचालन पर रोक का आदेश दिया।

राहुल गांधी को बड़ी राहत

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामले में कोर्ट में पेशी से मिली छूट

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी पर मानहानि की शिकायत में अदालत में पेश होने से मिली अंतरिम राहत को 2 अगस्त तक बढ़ा दिया। शिकायतकर्ता, जो भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करता है, ने आरोप लगाया था कि राफेल लड़ाकू जेट सौदे के संदर्भ में गांधी की कमांडर-इन-चोर टिप्पणी मानहानि के समान है।



न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की एकल पीठ ने शिकायतकर्ता के वकील द्वारा समय मांगे जाने के बाद 2021 में स्थानीय अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देने वाली गांधी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी।

# तीन बुजुर्गों को कार ने रौंदा, तीनों की मौत

कानपुर, समृद्धि न्यूज़

कानपुर में बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कमसान ग्राम पंचायत के माखनपुरवा गांव में लखनऊ-इटावा राजमार्ग किनारे बाग की रखवाली कर रहे तीन बुजुर्गों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। दुर्घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक मृतक ग्राम प्रधान का भाई है। ग्राम प्रधान जय सिंह यादव ने बताया कि सोमवार को उनके माखनपुरवा गांव के अहिबरन सिंह (65), टीकापुरवा के घसीटे (60) और उनके बड़े भाई सुरेंद्र सिंह (60) सड़क किनारे लगे बाग की रखवाली कर रहे थे। तभी ककवन की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने सड़क के करीब 40 फीट दूर खाई पार कर बैठ उक्त तीनों को रौंद दिया और खेतों में जाकर पलट गई। दुर्घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### पंचायत चुनाव से पहले बवाल की आशंका, नामांकन केंद्रों के पास धारा 144 लागू

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग सख्त हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के लिए सभी नामांकन केंद्रों के 1 किलोमीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया गया है कि नामांकन प्रक्रिया सुरक्षित रूप से संपन्न हो।

विपक्षी दलों पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कटाक्ष

# दो हजार रुपये के करोड़ों नोट रखने वाले जाएंगे जेल

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार के किए कार्यों को गिनाया। साथ ही उन्होंने विपक्षियों पर निशाना भी साधा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार शहर के साथ ही गांव के भी तेजी से विकास पर जोर दे रही है। इसके लिए कई बड़ी योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खासतौर पर गरीबों के लिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से उनकी गरीबी दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों को मिले, इसके लिए कई स्तर पर मॉनिटरिंग भी कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिछली सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में किसी भी योजना का 85 प्रतिशत धन बंदरबाट हो जाता था। भाजपा के शासन काल में ऐसा कतई संभव ही नहीं है। इसलिए दो हजार के नोट को बंद करने पर विपक्षी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि 10-10 हजार करोड़ से ज्यादा दो-दो हजार के नोट रखने वाले जेल जाएंगे। दो-दो हजार के थोड़े नोट रखने वालों को तो कोई दिक्कत नहीं है, उनके नोट बदल जाएंगे।



प्रदर्शन

राकेश टिकैत ने सरकार के समक्ष दो मांगे रखी

# किसानों का प्रदर्शन जारी, हाईवे को किया ब्लॉक

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** सूरजमुखी की फसल की खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिलने का विरोध कर रहे हरियाणा के किसानों ने आज दिल्ली जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। किसानों तका दावा है कि वे मुख्यमंत्री द्वारा घोषित राहत से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र जिले के पिपली गांव में आयोजित एक महापंचायत में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर यातायात को अवरुद्ध करने का निर्णय लिया। भीड़भाड़ से बचने के लिए ट्रैफिक को दिल्ली-चंडीगढ़ रूट पर डायवर्ट किया गया है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हम हाईवे को ब्लॉक नहीं कर रहे हैं। यह सही नहीं है, राजमार्गों को अवरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी केवल दो मांगें हैं, हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करें और एमएसपी पर सूरजमुखी के बीज खरीदना शुरू करें। हम सरकार के साथ चर्चा करने को तैयार हैं। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किसान महापंचायत में पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि हम यहां किसानों का समर्थन करने आए हैं। हम भी किसान परिवारों से आते हैं।



### किसानों को समय पर नहीं दिया जा रहा मुआवजा: टिकैत

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने सोमवार को दावा किया कि किसानों की जमीन का अधिग्रहण होने के बावजूद उनको समय पर मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। टिकैत ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले साबौता-जेवर कट पर आज किसानों द्वारा आयोजित की गई एक महापंचायत में कहा कि किसानों की जमीन का अधिग्रहण हुए काफी समय हो गया है लेकिन गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

# केंद्र समाधान के लिए पहलवानों से कर रहा बात : सीएम खट्टर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को कहा कि केंद्र उन पहलवानों से बात कर रहा है, जिन्होंने डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन आरोपों के बीच 14 जून को राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि बंद का आह्वान किया गया है, लेकिन पहले बातचीत होनी चाहिए। इससे पहले आज महापंचायत को संबोधित करते हुए बजरंग पुनिया ने कहा कि पहलवानों ने अपना आंदोलन 15 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है और अगर उस समय तक बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो उनके अगले कदम की घोषणा की जाएगी। खाप नेताओं द्वारा पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 14 जून के हरियाणा बंद के आह्वान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कुछ लोग राजनीति के लिए ऐसे विषय उठाते हैं।



# निकाय चुनाव में पिछले बार से बढ़ीं सीटें, नौ साल में भारत का मान बढ़ा: भूपेंद्र चौधरी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



लखनऊ महानगर ने निराला नगर के तुलसी गंगा मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष में आयोजित पूर्वी विधानसभा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन एवं टिफिन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक आशुतोष टंडन,एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष को भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर संवाद कर रही है। विपक्षी पार्टी जहां जनता को गुमराह करके आपस में गठबंधन कर रही हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच पहुंच रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्षों में देश का चौमुखी विकास हुआ है और करीब वंचित वर्ग को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जो सपना देखा था भारतीय जनता पार्टी की सरकार उसी दिशा में कार्य कर रही है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव के आधार पर पार्टी की कार्य योजना तैयार करें। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र और प्रदेश में सरकार है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी पहली बार सभी नगर निकायों में पूर्ण बहुमत के साथ जीती। पहली बार 196 नगरपालिका भी भारतीय जनता पार्टी ने विजय प्राप्त की। पिछली बार 16 जिला मुख्यालय में जीते थे इस बार 33 जिला मुख्यालय में जीत हासिल की। यह सब वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार जीत रही है। भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र के वादों को पूरा किया है बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। धारा 370, राम मंदिर का निर्माण पूरा किया है जो कार्यकर्ताओं का सपना था। योगी की सरकार में उत्तर प्रदेश में अपराध न्यूनतम स्तर पर है। अपराध के खिलाफ सरकार की नीतियों की चर्चा पूरी दुनिया में है।

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि हमारा संकल्प है भारत भारतीय संस्कृति के आधार पर पूरी दुनिया में अपनी व्यवस्था स्थापित करें। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद और समर्थन देती है। न्यू पपुआ गिनी के राष्ट्रपति ने अपने देश की परंपरा को तोड़कर प्रधानमंत्री जी का एयरपोर्ट आकर पैर छूकर अभिवादन किया। यह भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है। आज भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। भारतीय जनता पार्टी का स्वरूप सर्वव्यापी व सर्व स्पर्शी है। 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 17: वोट मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर 41 परसेंट हो गए, 2019 लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी गठबंधन एक होने के बाद भाजपा को 51: वोट हासिल हुए।



राज्यपाल ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में योग दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

# विश्व रक्तदान दिवस पर बड़ी प्रतिभागिता करें प्रदेश के विश्वविद्यालय: राज्यपाल

**लखनऊ समृद्धि न्यूज** । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों से ऑनलाइन जुड़कर विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की। उन्होंने 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस पर विश्वविद्यालयों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ बड़े स्तर पर प्रतिभागिता करने को कहा है। राज्यपाल जी ने रक्तदान के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर प्लेटलेट्स दान हेतु दानदाताओं की सूची बनाने का निर्देश भी दिया, जिससे किसी भी आकास्मिक स्थिति में प्लेटलेट्स भी उपलब्ध कराकर मरीज की जीवन रक्षा की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने की कार्रवाही, 46 लोगों को शान्ति भंग में किया गया निरुद्ध

बाराबंकी। जनपद मे संदिग्ध व्यक्तियो,वांछित अभियुक्तो, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे जनपद पुलिस द्वारा कुल 16 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा 46 अभियुक्तो के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाही की गयी।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नौ अभियुक्त गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा 9 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया।जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 9 अभियुक्त कल्लू पुत्र हरिद्वार रावत,गोकुल पुत्र रामकिशोर,अयाज पुत्र शब्बीर,शिवराम पुत्र दुखीराम, आदिल पुत्र लल्लन निवासीगण मो सेलारा कस्बा व थाना टिकैतनगर,शिवप्रसाद पुत्र प्रभु,हसमत पुत्र अजऊफ, धनीराम पुत्र सालिकराम दिलीप कुमार पुत्र रुस्तम निवासीगण मोहल्ला सेलारा कस्बा इचौली थाना टिकैतनगर को 52 अदद ताश की दो गड्डी व कुल 2540 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के विरुद्ध थाना टिकैतनगर पर मुअसं 235-236/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### पुलिस ने तीन जुआरियो को किया गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मे 3 जुआरियो को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 3 अभियुक्तो लखपति पुत्र राधे,रिजवान पुत्र करन बेड़िया निवासीगण सरदारगंज थाना फतेहपुर,रवि बेड़िया पुत्र मद्दर निवासी पूरे गुलाम रसूलपनाह थाना फतेहपुर को 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 1300 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर मुअसं 302/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### गौ आश्रय स्थलों के 200 मवेशियों के लिए हर ग्राम पंचायत को निर्गत हो चुकी धनराशि

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** स्थानीय ब्लाक में खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी तथा पशु पालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक में गोशालाओं की व्यवस्था को कैसे दुरुस्त किया जाए इस सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया की अधिकांश गोशालाओं में छायादार वृक्ष नही है, छाया के लिए शेड उपलब्ध है परन्तु वृक्षों के अभाव में पशुओं को गर्मी एवं धूप का सामना करना पडता है। इस समस्या को दूर करने के लिए चबूतरा बनाकर वन विभाग के मानकों के अनुसार टीगार्ड बनाकर छायादार वृक्ष जैसे- पीपल, बरगद, पाकड़ के बड़े वृक्ष लगाए जाए तथा ग्राम सभा में चारागाह की जमीन चिन्हित की गयी है। उसका घेरबाड करते हुए नैपियर मल्टीकट ग्रास लगाने के निर्देश दिए गए। गेरावा सिथुमऊ बेहटा गोशाला का निरीक्षण किया गया। 200 पशु क्षमता की गेरावा गौशाला प्रारम्भ की गई है। अभी शुरूआत में 14 पशु संरक्षित किये गये है। गौशाला का निर्माण तेजी से चल रहा है एवं अंतिम चरण में है। चारा भूसा की व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत के खाते में 200 पशुओं हेतु अग्रिम धनराशि दिनांक 09.06.2023 दी गई है। अभी कोई भी धनराशि खर्च अथवा निकासी नहीं की गई है। जैसे-जैसे पशुओं की संख्या बढ़ेगी धनराशि खर्च की जाएगी।

### जन्मदिन पर रोपित किया पौधे

हैदरगढ़ बाराबंकी। तहसील मुख्यालय के सामने स्थित पारिजात इन्फो सॉल्यूशन के संचालक राहुल दीक्षित का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व श्री दीक्षित द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा रोपित कर उसके संरक्षण संवर्धन का संकल्प लिया गया।

# चाइल्ड लाइन टीम ने बालश्रम व बाल विवाह के विरुद्ध लोगों को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज। बाराबंकी**

बाराबंकी। ग्राम उरगदिया में नया सवेरा योजना के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम में बाल श्रम बाल हिंसा बाल विवाह बाल तस्करी से मुक्त करने के प्रयासों के क्रम में संस्कार संस्था टीम द्वारा ग्राम पंचायत भुहेरा के मजरा और उरगदिया में सपनों की उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत बाल श्रम बाल विवाह बाल हिंसा व बाल तस्करी से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया संस्कार संस्था टीम व पंचायत सहायक साधना यादव



प्रधान श्रीमती लक्ष्मी आंगनबाड़ी आशा तथा चाइल्ड लाइन से अमित कुमार व जीनत बेबी के साथ घर घर जाकर सर्वे करने का कार्य किया तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर जनमानस को विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी इस मौके पर चाइल्ड लाइन से जीनत बेबी ने 1098 तथा 1090 के महत्व के बारे में बताया तथा मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण तथा बालिका शिक्षा के प्रति किशोरियों को जागरूक किया इस मौके पर आशा बहू आंगनबाड़ी ग्राम प्रधान चाइल्डलाइन विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# योगा दिवस पर सभी विभागों के समन्वय आयोजित होगा वृहद योगाभ्यास

- 15 जून से एक सप्ताह प्रतिदिन होगा योगाभ्यास, कमला नेहरू पार्क में सांसद करेंगे शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज। बाराबंकी**



नवम योगा दिवस 21 से पहले एक सप्ताह का योगा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसका शुभारंभ 15 जून को जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न पार्कों, सार्वजनिक स्थानों पर योगाभ्यास के साथ होगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक में योगा के कार्यक्रमों की दिवस के रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि 15 जून की सुबह सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा योगा सप्ताह का शुभारंभ शहर के कमला नेहरू पार्क में किया जाएगा। पूरे सप्ताह प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाएगा। योग प्रशिक्षक पार्कों में योगा सिखाने के लिए लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सभी विभागों के समन्वय से 21 जून को वृहद रूप से योगाभ्यास कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति प्रभारी मंत्री, सांसद, जनप्रतिनिधियों को योगा दिवस के अवसर पर आमंत्रित किया जाए और जीआईसी के ऑडिटोरियम में वृहद योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। सीडीओ श्रीमती एकता सिंह ने सभी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और जिम्मेदारी से कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कई कई तहसीलों के उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, योगाचार्य शशि कुमार अवस्थी, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष व चाइल्ड लाइन के निदेशक रत्नेश कुमार सहित आयुष विभाग के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौ आश्रय स्थल के नाम पर लाखों रुपये महीने हो रहा खर्च, छुट्टा जानवर जस के तस रहे घूम

**समृद्धि न्यूज। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी**

सरकार द्वारा छुट्टा जानवरों के संरक्षण के लिए लाखों रुपए खर्च कर गौशाला निर्माण कराया गया। किंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा जानवरों की समस्या जस की तस बनी हुई। विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में छुट्टा जानवरों को रखने के लिए नौ गौशालाएं शासन द्वारा बनवाई गई। जिन पर जानवरों के रखरखाव के लिए लाखों रुपए प्रति माह खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी क्षेत्र के लोगों को छुट्टा जानवरों की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा। सरकारी धन पानी की तरह खर्च करने में अधिकारियों द्वारा संकोच नहीं किया जाता है। धन खर्च कर खरीदी गई सामग्री उपयोग में लाई जाए या खड़ी-खड़ी बर्बाद हो जाए इससे उनका कोई वास्ता नहीं। क्षेत्र के छुट्टा जानवरों को पकड़ने के लिए लाखों रुपए खर्च कर कैटल कैचर वाहन को खरीदा तो गया किंतु उसका आज तक प्रयोग नहीं हो पाया। वाहन विकास खंड परिसर में खड़े-खड़े बर्बाद हो रहा। जबकि विकासखंड मुख्यालय के पास ही एक बाग में दर्जनों छुट्टा जानवर रोज घूमते रहते हैं इन्हें पकड़वा कर गौशाला पहुंचाना मुनासिब नहीं समझा जा रहा। इसी तरह क्षेत्र के कस्बा बदोसराय मुख्य चौराहे मरकामऊ किंतूर के साथ ही तहसील परिसर में भी छुट्टा जानवर आतंक का पर्याय बने हुए। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा जानवर राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं जिनसे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।जिम्मेदार ध्यान नही दें रहे।जबकि कई बार किसान संगठनों ने भी छुट्टा जानवर पक ?ने के लिए ज्ञापन दिया है।

### बच्चों ने विश्व बाल श्रम दिवस पर किसा जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ। बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस के अवसर पर, इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया ने सभी के लिए सामाजिक न्याय बाल श्रम को खत्म करों थीम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में इंड चाइल्ड लेबर, सेय नो टू चाइल्ड लेबर, सहित अन्य स्लोगन के साथ आज इनिशिएटिव फाउण्डेशन इंडिया के सदस्यों, स्वयंसेवकों और सेंटर के बच्चों ने विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर लखनऊ के भापटामऊ, बुद्धेश्वर सहित संस्था के सभी सेंटर पर हर्षोल्लास के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया के निदेशक अमित ने कहा की बाल श्रम ज्यादातर गरीबी, भेदभाव और बहिष्कार के कारण होता है। यह बच्चों को शिक्षा और अवसर से वंचित करता है। यह बच्चों के साथ एक अन्याय है और सामाजिक एकता और मानव प्रगति के लिए भी खतरा है।

# श्रावण महादेव मेला को लेकर डीएम ने की बैठक तैयारियों के लिए दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज। बाराबंकी**

कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में महादेवा श्रावण मेला की तैयारी के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि 4 जुलाई से मेले का आयोजन किया जाएगा । बैठक के दौरान मेले में बैरिकेडिंग पार्किंग व बैरियर व्यवस्था, बोहनिया व अभरण तालाबों की सफाई, साफ सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, मेला में दुकानें आदि को सुसज्जित ढंग से लगवाए जाने, सोलर लाइट, मेला में विक्रय सामग्री का रेट निर्धारण, मेला परिसर में सांड एवं छुट्टा जानवरों को हटाया जाना, मेला अवधि में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, मेला क्षेत्र में अग्निशमन की एक बड़ी व एक छोटी गाड़ी मेला अवधि तक, मेला क्षेत्र में नालियों पर ढके पत्थर कहीं-कहीं टूट गए हैं ढकने हेतु पत्थर रखवाए जाने की व्यवस्था, मेला क्षेत्र में लगने वाली समस्त दुकानों पर दुकानदार का नाम व पता पहचान पत्र सहित रेट बोर्ड लगवाने की कार्यवाही, मेला क्षेत्र में दुकानदारों एवं अन्य द्वारा लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रारंभ होने के पूर्व ही समस्त सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। तालाबों की साफ-सफाई पूरी तरह से करा दी जाए।

उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश दिया कि बैरिकेडिंग को समुचित ढंग से लगवाया जाए जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। उन्होंने कहा कि तालाबों की सफाई के उपरांत तालाबों में साफ पानी भरवा दिया जाए, दोनों तालाबों में नेट अवश्य लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रकाश व्यवस्था बनी रहे जिससे आवागमन में राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। स्वास्थ विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चार एंबुलेंस रिजर्व रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था के दृष्टिगत संपूर्ण मेला परिक्षेत्र में दुर्गंध व बदबू को कम करने के लिए चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर तथा मच्छरों के लारवा आदि नष्ट करने हेतु एंटी लारवा का नालियों एवं गंदे पानी के स्थलों पर छिड़काव कराया जाए ।मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मेला परिक्षेत्र में बिकने वाली सभी प्रकार की खाद्य सामग्री की जांच नियमित रूप से कराई जाए। मेला परिक्षेत्र में लगी सभी सोलर लाइटों की जांच करा ली जाए यदि लाइट खराब हो तो तत्काल मरम्मत व बदलने की कार्यवाही की जाए विशेषकर मंदिर के सामने लगे सोलर लाइट तत्काल ठीक करा ली जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व परंपरागत से विगत वर्षों से चले आ रहे श्रावण मेले को सतर्कता सजगता व सकुशल ढंग से मनाने में सभी विभाग के अधिकारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी रामनगर, क्षेत्राधिकारी पुलिस रामनगर , तहसीलदार रामनगर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, , जिला सूचना अधिकारी , खंड विकास अधिकारी रामनगर, खंड विकास अधिकारी सूरतगंज, अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवक बन कर खड़े हैं मोदी अब जनता की बारी है: मनोज तिवारी

**समृद्धि न्यूज। बाराबंकी**

- गरीब कल्याण के साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को संवारने में जुटे हैं मोदी- मनोज तिवारी
- जनसभा में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर भाजपा ने मसौली में सोमवार को एक जनसभा का आयोजन करके उपलब्धियां गिनाई। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 9 साल से प्रधानमंत्री मोदी सेवक बन कर खड़े हैं।कहा कि अपनों का ख्याल रखते हुए दुनिया की भी चिंता करना मोदी की खासियत है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गांव और गरीब की दशा सुधारने के साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत को सजाने - संवारने में जुटे हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर,राम मंदिर निर्माण सहित कई योजनाओं को गिनाते हुए उन्होंने 2024 के चुनाव में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जब पुरजोर वकालत की तो हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ ने भी हांथ उठाकर अपना समर्थन दिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव की नैमीशरण्य यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के वक्त बहुत से बहुरूपिए आएंगे ,बरगलाएंगे मगर इनको 2024 के लोकसभा चुनाव में सबक सिखाना है। कहा मोदी ने देश का राजनीतिक एजेंडा बदल दिया है। देश की सीमाओं पर सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। सेनाओं को आधुनिक हथियारों से लैस करके मोदी देश की सुरक्षा को मजबूती देने में लगे हैं।मनोज तिवारी ने अपने गाने के जरिए समर्थको को खूब लुभाया।कहा कांग्रेसी शासन में भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण चरम पर था,सरकारी योजनाओं में बिचौलिए 85 प्रतिशत तक कमीशन हड़प लिया करते थे। कांग्रेसी सरकार में वोट देख कर योजनाएं बनाई जाती थी, जबकि मोदी सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चल रहे हैं।उन्होंने पीएम आवास,उज्वला,आयुष्मान योजना,स्वास्थ्य सेवाओं सहित मोदी सरकार की 9 सालों की उपलब्धियों पर जनता का ध्यान आकर्षित किया। प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने विकास कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए समर्थकों से वादा किया कि बाराबंकी के विकास के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को गरीब कल्याण के लिए मील का पत्थर बताया कहा कि किसान सम्मान निधि के रूप में प्रधानमंत्री मोदी 80 हजार करोड़ रुपए की धनराशि प्रतिवर्ष किसानों को प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार को गांव और गरीबों को समर्पित सरकार बताते हुए कई उपलब्धियां गिनाई।राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए जनता से संकल्पित होने का आह्वान किया।जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने स्वागत एवम जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, राज्य मंत्री सतीश शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत,हरगोविंद सिंह,अमरीश रावत,डॉक्टर राम कुमारी मौर्य ,हर्षित वर्मा,संदीप गुप्ता,अरविंद मौर्य ,विजय आनंद बाजपेई,प्रमोद तिवारी मौजूद रहे।

# विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ सात अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज। बाराबंकी**

जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्र मे पुलिस ने सात अभियुक्तो को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर पुलिस ने 3 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण बरामद की है।जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रताप पुत्र श्यामलाल उर्फ लाले,महंगू पुत्र श्यामलाल उर्फ लाले निवासीगण बेलखरा थाना टिकैतनगर,शैलेन्द्र वर्मा पुत्र मंशाराम निवासी जीवल थाना टिकैतनगर को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के पास से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये।अभियुक्तो के विरूद्ध थाना टिकैतनगर पर मुअसं 237/2023 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम व मुअसं 238/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।वही थाना कुर्सी पुलिस ने 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।जानकारी के अनुसार थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त धीरज यादव पुत्र स्व रामलाल निवासी जहांगीराबाद थाना कुर्सी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुर्सी पर मुअसं 142/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।इसी तरह थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मो वसीम पुत्र मो शमी निवासी मजपटिया बड़ागांव थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मसौली पर मुअसं



156/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।वही थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता रेखा पत्नी राजेन्द्र रावत निवासी कैथी थाना सुबेहा को आज गिरफ्तार किया गया।अभियुक्ता के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।अभियुक्ता के विरूद्ध थाना सुबेहा पर मुअसं 182/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।वही थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पारस राज पुत्र पप्पू निवासी मड़ियाव जानकीपुरम थाना मड़ियाव जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के पास से 9 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।अभियुक्त के विरूद्ध थाना घुंघटेर पर मुअसं 130/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# भीषण गर्मी के बावजूद शिड्यूल के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घण्टे तथा नगरों को 24 घण्टे दी जा रही विद्युत आपूर्ति

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश की विद्युत आपूर्ति और उसके लिये किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा हेतु उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष आज सांय गोमती नगर स्थित एस0एल0डी0सी0 मुख्यालय पहुँचे। वहाँ पर उन्होंने एस0एल0डी0सी0 के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि विद्युत मांग के अनुरूप प्रयाप्त विद्युत उपलब्ध है। अभी एक सप्ताह मौसम इसी तरह गर्म रहेगा। डिमांड और भी बढ़ सकती है इसलिये आवश्यतानुसार विद्युत की प्रयाप्त उपलब्धता बैंकिग आदि व्यवस्था से करके रखी गयी है।अधिकारियों ने बताया कि ललितपुर की 660 मेगावाट तथा आनपारा की 500 मेगावाट की बन्द इकाईयां आज रात्रि में लाइट अप हो जायेगी। 10 जून 2023 को उत्तर प्रदेष की विद्युत मांग 26672 मे0वा0 थी जो अब तक की रिकार्ड विद्युत मांग है। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र 18:00 घण्टे, बुन्देलखण्ड (ग्रामीण क्षेत्र) 20:00 घण्टे, नगर पंचायत मुख्यालय 21:30 घण्टे, तहसील मुख्यालय 21:30 घण्टे, जनपद मुख्यालय एवं अन्य नगर 24:00 घण्टे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। जून में विद्युत मागं 27500 मे0वा0 तक जा सकती है जिसके लिये विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश में वर्तमान में तापीय विद्युत गृह 13000 मे0वा0, प्रदेश के जलीय विद्युत गृह 900 मे0वा0, केन्द्रीय क्षेत्र के उत्पादन गृह 7000 मे0वा0, एल0टी0ए0 के माध्यम से 2500 मे0वा0, बैंकिंग पावर 4400 मे0वा0, सौर ऊर्जा 1800 मे0वा0, उपरोक्त के अतिरिक्त आवष्यकतानुसार एनर्जी एक्सचेंज से भी विद्युत क्रय की जाती है। पारेषण तंत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर के अभियन्ता 24ग्7 आधार पर कार्यरत है तथा ग्रिड की मॉनिटरिंग वरिष्ठ अभियन्ताओं द्वारा लगातार की जा रही है। आगे पावर कारपोरेशन ने 28000 मे0वा0 तक विद्युत आपूर्ति हेतु सभी तैयारी कर ली है। प्रदेष में कही भी ट्रांसफार्मर, सहित किसी सामग्री की कमी नहीं है। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम0 देवराज ने कहा है कि गर्मी से परेशान जनता को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो इसके लिये वितरण, पारेषण एवं उत्पादन निगमों के अधिकारी युद्धस्तर पर कार्य करें। कानपुर, दक्षिणांचल, मध्यांचल, पश्चिमाचल तथा मध्यांचल डिस्काम के प्रबन्ध निदेशको सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से उन्होंने आपूर्ति सम्बन्धी विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने सभी विभागीय अभियंताओं, अधिकारियों को तैनाती स्थल पर ही बने रहने के निर्देश दिए हैं। सभी को हिदायत दी गई है कि लोकल फाल्ट को तेजी से न्यूनतम अवधि में ठीक किया जाए और उपभोक्ताओं के फोन जरूर उठाए जाएं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा है कि आपूर्ति ठप होने पर उसे तत्काल ठीक कराएं। लोकल फाल्ट को जल्द ठीक कराने के लिए पर्याप्त कर्मचारी व ट्रांसफार्मर आदि उपलब्ध रहें। अवर अभियंता से लेकर सभी अधिकारी अपनी तैनाती स्थल पर ही रहें। बिजली की कटौती करने की स्थिति में उपभोक्ताओं को उसके बारे में सही जानकारी दी जाए। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी आपूर्ति पर नजर रखी जाए। प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूम बनाकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा है कि रात में बिजली चोरी के चलते कई जगह ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं जिससे उनके खराब होने पर आपूत्ति ठप होने की आशंका रहती है। ऐसे में उन्होंने रात में सभी से फील्ड में निकलकर कटिया आदि के जरिए हो रही बिजली चोरी को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान चलाने को निर्देश दिया। अध्यक्ष का मानना है कि चोरी पर कड़ाई से अंकुश लगने पर आपूर्ति व्यवस्था और बेहतर होगी।अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि विद्युत व्यवस्था सुधार के लिये बिजली चोरी रोकने में सहयोग करें। बिजली बचत करें तथा दुरूपयोग से बचें। साथ ही समय में अपना विद्युत बिल जमा करें। खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद उ0प्र0 पावर कारपोरेशन, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम, ट्रांसमिशन कारपोरेशन, उ0प्र0 जल विद्युत निगम तथा प्रदेश के अन्य सभी वितरण निगमों के कार्मिकों को 4 प्रतिशत डी0ए0 स्वीकृत कर दिया गया है। यह जानकारी उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज ने दी है।



समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन कैसरबाग पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाल द्वारा कार्यकारिणी गठन के बाद हुई पहली बैठक के दौरान समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप

## खबरें एक नजर में

### संजीव जीवा हत्याकांड के आरोपी विजय यादव उर्फआनंद को रिमांड पर लेगी पुलिस

लखनऊ । जेल में बंद गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा के कोर्ट मर्डर के आरोपी विजय यादव को रिमांड पर लेने के लिए लखनऊ पुलिस सोमवार को अर्जी देगी। जेल अधिकारियों ने कहा कि विजय की हालत में सुधार है और जल्द ही उसे जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उधर, लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे सोमवार को अदालत से विजय के पुलिस रिमांड के लिए आवेदन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारे पास बहुत सारे सवाल हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि उसे पिस्तौल कहां से मिली, किसने उसे संजीव माहेश्वरी और कई अन्य लोगों को मारने के लिए कहा। हत्या की जांच कर रही पुलिस को ऐसे सुराग मिले हैं जो बताते हैं कि विजय मई के आखिरी हफ्ते में काठमांडू गया था, जहां उसकी मुलाकात एक आतिफ से हुई, जिसने संजीव माहेश्वरी जीवा को खत्म करने के लिए संभवत: उससे 20 लाख रुपये देने का वादा किया था। पुलिस ने कहा कि वह इसके लिए नेपाल और आईबी में अपने समकक्षों की मदद लेगी। एक अधिकारी ने कहा कि वह कितने समय तक नेपाल में रहा और बहराइच से सीमा पार करने के बाद वह किसके संपर्क में आया, इसकी जांच की जानी चाहिए। पुलिस ने जेल में बंद आतिफ नाम के सभी लोगों और नेपाल में सामने आए लोगों की विस्तृत तलाशी ली। लेकिन अभी तक पुलिस आरोपियों से मिलने वाले आतिफ का पता नहीं लगा पाई है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वे 15 दिन पहले के कोर्ट परिसर के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं, लेकिन आसपास दुबके आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

### चुनाव से पहले यूपी में बीजेपी को मिलेगा नया प्रभारी! जिलाध्यक्ष को भी बदलने की हो रही तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी अब अपनी रणनीति में बदलाव करने जा रही है। सूत्रों से मुताबिक, बीजेपी के महासंपर्क अभियान के बाद राज्य इकाई में कई अहम बदलाव किए जा सकते हैं और पार्टी राज्य में अपना प्रभारी भी बदल सकती है। चुनाव से पहले बीजेपी को प्रदेश में एक नया प्रभारी मिल सकता है। इसके साथ ही जिलाध्यक्षों को भी बदला जा सकता है। इसके लिए बीजेपी तैयारी कर रही है। बता दें कि, प्रदेश में 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले है। बीजेपी इस चुनाव की तैयारियां जोरों शोरों से कर रही है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की 80 की 80 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। भाजपा ने इसके लिए रणनीति बनाई है। भाजपा प्रदेश में अपना प्रभारी भी बदलने की सोच रही है। अभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह के पास यूपी प्रभारी की जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के पहले महाराष्ट्र, गुजरात या असम से किसी बड़े नेता को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष को भी बदलने की तैयारी कर रही है। पार्टी में सभी छह संगठनात्मक क्षेत्रों की नई टीम का गठन होने के आसार हैं। भाजपा का फोकस उन नेताओं पर है, जिसका अपने इलाके में काफी प्रभाव है। उधर, बीजेपी की राष्ट्रीय टीम में यूपी के नए चेहरे दिख सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में यूपी से 5 से 6 नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में जाति और क्षेत्रीय संतुलन का ख्याल रखा जाएगा। नई टीम में योगी सरकार के पहले कार्यकाल में डिप्टी सीएम रहे डॉ. दिनेश शर्मा, मंत्री रहे श्रीकांत शर्मा, सिद्धार्थ नाथ सिंह, महेंद्र सिंह, सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई का नाम रेस में है। इसके अलावा पिछड़े और दलित वर्ग के सांसदों को भी टीम की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### आईआईटी एम कैड एकडमी में निशुल्क कम्प्यूटर कोर्स 14 जून से प्रारम्भ

लखनऊ । ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिषन के तत्वाधान में चलाए जा रहे दूसरा नि:षुल्क कम्पयुटर कोर्स का आज दिनांक 12जून 2023 को लगभग 76 छात्र एवं छात्राओं को आईआईटी एम कैड एकेडमी, किषोर विहार कालोनी, एस.के.जी. मेडिकल स्टोर के पीछे कैम्पवेल रोड, लखनऊ में चैनीत किया गया जिसमें मदारिसे अरबिया और विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से सम्बन्ध रखने वाले छात्र एवंछात्राएं शामिल हुई इन सभी छात्र छात्राए को 14 जून 2023 से 9 शीफ्टों में एक-एक घटें के बैच में एक माह तक प्रात: 7 बजें से रात 8 बजें तक कम्पयुटर की षिक्षा दी जाएगी। ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिषन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैयद अयूब अषरफ ने कहा कि मिषन का उद्देष हमेषा यह रहा है कि समाज के सभी सम्प्रदाय एवं धर्म के बच्चों को षिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए सभी को प्रयास जारी रखना चाहिए। षिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती महगाई के कारण लोग अपने बच्चों को कम्पयूटर की षिक्षा नही दिला पा रहे है जबकि वर्तमान समय में कम्पयुटर की षिक्षा अति अवष्यक है इस उद्देष की पूर्ति के लिए मिषन ने नि:षुल्क कम्प्यूटर कोर्स आईआईटी एम कैड एकेडमी के माध्यम से शुरू किया है।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु ऑन लाइन पोर्टल का संचालन

लखनऊ ।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन के हितार्थ कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना को वेबपोर्टल पर ऑनलाईन संचालित किया गया है। योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जायेंगे। यदि किसी दिव्यांगजन व सहायक द्वारा ऑनलाईन आवेदन किये जाने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है तो ऐसी दशा में वह कार्यालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, पंचायत भवन परिसर, कैसरबाग, लखनऊ में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन ऑनलाइन करा सकता है।



चिनहट स्थित भरवारा झील, कठौता झील और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने निरीक्षण किया

## कौशल किशोर ने सरोजनीनगर जलभराव की समस्या के निराकरण पर किया मंथन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सरोजनी नगर तहसील ऑडिटोरियम में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व सरोजनीनगर से विधायक राजेश्वर सिंह ने लखनऊ नगर निगम के नगर आयुक्त, तहसील सरोजनी नगर के उप जिलाधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिकारी, इंजीनियर, नगर निगम के अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर बरसात के समय सरोजिनी नगर शहरी क्षेत्र में होने वाली पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए समीक्षा बैठक की जिसमें निर्णय लिया गया। जिले से 48 किलोमीटर तक नाले की सफाई सिंचाई विभाग करेगा शेष 8 किलोमीटर नाले की सफाई नगर निगम करेगा और पानी निकासी के लिए अभी बरसात के पहले पंपिंग सेट लगाए जाएंगे जो पानी को बाहर निकाल कर के नाले में डालेंगे। इसके अलावा रेलवे लाइन के नीचे का नाला गहरा कराया जाएगा व न्यू शहीद पथ के पुलिया के नीचे भी साफ कराया जाएगा। जिसके लिए मेरे व विधायक राजेश्वर द्वारा अभी तत्काल कार्य के लिए पांच लाख अपनी निधि से देने की घोषणा की। इसी क्रम में हुई बैठक में कौशल किशोर ने कहा कि इस बार पूरा प्रयास है सरोजिनी नगर क्षेत्र में बरसात का पानी निकल करके सही नदी में जाए, जलभराव रोकने के लिए आज की बैठक की गई है जिसमें आगामी 20 जून को पुन: निरीक्षण व समीक्षा बैठक की जाए जाएगी। इस बैठक में लोकप्रिय क्षेत्रीय सांसद एवं भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री कौशल किशोर , विधायक राजेश्वर सिंह , पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी , पार्षद कमलेश सिंह , पूर्व पार्षद राजन मिश्रा , पवन सिंह उपस्थित रहे।

## लखनऊ की एएमए हर्बल ने मिलान में आयोजित आईटीएमए 2023 सस्टेनेबल इनोवेशन पर प्रस्तुत किया पहला रिसर्च पेपर्स

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राजधानी स्थित एएमए हर्बल लेबोरेटरीज नेचुरल प्रोडक्ट्स बनाने वाली अग्रणी कंपनी मिलान में आयोजित 19वीं आईटीएमए में सस्टेनेबल इनोवेशन पर दो रिसर्च पेपर्स में पहला शोध पत्र प्रस्तुत करा। यह दुनिया की सबसे बड़ी टेक्सटाइल मशीनरी प्रदर्शनी है। इसका आयोजन 8 जून से 14 जून तक इटली के मिलान शहर में होगा।कंपनी का पहला शोध पत्र प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके ऊर्जा-कुशल रंगाई प्रक्रियाओं पर केंद्रित था। यह शोध पत्र एएमए हर्बल को प्रयोगशालाओं में होने वाली ऊर्जा खपत को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने वाली स्थायी विधियों में विशेषज्ञता हासिल है। 9 जून को एएमए हर्बल लेबोरेटरीज के को-फाउंडर और सीईओ श्री यावर अली शाह द्वारा यह शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।13 जून को कंपनी के वीपी, सस्टेनेबल बिजनेस ऑपरच्युनिटी श्री हमजा जैदी द्वारा प्रस्तुत दूसरा शोध पत्र, इंडिगोफेरा टिनक्टोरिया पौधे से प्राकृतिक इंडिगो के सस्टेनेबल एंड सर्कुलर प्रोडक्शन पर आधारित है। कंपनी कपड़ा उद्योग में अत्यधिक मांग वाले इस डाई के उत्पादन के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीकों को विकसित करने के अपने प्रयासों की प्रस्तुति करेगी। एएमए हर्बल के सह-संस्थापक और सीईओ श्री यावर अली शाह ने इस आयोजन में रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए जाने पर अपने विचार व्यक्त किए, हम आईटीएमए में भाग लेने और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। हमारे प्राकृतिक रंग और इसके सहायक उत्पाद पारंपरिक तरीके से प्रयोग किए जाने वाले सिंथेटिक रंगों के मुकाबले अधिक टिकाऊ विकल्प प्रदान करते हैं और हमें विश्वास है कि ये कपड़ा उद्योग को अपने सस्टेनेबिलिटी के लक्ष्यों को तेजी से हासिल करने में मदद कर सकते हैं।




## बीएससी मैथ्स के तीसरे सेमेस्टर के नतीजों में मिली गडबडी, केकेसी व क्रिश्चियन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने की शिकायत

लखनऊ। एलयू यानी लखनऊ विश्वविद्यालय में रिजल्ट से जुड़ी एक और खामी सामने आई हैं। बीएससी मैथ्स के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के रिजल्ट में कई तरह की गड़बड़ी सामने आई है। विषम सेमेस्टर दिसंबर 2022 की परीक्षाओं के तहत घोषित हुए नतीजों में परीक्षा देने वाले 50 से अधिक छात्रों को अनुपस्थित कर दिया गया। केकेंसी में तीसरे के करीब 30 और पांचवे सेमेस्टर के 20 छात्रों ने शिकायत की है। केकेसी में बीएससी मैथ्स के तीसरे सेमेस्टर के आठ और केमिस्ट्री के दो विद्यार्थियों ने आपत्ति जाहिर की। वहीं महिला महाविद्यालय और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर में यह संख्या छह व पांच है। विद्यार्थियों ने कॉलेज को पत्र लिखकर इस बारे में बताया तो प्राचार्यों ने अटेंडेस सीट से वेरिफाई किया। जिसमें विद्यार्थियों की बात सही निकली। इसके बाद कॉलेजों के प्राचार्यों की ओर से अटेंडेस प्रूफ लगाकर परीक्षा नियंत्रक को पत्र भेज दिया गया है। गौरतलब है कि परीक्षाफल में गड़बड़ी होने पर सात दिन तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेजों की ओर से अटेंडेस सीट भेजी गई है। जल्द ही सत्यापन करके समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा।

## सरकार खिलाड़ियों को हर वो सुविधा देगी वो आगे बढ़कर देश का नाम रौशन करें

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश के सफल आयोजन से उत्साहित सूबे के अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डॉ.नवनीत सहगल ने सोमवार को कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के इरादे से आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर की कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। डॉ. सहगल और प्रदेश के खेल निदेशक डा आरपी सिंह को यहां केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के सफल आयोजन के लिये खेल योद्धा के सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डा.सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार खिलाड़ियों को हर वो सुविधा देगी जिससे वो आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। उन्होंने बेहद कम समय में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शानदार मेजबानी के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये आयोजन कराना बड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन उत्तर प्रदेश ने इसे बखूबी पूरा किया। ये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव के मार्गदर्शन से संभव हो पाया है। इस आयोजन से उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान का ग्राफ और तेजी से बढ़ेगा। प्रदेश के खेल निदेशक डा. आरपी सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से यूपी में खेल का एक अलग माहौल पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बड़े आयोजन से यूपी का खेल स्तर काफी ऊंचा उठा है और इसका फायदा आने वाले दिनों में मिलेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ .आनन्देश्वर पांडेय ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 उत्तर प्रदेश का सफल व ऐतिहासिक आयोजन डॉ. नवनीत सहगल (अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण) और खेल निदेशक डा.आरपी सिंह व उनकी टीम की मेहनत का नतीजा था कि प्रदेश ने पहली बार इन खेलों का भव्य आयोजन किया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की सफलता से यूपी में खेलों को लेकर एक नया माहौल पैदा हुआ है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डा.नवनीत सहगल और उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा. आरपी सिंह लगातार खिलाड़ियों की बात सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में यूपी में कई और बड़े आयोजन होंगे।

## युवाओं के सम्पूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण है जीवन कौशल शिक्षा

### जीवन कौशल शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समझ को प्रभावित करती है, सोहिनी भट्टाचार्य, सीईओ ब्रेकथ्रू इंडिया

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जीवन कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्रेकथ्रू, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और क्रेस्ट एलायंस के साथ मिलकर वॉयस फ्रॉम द ग्राउंड ट्रैक के तहत काम कर रहा है। भारत जैसे देश में जहाँ अधिकांश आबादी युवा है, द लाइफस्किल्स कोलैबोरेटिव (एलएससी) युवाओं, माता-पिता और शिक्षकों के साथ जीवन कौशल पर उनकी समझ बनाने और जागरूकता लाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है। एलएससी इन सभी स्टेकहोल्डर्स की जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने का प्रयास कर रहा है। द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव (एलएससी) देश के 18 संगठनों का समहू है ,जो भारत में जीवन कौशल (लाइफस्किल्स) शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। यह समूह भारत के युवाओं के लिए जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि वे अपने जीवन को सकारात्मक रूप से विकसित कर सकें और अपने जीवन के लक्ष्य को सफलतपूर्वक प्राप्त कर सकें। इसी प्रयास के तहत आज लखनऊ में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 2021-22 में, लाइफस्किल्स कोलैबोरेटिव द्वारा भारत की 7 भाषाओं में 11 राज्यों के 25,000 से अधिक स्टेकहोल्डर्स पर किए गए सर्वे के रिजल्ट का साँझा किया गया और इसी सर्वेध्स्टडी के नतीजों पर गहन विचार विमर्श के लिए इस सेमिनार में विभन्न शिक्षविद, सामाजिक कार्यकर्त्ता के साथ साथ विभन्न सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सर्वे,स्टडी में किशोरों, युवाओं, माता-पिता और शिक्षकों से जानकारी एकत्रित की गई गई कि वे जीवन कौशल के बारे में क्या समझते हैं और जीवन में किन कौशलों को महत्वपूर्ण माना जाता है ?इस सर्वे के अध्ययन से एक महत्वपूर्ण जानकारी यह प्राप्त हुई कि युवा अपने जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने में जीवन कौशल के महत्व को समझते हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि स्कूली शिक्षा का जीवन पर काफी प्रभाव पड़ता है , इसलिए स्कूली शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ जीवन कौशल पाठ्यक्रम को लागू करने लिए प्रयासरत रहना चाहिए।इस अवसर पर ब्रेकथ्रू की सीईओ सोहिनी भट्टाचार्य ने कहा, ष्जीवन कौशल शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समझ को प्रभावित करती है।

गहरे समाजीकरण प्रक्रियाओं और भेदभावपूर्ण लिंग मानदंडों का अर्थ है कि लिंग-विशिष्ट दृष्टिकोण और अपेक्षित व्यवहार पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। इस तरह के दृष्टिकोण तय करते हैं कि विभिन्न लैंगिकता के लोग कैसे जीवन कौशल का अनुभव करते हैं या जीवन कौशल भी सिखाते हैं। यदि आप सावधान नहीं हैं, तो लिंग-विशिष्ट कारक किशोरों के लिए जीवन कौशल शिक्षा के पूर्ण कार्यान्वयन के विरुद्ध कार्य करना जारी रख सकते हैं। ब्रेकथ्रू इस विशिष्ट लेंस को सहयोगी के लिए लाता है। जीवन कौशल शिक्षा जानबूझकर किशोरों को विभिन्न लिंगों के बारे में प्रचलित विश्वासों, दृष्टिकोणों और अपेक्षाओं के बारे में गंभीर रूप से सोचने के लिए प्रेरित कर सकती है और अधिक लैंगिक समान राय और दृष्टिकोण विकसित कर सकती है जो विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने भी शिक्षा प्रणाली में जीवन कौशल के महत्व को मान्यता दी है। डॉ. देवलीना चटर्जी, सीनियर रिसर्च एसोसिएट,एएसईआर सेंटर, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने बताया कि , ष्मुझे एहसास हुआ है कि इनमें से प्रत्येक कौशल काम, घर और समुदाय में कई चुनौतियों से निपटने के लिए कितना महत्वपूर्ण है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने महसूस किया है कि इन कौशलों को सीखना एक जीवन भर की यात्रा है। आकाश सेठी, सीईओ, क्रेस्ट एलायंस ने बताया कि ष्यह अनुमान लगाया गया है कि आज स्कूल शुरू करने वाले 65: बच्चे ऐसी नौकरी करेंगे जो अभी मौजूद नहीं है। 21वीं सदी में, एक विविध, रचनात्मक और नेटवर्क वाली दुनिया में फलने-फूलने में सक्षम होने के लिए व्यक्तियों की आवश्यकताएं तेजी से बदल रही हैं। इसके लिए व्यक्तियों को एजेंसी का प्रयोग करने, परिवर्तन एजेंट बनने और समाज के उत्पादक नागरिकों के रूप में भाग लेने में सक्षम होने के लिए अनिश्चितताओं के माध्यम से नेविगेट करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव के लीड अर्जुन बहादुर ने कहा, हमारी दुनिया का तेजी से विकास, अप्रत्याशित भविष्य की नौकरियां, जलवायु परिवर्तन और बेरोजगारी जैसी चुनौतियाँ युवाओं के सामने आ रही हैं । इस परिवेश में लचीलापन, सहानुभूति और अनुकूलनशीलता जैसे जीवन कौशल उभर कर सामने आएंगे।卐इस अवसर पर लाइफ स्किल्स के महत्व को बताते हुए एक नाटक का भी मंचन किया गया।

# पुलिस कर्मियों पर डकैती का मुकदमा दर्ज कराने वाले अधिवक्ता की मौत

▸ मृतक के भाई ने रंजिश के तहत इस हादसे को अंजाम देने की जताई आशंका

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाल सुधीर सिंह समेत सात पुलिसकर्मियों के विरुद्ध डकैती व अन्य मामले में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराने वाले अधिवक्ता की सोमवार की सुबह गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर बाराबंकी के मसौली के बिंदौरा नहर पुल पर संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक वह अपनी बाइक से लखनऊ से गोंडा आ रहे थे तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी जिससे उनकी मौत हो गयी। परिजन जब तक मौके पर पहुंचते तब तक पुलिस आनन फानन में शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज चुकी थी। मृतक अधिवक्ता के परिजनों ने उक्त हादसे को साजिश करार देकर इस पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किए जाने की बात कही है।

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के कैथौली गांव के रहने वाले अधिवक्ता जयप्रकाश उम्र करीब 30 वर्ष लखनऊ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। सोमवार की सुबह वह किसी काम से अपनी बाइक से लखनऊ से अपने गांव आ रहे थे। वह बाराबंकी जिले के मसौली थाना क्षेत्र के बिंदौरा नहर पुल पर पहुंचे ही थे कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। वाहन की ठोकर से



मृतक की फाइल फोटो

जयप्रकाश बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे और वाहन उनके सिर को कुचलते हुए निकल गया। इस हादसे में जयप्रकाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे की सूचना पर पहुंची मसौली थाने की पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो पुलिस आनन फानन में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। वहीं मृतक के भाई पहलवान यादव ने रंजिश के तहत इस हादसे को अंजाम देने की आशंका जताई है।

### यह है पूरा मामला

कोतवाली कर्नलगंज के अंतर्गत कैथौली गांव के निवासी अधिवक्ता जयप्रकाश ने मानवाधिकार आयोग के आदेश पर बीते 26 मई 2023 को कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह,उपनिरीक्षक अंकित सिंह,भंभुआ चौकी प्रभारी उमेश कुमार सिंह,उपनिरीक्षक वेदप्रकाश शुक्ला,दीवान शिवप्रकाश पाठक व सिपाही संदीप सिंह के विरुद्ध डकैती सहित अन्य गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज कराया था। अधिवक्ता जयप्रकाश का आरोप था कि मकान निर्माण कराने के बदले पुलिस ने उनसे 50 हजार रुपये के रिश्वत की मांग की थी। रुपये न मिलने पर एक नवंबर को कर्नलगंज कोतवाल सुधीर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ शाम करीब साढ़े सात बजे उसके घर आए और रुपये न देने पर उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए घर में रखा 1.70 लाख रुपया नकद व जेवर लूट लिया। विरोध करने पर मारपीट की गयी। महिलाओं तक को नहीं बख्शा गया।? लूटपाट के आरोप से बचने के लिए उल्टे जयप्रकाश और उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस टीम पर हमला करने जैसे संगीन आरोप में मुकदमा लिखकर उन्हे जेल भेज दिया गया। इसी मामले में मानवाधिकार आयोग के आदेश पर कटरा बाजार थाने में कोतवाल सुधीर सिंह समेत सभी सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। हालांकि पुलिस ने पांच दिन के भीतर ही मुकदमें को स्पंज कर आरोपित पुलिसकर्मियों को क्लीन चिट दे दी थी।

### मृतक के परिजनों के गले नहीं उतर रही सड़क हादसे की कहानी

कोतवाल समेत सात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध डकैती की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले अधिवक्ता जय प्रकाश के सड़क हादसे में मौत की कहानी परिजनों के गले नहीं उतर रही है। आरोप है कि जानबूझकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है और मामले को दबाने के लिए इसे हादसा बताया जा रहा है। मृतक अधिवक्ता जयप्रकाश के भाई पहलवान ने बताया कि मृतक जयप्रकाश ने कर्नलगंज कोतवाल सुधीर सिंह समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ बीते 26 मई को ही डकैती का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस उनके भाई से रंजिश रख रही थी। ऐसे में आशंका है कि कहीं रंजिश के तहत तो इस हादसे को अंजाम नहीं दिया गया है। पहलवान का कहना है कि पुलिस जिस तरह से हादसे की कहानी बता रही है वह गले से नीचे नहीं उतर रही है। उन्होने इस पूरे मामले की उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

# देर शाम नवागत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संभाला गोंडा का कार्यभार





गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

नवागत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट में पहूंचकर कार्यभार ग्रहण किया। गोंडा की नई जिलाधिकारी बनीं नेहा शर्मा वही आईएएस तेजतर्रार उत्तम छवि की 2010 बैच की आईएएस नेहा शर्मा को निदेशक नगरीय निकाय से स्थानांतरण करते हुए, शासन ने गोंडा के जिलाधिकारी के पद पर भेजा है.वही डॉ. उज्ज्वल कुमार अपने कार्यशैली से जनपद में आए दिन बने रहे. राजस्व कर्मचारियों से लेकर स्थानीय कर्मचारियों पर संभवत जिला अधिकारी की कोई हनक काम नहीं करती थी. जिससे जनपद में राजस्व विभाग आए दिन कभी गलत रिपोर्टिंग तो कभी रिश्वत लेते हुए वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में बना रहता था और कार्रवाई नहीं होती थी. जनपद गोंडा के तहसील तरबगंज ,कर्नलगंज, मनकापुर में जिम्मेदारों की ढुलमुल नीति के कारण जिला अधिकारी डॉ.उज्ज्वल कुमार के कार्यकाल में आए दिन खूब प्रदर्शन भी हुए. वही कुछ मामले में खुलकर भी सामने आए उसके बावजूद भी तहसील स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई ना होना काफी चर्चा का विषय बना रहा. और आगे बात करें तो गौशालाओं सहित नवनिर्मित सैनिकों की जिलाधिकारी के स्वयं निरीक्षण के बावजूद भी भ्रष्टाचार बना रहा जिससे प्रश्न उठता रहा. वहीं जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार के कार्यकाल में ही हाई कोर्ट के निर्देश पर एनजीटी ने नगर पालिका परिषद गोंडा के विरुद्ध प्रदूषण व कचरा निस्तारण को लेकर लाखों रुपए का जुर्माना भी किया. उसके बावजूद भी कचरा निस्तारण का प्रबंध अभी भी अधर में पड़ा हुआ है. इन सब चुनौतियों के चलते देखना है कि नवागत जिलाधिकारी आईएस नेहा शर्मा जनता की उम्मीद पर कितना खरा उतरती है. यह तो वक्त ही बताएगा।

# बाल श्रम मिटाने के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ कॉपी, पुस्तक बैग भी

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

गोण्डा विकासखंड वजीरगंज में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेन, सामान्य ज्ञान पुस्तक, कलर, बैग, फाइल, कटर, रबर, कक्षा 9,11,10,12 की बुक सेट आदि देकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए श्री चतुरी राम आनन्द निःशुल्क पुस्तकालय कार्यालय अशोकपुर टिकिया में सम्मानित किया गया।



सुनील कुमार आनन्द ने बताया की शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है इसके लिए हमने जरूरतमंद दो बच्चों को बुक सेट देकर विद्यादान महादान अभियान की शुरुआत की थी समाज में लोगों ने इस पहल को सराहा और जुड़कर बच्चों के लिए आज पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से लोग जुड़े हैं दानवीरों की सूची गोण्डा से श्रीमती कुमकुम श्रीवास्तव बलजीत सिंह कनौजिया शिक्षक, शिव कुमार मौर्य किसान वैज्ञानिक, संजय कुमार मीडिया प्रभारी, शिव कुमार सदस्य शान्ती फाउंडेशन, शिव प्रसाद आनन्द संस्थापक, गया प्रसाद आनन्द सचिव, श्रीमती पिंकी देवी अध्यक्ष शान्ती फाउंडेशन, रमेश आनन्द, श्रीमती वन्दना पटेल प्र अ महेशपुर नवाबगंज गोण्डा, एस बी सागर प्रजापति निदेशक स्वदेश संस्थान, राजन लाल शिक्षक कानपुर नगर, प्राची यादव स. अ.गिलौली पंडीकूपाल, गोण्डा, डॉ. कविता परिहार नागपुर महाराष्ट्र, गयाराम ध्रुव, शिक्षक उत्तर बस्तर कांकेर-छत्तीसगढ़ सहित कई समाजसेवी जुड़े हैं जिन्हें दानवीर सम्मान से सम्मानित किया गया।

# एक रन से जीता डीसीए जूनियर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित गोण्डा अंडर 16 क्रिकेट लीग के तीसरे दिन डीसीए जूनियर और बीसीए के बीच खेला गया। बीसीए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए डीसीए जूनियर ने 32 ओवर में 197 पर आल आउट हो गई। डीसीए जूनियर की ओर से आकाश कुमार ने 57, शाहिद 44 तथा ध्रुव गुप्ता ने 16 रनों का योगदान दिया। बीसीए की तरफ से शिवकुमार ने एक तरफ मोर्चा संभाल रखा था, लेकिन दूसरी तरफ विकेट गिरते रहे। शिवकुमार 49, विकेटकीपर प्रकाश 31 व शफीकुर्रहमान ने 25 रनों का योगदान दिया। अंत में मैच इतना ज्यादा रोमांचित तब हो गया, जब 9 विकेट गिर गए, लेकिन बीसीए को जीत के लिए सिर्फ 5 रन चाहिए थे। 27वां ओवर अंकित लेकर आए। इस ओवर में पांच गेंदों में 3 रन आ



चुके थे। जीत के लिए सिर्फ 2 रन चाहिए थे। स्ट्राइक पर पवन कुमार मौर्या थे। ओवर की आखिरी गेंद पर कट शॉट मारने की कोशिश में अंकित की यॉर्कर गेंद पर बोल्ड हो गए और डीसीए जूनियर 1 रन से मैच जीत गई। डीसीए जूनियर की ओर से ध्रुव गुप्ता ने 4 विकेट लिए। मैन आफ द मैच का पुरस्कार ध्रुव गुप्ता को वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी संजय पांडेय ने दिया। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष फिरोज अहमद, उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला खिलाड़ी अंशु तिवारी, अख्तर अंसारी, विनय तिवारी, अनुराग शुक्ला, राकेश कालानी मौजूद रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका विशेष शुक्ला व आजाद पाण्डेय ने तथा स्कोरिंग की भूमिका आकाश यादव ने निभाई।

## खबरें एक नजर में

### जंगल में पेड़ से लटकता मिला बुजुर्ग का शव, हड़कंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के गायघाट मक्कापुरवा गांव निवासी वृद्ध रविवार को लकड़ी बीनने जंगल में गया था। उसका शव सोमवार को जंगल में पेड़ से लटकता मिला। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा मक्कापुरवा निवासी रामपाल (70) पुत्र छंगा रविवार को जंगल लकड़ी बीनने के लिए गया था। देर रात तक वृद्ध अपने घर नहीं आया इस पर परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की। साथ ही घटना की जानकारी मोतीपुर पुलिस को दी। सोमवार को दोपहर में वृद्ध का शव कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के जंगल में पेड़ से लटकता देखा गया। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने मृतक के परिवार को दी। साथ ही घटना से मोतीपुर पुलिस को अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ जंगल में पहुंचे उन्होंने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया वृद्ध द्वारा आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिवार के लोग भी किसी से रंजिश की बात नहीं कह रहे है।

### तीन महीने बाद भी पुलिस नाबालिग बालिका का नहीं लगा सकी सुराग

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव से नाबालिग बालिका को भगाकर ले जाने वाले लोगों पर पुलिस मेहरबान बनी हुई है। तीन महीने बाद भी पुलिस नाबालिग बालिका का ना तो पता लगा सकी है और ना ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना थाना परसपुर अन्तर्गत एक गांव से जुड़ी है। यहाँ के निवासी व्यक्ति के साथ किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र दिया है। जिसमें जिसमें कहा गया है कि बीते 10 मार्च को ग्राम देवरी निवासी कुछ लोग उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चले गए। उसने थाने में तहरीर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया मगर अभी तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है और न ही बालिका को बरामद किया जा सका है। आरोप है कि पुलिस उसके प्रकरण में कोई रुचि नहीं ले रही है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला का कहना है कि पुलिस प्रयास कर रही है। फिर भी बालिका की शीघ्र बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया है।

### महिला अस्पताल के आसपास तीमारदारों के गाड़ी खड़ी कर देने पर हो रही बदसलूकी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद मुख्यालय स्थित महिला अस्पताल के आसपास फार्मेसी वालों के सामने दुकानदार पब्लिक प्रॉपर्टी को अपनी जागीर समझते हैं और दुकान के आसपास गाड़ी खड़ी करने पर मरीजों से बदतमीजी कर रहे हैं। मामला जिला महिला अस्पताल गोण्डा के आसपास का है,जहाँ फार्मेसी वालों के सामने अगर गलती से कोई तीमारदार गाड़ी खड़ी कर दे तो उनको मिर्ची लग जाती है और वह गाड़ी हटाने को बोलते हैं अगर कोई गाड़ी ना हटाए तो उससे बदतमीजी भी करते हैं। महिला अस्पताल के बगल पाठक फार्मेसी है जहां मरीज रमन डायग्नोसिस सेंटर पर अपना चेकअप करवाने जाते हैं और गाड़ी कहीं गलती से फार्मेसी के सामने खड़ी कर दी यह फार्मेसी वाले उनसे बदसलूकी भी करते हैं। इस संबंध में जब ईओ से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा था। मामला यहीं नहीं रुकता गोंडा में आए दिन ऐसे प्रकरण देखने को मिलते हैं लेकिन प्रशासन को इससे रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। ऐसा लगता है कि जैसे दुकान के सामने पैदल चलने वाले रास्ते को दुकानदारों के नाम रजिस्ट्री हो गई है इसीलिए दुकानदार आम पब्लिक से बर्बरता करते हैं। हैरत की बात यह भी है प्रशासन सब कुछ जानते हुए उसको संज्ञान में भी नहीं ले रहा है और कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

# शादी की खुशियां मातम में बदली, एक की हुई मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के राजापुरवा गांव में सोमवार को भोजन बनाते समय रसोई गैस की लपट से घर मे आग लग गई। जिससे एक व्यक्ति की झुलस गया उसे आनन फानन मे सीएचसी ले जाया गया जहा उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर राजस्व कर्मियों ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है। जिले के थाना बिशेश्वरगज अंतर्गत पुरैना के मजरा राजापुरवा में छांगुर रैदास के यहां विवाह की खुशियां दुःख में उस समय बदल गई। जब भोजन बनाते समय रसोई गैस की लपट से घर मे आग लग गई ।आनन फानन में किसी तरह रिफिल





को बाहर फेंक दिया गया जिससे ब्लास्ट नही हुआ। वही छांगुर का साला रामदेव निवासी ग्राम भरथा थाना कटरा जिला गोंडा इस सदमे को नहीं बर्दास्त कर पाया और वही पर गिर गया जिससे आग में बुरी तरह झुलस गया।जिसे आनन फानन मे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।जहा दौरान इलाज मौत हो गई। आग लगने से गृहस्थी का हजारों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।वही राजस्व कर्मियों ने भी मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया।

▸ रसोई गैस पर भोजन बनाते समय घर में लगी आग

### आग से राख हुए चार फूस के मकान, लाखों का नुकसान

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम छीटनपुरवा में सोमवार को लोग अपना काम निपटा रहे थे। दोपहर 12 बजे अज्ञात कारणों से गांव निवासी शिव देवी के फूस के मकान में आग लग गई। शोर सुनकर लोग दौड़े। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटों ने पड़ोसी लवकुश, भगौती, राकेश के मकान जलकर राख हो गए।घर में रखी नगदी, कपड़ा, बर्तन समेत अन्य सामान समेत गृहस्थी स्वाहा हो गई। आग लगने की सूचना पर ग्राम प्रधान और पूर्व प्रधान करुणा शंकर सूचना तहसील को दी।नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, कानूनगो अशोक श्रीवास्तव, राजस्व टीम के साथ पहुंचे और क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दिया। एसडीएम राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि जल्द ही पीड़ितों को राहत सहायता राशि दी जाएगी।



### बंदियों के स्वास्थ्य एवं मानसिक उन्नयन के लिए योग का आयोजन, 12 दिवसीय चलेगा योग प्रशिक्षण का शिविर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान द्वारा जिला कारागार में बंद बंदियों के लिए 12 दिवसीय योग प्रशिक्षण आयोजन किया। जो 21 जून विश्व योग दिवस तक चलेगा। अधीक्षक राजेश यादव एवं आनंद कुमार शुक्ला के नेतृत्व में प्रेरणा स्वरूप दिवस में योग प्रशिक्षक दीप नरायण पाल एवं प्रशिक्षिका प्रतिष्ठा सिंह द्वारा कारागार में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य एवं मानसिक उन्नयन के लिए योग का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। इस अवसर पर कारागार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कारागार में योग शिविर आयोजन में संस्थान के प्रबंधक जगदीश केशरी, अध्यक्ष जसवीर सिंह व कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

# इंडो-नेपाल सीमा पर 3 करोड़ की चरस बरामद

▸ एक तस्कर गिरफ्तार
▸ पुलिस और एसएसबी ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत-नेपाल सीमा पर बहराइच पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने 7 किलो 300 ग्राम चरस बरामद की है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। आरोपी के पास से बरामद चरस की कीमत 3 करोड़ आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर रूपईडीहा थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह की अगुवाई में टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल विजय शंकर सिंह, अंकुर यादव, सत्यव्रत चौरसिया, एसएसबी के एएसआई जयंत कुमार, एचसी मोनूज गोगोई, जगदीश सिंह, विजय गोस्वामी की टीम भारत-नेपाल सीमा पर 652/15 के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक नेपाल की ओर जाता दिखा।



### बैग में मिला चरस

पुलिस ने उसको रोक कर तलाशी ली तो बैग से 7 किलो 300 ग्राम चरस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद चरस को सीज कर दिया है। जबकि तस्कर रक्षाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तीन करोड़ है।

# सहायक चकबन्दी अधिकारी कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ कार्यालयों में अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए : डीएम



सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने, कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रख-रखाव का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के साथ कपूरथला परिसर स्थित सहायक चकबन्दी अधिकारी क्षेत्र द्वितीय सदर बहराइच के कार्यालय का निरीक्षण किया।

उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि यहां पर 07 कर्मचारी कार्यरत है। निरीक्षण के समय 02 कार्मिक लिपिक संजय कुमार श्रीवास्तव व चतुर्थ श्रेणी गजेन्द्र प्रसाद कार्यालय का कार्य करते हुए पाये गये। कार्यालय के 02 कर्मी ग्राम अमराई में पैमाईश के लिए गये हुए थे। जबकि 01 कर्मचारी एसडीएम सदर के आदेश से बीआरसी मटेरा पर कार्यरत सम्बद्ध है तथा 02 कर्मचारी तहसील कैसरगंज के आदेश से तहसील कैसरगंज में कृषि गणना फीडिंग का कार्य कर रहे हैं। डीएम ने सहायक चकबन्दी अधिकारी क्षेत्र ई सदर राजेश कुमार सोनी को निर्देश दिया कि कार्यालय में अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाय। कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा मांग की गई भूमि के सापेक्ष भूमि की उपलब्धता का जायज़ा लेने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों के साथ आवश्यक विचार विमर्श किया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह व जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य मौजूद रहे।

# बाल श्रम का मुख्य कारण है गरीबी : रिजवान खान

▸ विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर प्रथम संस्था द्वारा निकाला गया जागरूकता रथ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद के शहर में प्रथम संस्था द्वारा बाल श्रम विरोध में जन जागरूकता के लिए रथ निकालकर अनाउंस के माध्यम से लोगों से बाल श्रम न कराने की अपील की गई व हस्ताक्षर अभियान कराया गया।जागरूकता रथ का उद्घाटन श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी है मैं श्रम विभाग के माध्यम से लेबर







रजिस्ट्रेशन जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके व बाल श्रम पर अंकुश लग सके प्रथम संस्था के कार्यों की सराहना किया। और कहा कि संस्था श्रम विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। हस्ताक्षर अभियान रेलवे स्टेशन व बस डिपो पर किया गया जिसमे आरपीएफ व जीआरपी सम्मिलित रहे व रेलवे परिसर मे घूम कर यात्रियों को बच्चों के प्रति जागरूक किया। विदित हो कि बच्चों के बचपन को बचाने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा हर बच्चा स्कूल में व पढ़ा लिखा तथा हर बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के तहत तथा जनपद में 2007 से निरंतर प्रयासरत है। संस्था जनपद में 5 ब्लॉक, रेलवे स्टेशन बस स्टेशन पर जन जागरूकता कार्यक्रम का संचालन कर रही है तथा संस्था जनपद में चाइल्डलाइन नोडल की भूमिका में है। संस्था द्वारा जागरूकता रथ शहर में श्रम विभाग से रवाना होकर जिला अस्पताल चौराहा, पानी टंकी, केडीसी, आरटीओ ऑफिस रोड, झिगहा, दरगाह, तिकोनी बाग़ चौकी, आसाम चौराहा, दौनक्का रोड आदि शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए लगातार अनाउंस के माध्यम से जन जागरूकता करते हुए लोगों से बाल मजदूरी न कराने की अपील की गई।हस्ताक्षर अभियान व जागरूकता रथ के अभियान मे जिला बाल संरक्षण इकाई, जीआरपी, आरपीएफ, डीसीपीयू स्टॉफ, पुलिस चौकी स्टॉफ रोडवेज से इकबाल, व प्रथम के सदस्य उपस्थिति रहे।

# आखिरी चौथियात पर उमड़ा जायरीनों का सैलाब

▸ एक माह से चल रहे जेठ मेले का औपचारिक हुआ समापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर एक माह तक चलने वाले जेठ मेले के आखिरी रविवार को अंतिम चौथियात की रस्म अदायगी हुई। रविवार को यह सिलसिला शाम से शुरू होकर पूरी रात तक चला। आखिरी चौथियात में सहभागिता को जत्थों का देश के कोने कोने से आने का सिलसिला जारी रहा। पुलिस महकमे ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। इसी के साथ सोमवार शाम को एक माह से चल रहे जेठ मेले का औपचारिक समापन हो गया। जेठ मेले में पहले रविवार को बाले मियां की बिन दूल्हे की रस्म अदायगी के साथ ही मेले की शुरुआत हुई थी। आखिरी रविवार को अंतिम चौथियात की रस्म अदायगी की परंपरा निभाई गई। इसमें जायरीनों के जत्थों की ओर से निशाने ए परचम, चादर, दहेज में दिए जाने वाले सामान ,मिष्ठान, फल आदि की डालिया लेकर नाचते गाते जत्थों में लोग दरगाह पहुंचे। मेले में जायरीनों के आने का सिलसिला भोर से शुरू हो गया। एक माह तक चलने वाले इस मेले के पांचों रविवार को खास मेला होता आया है। रविवार की सुबह फजिर की नमाज के बाद मौलाना अरशुदुल कादरी ने मुल्क में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं कराई।खसियारी मस्जिद के मौलाना मोइनुद्दीन कादरी ने कुरान खुवानी कराई। इसके बाद दरगाह गेट खुलने पर सदर सैयद शमशाद अहमद, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुल हक, गिरदावर हाजी, अजमत उल्ला ने जायरीनों का इस्तकबाल किया। देश व प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जायरीनों ने मजार शरीफ पर फल फूल चादर आदि पेश कर अपनी मन्नत व मुराद मांगी। विशेष दुआ के दौरान मकसूद रायनी, बच्चे भारती, दिलशाद अहमद, इलियास अहमद शब्बू ,तनवीर अहमद, आरिफ आदि मौजूद रहे।

# लालगंज में लाइलाज हो गई जाम की समस्या

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जाम के झाम से लालगंज को निजात मिलती नहीं दिख रहा है। लगातार फुटपाथ से लेकर सड़कों के ऊपर तक किए गए अवैध अतिक्रमण तथा सड़क पर बेतरतीब खड़े होने वाले दोपहिया व चौपहिया वाहनों के चलते प्रतिदिन मुख्य मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक के निकट जाम की स्थिति बनी रहती है।

नई बाजार मोहल्ले में इलाहाबाद बैंक, एसबीआई व एचडीएफसी बैंक समेत उनके नजदीक कई विद्यालय स्थित हैं। बैंकों के सामने फल, चाट, जूस व सब्जी विक्रताओं समेत अन्य छोटेदुकानदार ठेलिया अथवा सड़क किनारे बोरियां बिछाकर सुबह से ही दुकाने सजा लेते हैं। बैंक व बाजार आने वाले उपभोक्ता अपने दो पहिया व चैपहिया वाहन सड़क किनारे से लेकर सड़क के ऊपर तक खड़े कर गायब हो जाते हैं। परिवहन निगम की बसों का भले ही नगर के अंदर से गुजरना सालों से बंद हो लेकिन स्कूली बसे बेधड़क किसी भी समय नगर के अंदर से फर्राटा भरती हैं।इन्ही कारणों के चलते उक्त स्थान पर दिन भर जाम की भीषण समस्या उत्पन्न हुआ करती है। बैंक सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही जाम खुलवाने के लिए जद्दोहद करते दिखते हैं लेकिन प्रतिदिन जाम का कारण बनने वाले अवैध अतिक्रमणकारियों व सड़क के ऊपर चैपहिया वाहन खड़ा कर घंटो गायब रहने वालों पर नगर पंचायत प्रशासन अथवा पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद हैं।



- ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, जाम के झाम से नहीं मिल रही निजात
- जाम से जूझ रहे मरीज, घंटो जाम में फंसे रहने को मजबूर हैं राहगीर और एम्बुलेंस

### घंटो जाम में फंस रहती है एंबुलेंस खतरे में मरीजों की जान

शहर में जाम की समस्या गहराती जा रही है। सुबह से शाम तक लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहते हैं। अधिकतर मेन रोड से मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस जाम मे फंसी नजर आती है। एंबुलेंस का चालक काफी देर तक सायरन बजाता रहता है लेकिन एंबुलेंस को जाने का रास्ता नहीं मिलता। काफी मशक्कत के बाद वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े। पीछे से एंबुलेंस भी रेंग-रेंगकर चली और फिर अस्पताल पहुंची। जाम में एंबुलेंस करीब 20 से 25 मिनट तक फंसी रही। एंबुलेंस में मरीज भी परेशान होता रहा। आए दिन ऐसी तस्वीरें सामने आती रहती हैं।

### महज पांच माह में ध्वस्त हुआ लालगंज ओवरब्रिज



जिस बाईपास मार्ग को लोकार्पण स्वयं प्रधानमंत्री ने किया और महज पांच माह में ही वह मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बंद कर दिया गया हो लगभग वह तीन साल बाद भी बंद पड़ा है। उसकी रिपेयरिंग तक न किए जाने व मार्ग न खोले जाने से लोगों में नाराजगी है। बाईपास रोड़ बंद रखे जाने से भारी वाहनों को कस्बे के अंदर से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। उल्लेखनीय है कि लालगंज में भारी वाहनों के चलते लगने वाले लम्बे जाम से निजात को लेकर ही बाईपास रोड़ बनवाया गया था। जो कि लालगंज-फतेहपुर मार्ग को लालगंज-रायबरेली मार्ग से जोड़ता है। लेकिन निर्माण के महज पांच माह में ही मार्ग तो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ ही चक पंचम गांव के निकट बने रेल ओवरब्रिज के पिलर में भी दरार आ गयी थी जिससे मार्ग को बंद कर दिया गया था। जो अभी तक चालू नहीं हो सका है।

# गंगा नदी में डूबे युवकों के शव बरामद

- महिला के दाह संस्कार में शामिल होने के दौरान हुआ था हादसा
- स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर ढूंढ निकाले डूबे युवकों के शव

सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

रविवार को गंगा नदी में डूबे दोनों युवकों के शवों को गोताखोरों की कड़ी मशक्कत से बरामद कर लिए गए हैं !रविवार शाम को ही अंकुश पुत्र राम मनोहर का शव बरामद हुआ था,वहीं सोमवार की सुबह दूसरे युवक रमाकांत पुत्र छोटेलाल का भी शव बरामद कर लिया गया है!पूरा मामला सरेनी स्थित गेगासो गंगा घाट का है,जहां रविवार को खीरों थाना क्षेत्र के मथुरा खेड़ा गांव के रहने वाले दोनों युवक गेगासो घाट में महिला के दाह संस्कार में शामिल होने आए थे।

दाह संस्कार के बाद गंगा स्नान करने के लिए गंगा नदी में उतरे थे और उस दौरान गहरे पानी में जाने की वजह से दोनों युवक डूब गए,जिसमें से एक युवक का शव रविवार की ही शाम को बरामद कर लिया गया था !वहीं दूसरे युवक के शव को भी सोमवार की सुबह पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बरामद कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना से आहत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## चेयरमैन प्रतिनिधि एवं सभासदों ने किया सड़क का उद्घाटन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** हमारा उद्देश्य नगर का चौमुखी विकास जनता ने जिस तरह चौथी बार भरोसा किया है भरोसा कायम रखा जाएगा और नगर के विकास को पहली प्राथमिकता दी जाएगी या उद्गार चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू घेरा मे सड़क उद्घाटन पर व्यक्त कर रहे थे। नगर पंचायत चुनाव के बाद पहले मार्ग का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं सभासदों ने किया । चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया सड़क निर्माण कार्य सुनील के घर से लेकर घेरा पंप नहरिया तक होना है लोगों को आने जाने की परेशानी को देखते हुए इस सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। चुनाव के बाद की इस कार्यकाल की पहली सड़क है। श्री साहू ने कहा आगे भी नगर का विकास इसी तरह होता रहेगा। इस मौके पर श्रीकांत त्रिपाठी दशरथ विनोद सिंह सुरेंद्र सिंह गंगा प्रसाद सहित सभासद कमलेश कुशमेश जमुना विधायक मुस्ताक राइनी विनीत वैश्य धर्मेंद्र वर्मा रामकुमार यादव नूर उल हसन शिवकुमार अमित त्रिपाठी हलीम मौजूद रहे।

## 15 जून को रोजगार मेले का होगा आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) परिसर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 15 जून 2023 को किया जा रहा है।

रोजगार मेला में स्टार हेल्थ एण्ड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, डॉन बॉस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल एनफील्ड), ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, पीपल ट्री ऑनलाइन, जी0फोर0एस0 सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा सेल्स एण्ड मार्केटिंग, सेल्स एग्जीक्यूटिव, पिकर पैकर, ऑपरेटर, ए0टी0एम0 कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर्स, एरिया ऑफिसर्स,



सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कंपनियां लगभग 346 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल sewayojan.up.nic.in (रोजगार मेला आई0डी0 7720) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कंपनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

## अमरेश सिंह मौत मामला: अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

**ताश खेल रहे युवकों को पुलिस ने दौड़ाया, भय से लोन नदी में कूदे एक युवक की हुई मौत**

कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव निवासी अमरेश सिंह पुत्र रज्जू सिंह की लोन नदी में डूब कर मौत होने के मामले में मृतक के परिवारी जन सुरेश प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय राम प्रताप सिंह की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने अपने ही थाने के अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि रविवार सायं बेहटा निवासी अमरेश सिंह की लोन नदी में डूबने से मौत हो गई थी।

मामले में जुआ खेलने की सूचना पर लालगंज पुलिस के कुछ दरोगा सिपाही मौके पर पहुंचे थे जिन से डरकर अमरेस सिंह पेड़ पर चढ़ गया था ।पुलिसकर्मियों ने अमरेस सिंह को पेड़ से उतरने को धमकाया जिससे डरकर वह लोन नदी में कूद गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

मामले में परिजनों और गांव वाले कई घंटे तक हंगामा काटते रहे। जब एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और कहा कि जो भी मुकदमा लिखाना हो ,तहरीर दे दो लिख जाएगा। तब जाकर गांव वाले माने और मृतक के परिवारी जन सुरेश प्रताप सिंह ने लिखित शिकायत करते हुए कहा कि उनके खानदानी अमरेश सिंह खेती के सिलसिले में चकवापुर मजदूर लेने गए थे ।वहीं पर अचानक लालगंज कोतवाली के कुछ दरोगा व सिपाही पहुंच गए और अमरेस सिंह व अन्य लोगों को ललकारते हुए धमकाया जिससे भयभीत होकर अमरेश पेड़ पर चढ़ गया ।फिर भी पुलिसकर्मी ललकारते रहे जिससे जान बचाने की गरज से अमरेश सिंह लोन नदी में कूद गया और उसकी मौत हो गई। सुरेश प्रताप सिंह का यह भी आरोप है कि गांव वालों ने अमरेश को बचाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने किसी को भी नदी में उतरने नहीं दिया जिससे अमरेस सिंह को बचाया नहीं जा सका सुरेश प्रताप सिंह का आरोप है कि यह पुलिस कर्मियों के द्वारा किया गया इरादतन गंभीर अपराध है। सुरेश प्रताप सिंह की तहरीर पर लालगंज कोतवाल ने अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

कोतवाल शिव शंकर सिंह मुकदमे के विवेचक भी हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। सबूत और साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। वही सोमवार दोपहर बाद गेगासो गंगा घाट पर मृतक अमरेश सिंह का सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### रहस्यमय परिस्थितियों में बालिका गायब, तीन दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के कूटी मोहल्ले वार्ड नंबर 4 से एक बालिका घर के बाहर से अचानक गायब हो गई परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद वह नहीं मिली। मामले की सूचना थाने पर दी गई है। कस्बे के कूटी मोहल्ला वार्ड नंबर 4 के रहने वाले ओमप्रकाश की पुत्री पल्लवी 15 वर्ष 9 जून शुक्रवार को घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। शाम करीब 4:00 बजे वह अचानक कहीं चली गई और फिर वापस नहीं आई। घर वालों ने आस-पड़ोस रिश्तेदारी में खोजा परंतु पल्लवी का कहीं पर पता नहीं चला । परिजनों ने पल्लवी के गायब होने की सूचना थाने ने पर भी है।

### फिल्मी अंदाज में विधायक के बहनोई से लाखो की चेन लूट ले गये बदमाश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बार फिर बदमाश फिल्मी अंदाज में एक विधायक के बहनोई से करीब ढाई लाख कीमत की चेन ले गए। 10 घंटे के भीतर तीन घटनाएं होने से क्षेत्र में रहने वाले लोग दहशत में हैं लेकिन पुलिस कार्यवाही के नाम पर महज सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बता दें कि गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला सुभाष नगर निवासी सुनील दीक्षित कानपुर नगर के किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी के बहनोई हैं। वह ट्रांसपोर्ट का कारोबार करते हैं। सोमवार भोरपहर करीब चार बजे वह मार्निंग वाक पर घर से निकले थे। जैसे ही वह फोरलेन स्थित बाला जी हॉस्टिपल के पास पहुंचे तभी दो बाइक सवार युवक उनके पास पहुंचे और उन्हें रोक लिया। जिसके बाद युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुये कहा कि इतनी चेन लूट की घटनाएं हो रही हैं और तुम इतनी मोटी चेन पहनकर घूम रहे हो। इस दौरान दोनों ने उनकी चेन उतरवाई और एक कागज में बांधकर उनके पायजामे में रखने लगे। इसी बीच एक और बाइक से दो युवक वहां पहुंचे जहां पुलिस ने उनकी भी तलाशी ली। जब तक सुनील दीक्षित कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार उनकी करीब ढाई लाख कीमत की चेन लेकर भाग निकले। भोरपहर चेन लेकर भागने की घटना होने से क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी उन्होंने गंगाघाट पुलिस से की। रविवार शाम से अब तक तीसरी घटना होने से कोतवाली पुलिस के होश उड़ गये। आनन-फानन कोतवाल राघवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिये हैं। रविवार शाम करीब सवा छह बजे रिटायर्ड बैंक मैनेजर बंशीलाल की पत्नी शिवकुमारी की बदमाशों ने 15 ग्राम की चेन तोड़ ली। जिसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे आनंद नगर निवासी उदय नारायण की पत्नी अर्चना की फोरलेन पर एक तोले की चेन तोड़कर भाग निकले। जिसके बाद सोमवार भोरपहर विधायक के बहनोई के साथ फोरलेन पर पुलिस बनकर चार युवक उनकी चेन लेकर भाग निकले।

### विधवा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेतों की रात में रखवाली कर रही विधवा महिला के साथ गांव के ही एक नशे में धुत युवक ने अश्लील हरकत करते हुए बुरी नियत से दबोच लिया। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि वह रविवार की रात अपने दो छोटे बेटो व एक छोटी पुत्री के साथ खेतों की रखवाली कर रही थी। रात लगभग 12 बजे के बाद नशे में धुत गांव का ही एक युवक झोपड़ी में घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए बुरी नियत से दबोच लिया। चीखने चिल्लाने पर बगल के खेतों में रह रहे परिवारीजनों की आहट पाकर युवक भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत होता है जांच की जा रही है।

## राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न




रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में कर करेत्तर, वसूली एवं राजस्व कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर लक्ष्यों की पूर्ति करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की गति में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग, कर आदि की वसूली में अपने अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्रत्येक दशा में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि शराब की दुकानों पर नियमित रूप से जांच आदि सहित अन्य कार्यवाही भी नियमानुसार की जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने एचसीएन विद्युत डलमऊ को कार्यो में लापरवाही करने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कई विभागों की स्थिति ठीक न होने पर उन्होंने राजस्व वसूली में वृद्धि लाये जाये के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग अपना प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये और नियमानुसार कर आदि का वसूली को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में नियमानुसार ईकाईयों से कर आदि की वसूली का कार्य किया जाए।

### घाटों पर व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने गेगासो घाट सहित अन्य घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी लालगंज को निर्देश दिये कि गेगासो घाट पर गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ गोताखोरों के नाम व मोबाइल नम्बर डिस्प्ले कराने आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर गहरे पानी में बैरिकेडिंग, गोताखोर एवं नाव की व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के साथ-साथ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने एवं यातायात की समुचित व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने कहा कि घाटों पर मोबाइल टॉयलेट, प्रकाश, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के साथ ही घाटों का भ्रमण भी करते रहें।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की जिला कायर्कारिणी का चुनाव विकास खण्ड.राही सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी, पं. सर्वेंद्र सिंह वैश्य एवं संचालन जितेन्द्र सिंह सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीष चन्द्र एवं सर्वेद्र सिंह चैहान सईद अहमद कैलाश नाथ पटेल सहायक विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे। नवनिवार्चित जिला कायर्कारिणी में विवेक सिंह अध्यक्ष हरचन्दपुर, प्रेमचन्द्र महामंत्री डलमऊ, सुरेश चन्द्रा वरिश्ठ उपाध्यक्ष बछरांवा, अराधना सिंह कनिश्ठ उपाध्यक्ष राही, सुधीर कोषाध्यक्ष राही, अतुल शुक्ला संगठन मंत्री सलोन, सुबोध मौर्य सम्प्रेक्षक रोहनियां, मोहित सिंह आडिटर शिवगढ़, मोहित सिंह स्वतन्त्र प्रभारी अमांवा बनाए गए

## आज से दो दिवसीय दौरे पर रहेगे केन्द्रीय प्रवास मंत्री

- भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे महासम्पर्क अभियान में लेगे हिस्सा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 9वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं रायबरेली लोकसभा-36 के केन्द्रीय प्रवासी मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर का रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में 13 जून व 14 जून को दो द्विवसीय प्रवास कार्यक्रम निर्धारित।

केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 9वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे



महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं रायबरेली लोकसभा-36 के केन्द्रीय प्रवासी मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर का रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में 13 जून व 14 जून को दो द्विवसीय प्रवास कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। आज रायबरेली लोकसभा-36 के प्रभारी व यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने रायबरेली पी0डब्लू0डी0 सर्किट हाउस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के दो द्विवसीय प्रवास के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को अन्तिम रूप देने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव पाल जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए बताई।

## शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई बैठक में नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर का कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने नगर पालिका अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेट कर अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में प्रमोद पाण्डेय ने प्रवक्ता महताब आलम को प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया, कार्यक्रम का संचालन संजीव शुक्ला ने किया एवं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार भदौरिया ने शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों को गमछा पहनाकर




सम्मानित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने शहर कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक एवं एक तरफा जीत से अन्य दलों के मठाधीश नेताओं में बेचैनी इतनी बढ़ गई है कि ऐसे लोगों द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है कि नगर पालिका अध्यक्ष सत्ताधारी दल में शामिल हो सकते है, ऐसे लोगों से मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूँ कि शत्रोहन सोनकर राजनीति छोड़ सकता है परन्तु कांग्रेस को नहीं छोड़ सकता है, ऐसी अफवाहे ओछी राजनीति के कारण उड़ावाई जा रही है, मैने अपने राजनैतिक सफर की शुरूआत एक आम कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में की थी और आज भी मैं कांग्रेस का समर्पित सिपाही हूं।

## पूर्व प्रधान सहित 3 लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बारासगवर थाना क्षेत्र के गढ़ेवा निवासी बबली पुत्री नन्हका ने एसीजेएम प्रथम में प्रार्थनापत्र दिया कि थाने में तैनात विवेचक की मिलीभगत से पूर्व प्रधान गढ़ेवा, उनके भाई तथा सहयोगी ने कूट अभिलेख के माध्यम से रेप व पाक्सो एक्ट की धारा में गुपचुप तरीके से अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली। एसीजेएम प्रथम के पूर्व प्रधान सहित तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के निर्देश पर थाने में तीनों के विरुद्ध कूटरचित अभिलेख बनाने, धोखाधड़ी करने, गाली-गलौज तथा धमकी की धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया गया है। गढ़ेवा निवासी बबली ने माननीय न्यायालय एसीजेएम प्रथम में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 19 मई 2019 को गढ़ेवा गांव के पूर्व प्रधान योगेंद्र प्रताप सिंह छुन्ना व उनके भाई राजेंद्र सिंह उर्फपप्पू पुत्र अजयपाल सिंह तथा चंदनपुर निवासी रामशंकर शुक्ला उर्फ मुंशी पुत्र अनंत के विरुद्ध रेप व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें 22 सितंबर 2019 को आरोपपत्र भी दाखिल हो गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए पूर्व प्रधान सहित तीनों लोगों ने माननीय उच्च न्यायालय में विवेचक की मिलीभगत से गुपचुप तरीके से समझौता पत्र बनाकर अग्रिम स्टे ले लिया। पीड़िता ने माननीय न्यायालय को साक्ष्य सहित अवगत कराते हुए बताया कि समझौता पत्र में मेरे हस्ताक्षर नहीं हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीजेएम प्रथम ने तीनों के विरुद्ध तत्काल मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश पर योगेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, रामशंकर शुक्ला मुंशी के विरुद्ध 420, 467, 468, 471, 323, 504, 506 की धारा में मामला पंजीकृत कर लिया गया है मामले की विवेचना की जा रही है।

## आरक्षी से आशुलिपिक बने मोहम्मद इरशाद को साथियों ने दी बधाई

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- कड़ी लगन और मेहनत से बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है : मो. इरशाद

कहते हैं प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शिवगढ़ थाने में आरक्षी के पद पर तैनात रहे मोहम्मद इरशाद जिनके बारे में जानकर आप भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगे आपको बताते चले की मोहम्मद इरशाद मूल रूप से मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा तहसील के रहने वाले हैं जो वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित हुए थे और वर्तमान में रायबरेली जनपद के शिवगढ़ थाने में आरक्षी के पद पर तैनाती थे वहीं पुलिस में भर्ती होने के बाद भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी उसी मेहनत का नतीजा रहा कि मोहम्मद इरशाद का चयन वर्ष 2023 की इलाहाबाद हाई कोर्ट के आशु लिपिक भर्ती परीक्षा में आशुलिपिक के पद पर



चयन हो गया गौरतलब हो की सोमवार को शिवगढ़ थाना परिसर में आरक्षी से आशुलिपिक के पद पर चयनित हुए मोहम्मद इरशाद का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता के साथ ही उपनिरीक्षक अरशद नदीम ने मोहम्मद इरशाद को उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इसी के साथ ही सभी साथी पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें फूल माला पहनाकर विदाई दी वही इस मौके पर मोहम्मद इरशाद ने कहा कि अगर आपके दिल में कुछ कर गुजरने की तमन्ना है तो बड़ी से बड़ी मंजिल को आसानी से पाया जा सकता है बस इसके लिए आपको लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी तभी आप अपनी मंजिल को आसानी से पा सकते हैं इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता उपनिरीक्षक अरशद नदीम आरक्षी कवेंद्र सिंह,भीष्म कुमार , जेपी शरण,भारत सिंह,अनुज राठी,अंकित कुमार, महिला आरक्षी संध्या कुमारी सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे

# फुलप्रूफ सीमा सुरक्षा

ऐसे वक्त में जब साम्राज्यवादी चीन गाहे-बगाहे भारतीय संप्रभुता को चुनौती देता रहता है वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर रक्षा तैयारियों को तेजी से पूरा करने की जरूरत है। इसी दिशा में केंद्र की पहल के बाद भारतीय सीमा सड़क संगठन ने काराकोरम में 17,800 फुट ऊंचाई पर स्थित सासेर दर्रे के पास सामरिक महत्व की चार किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की तैयारी शुरू की है। बीआरओ ने इस निर्माण से जुड़ी निविदाएं आमंत्रित की हैं। दरअसल, बेहद दुर्गम इलाके में बनने वाली यह सड़क 56 किमी लंबी सैन्य उपयोग वाली महत्वाकांक्षी सड़क का हिस्सा होगी। दरअसल, इस मार्ग को उत्तरी लद्दाख में सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण देपसांग और दौलत बेग ओल्डी तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले तीन वर्षों में कुछ विवादित स्थलों को लेकर चीन के साथ कोर कमांडर स्तरीय वार्ता के 18 दौर चलने के बाद भी किसी निर्णायक समझौते तक नहीं पहुंचा जा सका है। वास्तव में चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिये सीमा पर बुनियादी ढांचे के विस्तार के क्रम में सीमावर्ती इलाके में इस कंक्रीट की सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि चीन सेना को शीघ्र एलएसी तक पहुंचाने के मकसद से अपने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सड़कों व पुलों का निर्माण कर रहा है।इन्हीं चुनौतियों के चलते हाल ही में विदेशमंत्री एस जयशंकर ने दो टूक शब्दों में चीन को चेताया कि पूर्वी लद्दाख सीमा में स्थिति सामान्य बनाये बिना भारत-चीन के संबंध सहज नहीं हो सकते। निस्संदेह जरूरी हो जाता है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों में सड़कें व अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं निर्धारित समय अवधि में पूरी कर ली जाएं। ऐसे ही कदम देश के अन्य राज्यों से लगती चीन की सीमा पर भी उठाये जाएं। खासकर अरुणाचल में बनायी जा रही रणनीतिक महत्व की सेला सुरंग के काम को जल्द पूरा किया जाये। इस सुरंग के बनने के बाद अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती तवांग जिले में सेना की आवाजाही हर मौसम में सुनिश्चित हो सकेगी। गत वर्ष दिसंबर में तवांग में ही भारतीय व चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। निस्संदेह, इन परियोजनाओं के यथाशीघ्र पूरा होने से न केवल सेना व सशस्त्र बलों को लाभ होगा बल्कि स्थानीय लोगों की आवाजाही भी आसान हो सकेगी। निस्संदेह, स्थानीय लोग ही सेना व खुफिया एजेंसियों के लिये आंख व कान का काम करते हैं। वे सीमा पर किसी असामान्य हलचल को भांप कर समय रहते सेना और इंटेलीजेंस एजेंसियों को सजग कर सकते हैं। यही वजह है कि अरुणाचल के सीमावर्ती इलाकों में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को गति दी जा रही है, ताकि संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में स्थानीय लोगों की सक्रियता बनी रहे। इसी व्यापक योजना के क्रम में अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश में ऐसे तीन हजार गांवों की पहचान की गई है।

# आओ बच्चों को बालश्रम की बेड़ियों से मुक्त कराने में सहयोग करें

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**साथियों बात अगर हम बाल श्रम रोकने सरकारी योजनाओं की करें तो, बाल फिल्म सोसाइटी, 1955 समेकित बाल संरक्षण योजना, 2009, बाल न्याय कार्यक्रम फूटपाथ पर रहने वालो के लिए कार्यक्रम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम। राष्ट्र बाल श्रम योजना-बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए बच्चो के लिए सरक़ार ने बाल श्रम योजना शुरू की है इन्हे विशेष स्कूलों में दाखिला दिलवाया जायेगा साथियों भारतीय गैर सरकारी संगठन जो बाल श्रम के खिलाफ काम कर रहे हैं, बचपन बचाओ आंदोलन चिल्ड्रेन क्राय फॉर यू, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेश राइड इंडिया तलाश एसोसिएशन चाइल्डलाइन इंडिया फाऊंडेशन मेक ए डिफरेंस। साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 की थीम की करें तो, सभी के लिए सामाजिक न्याय। बाल श्रम समाप्त करो है।विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को हम सभी के लिए एक अवसर के रूप में देखते हैं, जो बाल श्रम को समाप्त करने के लिए समर्पित हैं, यह दिखाने के लिए कि यदि शक्ति और दृढ़ संकल्प को जोड़ दिया जाए तो क्या किया जा सकता है, और प्रयासों को गति देने के लिए बड़ी अत्यावश्यकता की स्थिति सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर नए प्रयास, विशेष रूप से सामाजिक न्याय के लिए प्रस्तावित वैश्विक गठबंधन के माध्यम से, जो बाल श्रम को समाप्त करने पर जोर देगा। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व बालश्रम निषेध दिवस 12 जून 2023 पर विशेष - 17 वां वार्षिक वेबीनार आयोजित।आओ बच्चों को बालश्रम की बेड़ियों से मुक्त कराने में सहयोग करें।देश और परिवार के सपनों को उड़ान देने बालश्रम को स्वयंभू होकर रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है।**

वैश्विक स्तरपर बच्चों का नाम आते ही संवेदनशीलता, सहिष्णुता, भावों का कोमल होना, दया लाड प्यार इत्यादि अनेक भावनाएं मन में जागृत हो जाती है। यह और कुछ नहीं मानवी जीवन में बच्चों के प्रति एक खिंचाव, लगाव और प्यार है या हम यूं कहें कि उनके चार कदम आगे सृष्टि में उपस्थित 84 लाख योनियों में भी अपने बच्चों के प्रति अपने अपने स्तर पर गहरा लगाव है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो, भारतवर्ष में प्रारंभ से ही बच्चों को ईश्वर अल्लाह का रूप माना जाता है। ईश्वर के बाल रूप यथा बाल गणेश, बाल गोपाल, बाल कृष्णा, बाल हनुमान आदि इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। भारत की धरती ध्रुव, प्रह्लाद, लव-कुश एवं अभिमन्यु जैसे बाल चरित्रों से पटी हुई है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए ये जरूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए और उनकी देखभाल की जाए, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। वे बच्चों को राष्ट्र का निर्माता कहते थे। जबकि छोटे बच्चों से श्रमिकों के रूप में काम करवाया जाता है, बाल श्रमिकों की समस्या बहुत पुरानी है। इसके पीछे गरीबी के साथ ही माँ बाप का लोभ और पारिवारिक परिस्थिति कारण होती है। इस समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और शासन के स्तर पर प्रयास आवश्यक हैं।साथियों आधुनिक युग में अपेक्षाकृत अधिक बच्चे खासकर कोविड महामारी और उसके बाद की स्थिति में श्रम करने को मजबूर हो गए हैं जिसे रेखांकित करना जरूरी है आज के आर्टिकल में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में बाल श्रम निषेध पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा 12 जून 2023 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो इसके एक भाग के रूप में 17 वें राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया है। बच्चों को बाल श्रम की बेड़ियों से मुक्त कर उनके भविष्?य को नया रूप देकर उन्हें सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम में के व्यापकता की करें तो,दुनियां भर में बच्चे नियमित रूप से भुगतान और अवैतनिक कार्यों में लगे हुए हैं जो उनके लिए हानिकारक नहीं हैं। हालाँकि, उन्हें बाल श्रमिकों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब वे काम करने के लिए बहुत छोटे होते हैं, या खतरनाक गतिविधियों में शामिल होते हैं जो उनके शारीरिक, मानसिक,सामाजिक या शैक्षिक विकास से समझौता कर सकते हैं। सबसे कम विकसित देशों में, चार में से एक बच्चे (5 से 17 वर्ष की आयु) से थोड़ा अधिक श्रम में लगे हुए हैं जो उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए हानिकारक माना जाता है।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम की विभिन्न दृष्टिकोण से परिभाषा की करें तो, सयुक्त राष्ट्र संग के मुताबिक 18 साल से कम उम्र के बच्चो से श्रम कराना कानूनी अपराध है 7 अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ ने बाल श्रम उम्र 15 साल तय की है। भारत सविधान के अनुसार किसी उद्योग, कारखाने में शारीरिक अवं मानसिक रुप से काम करने की उम्र 5-14 वर्ष की होने पर बालश्रम कहा जाता है। अमेरिका में उम्र 12 साल रखी गयी है। बालश्रम पर लगाम लगाने के लिए कई संवैधानिक प्रावधान बनाये है। अनुच्छेद 15(3) : बाल श्रम एक ऐसा विषय है, जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, दोनों कानून बना सकती हैं। अनुच्छेद 21;6-14 साल के बच्चो को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी (धारा 45)अनुच्छेद 23-बच्चो को खरीद फरोक पर रोक लगात है बच्चो को खरीद फरोक पर रोक लगाता है। अनुच्छेद-24 किसी फैक्ट्री, खान, अन्य संकटमय गतिविधियों यथा-निर्माण कार्य या रेलवे में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध करता है।

साथियों बात अगर हम श्रम के खिलाफ कानूनों और वर्तमान स्थिति की करें तो, भारत के संविधान, 1950 का अनुच्छेद 24 स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को ऐसे कार्य या कारखाने इत्यादि में न रखा जाये जो खतरनाक हो। कारखाना अधिनियम, बाल अधिनियम, बाल श्रम निरोधक अधिनियम आदि भी बच्चों के अधिकार को सुरक्षा देते हैं किन्तु इसके विपरीत आज की स्थिति बिलकुल भिन्न है। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया हैं, जिससे बच्चों के जीवन व शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल-श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। इसमें कोई शक नहीं कि बाल-श्रम की समस्या किसी भी देश व समाज के लिए घातक हैबाल-श्रम पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बाल-श्रम की समस्या जड़ से समाप्त होना अति आवश्यक है।

साथियों केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीड़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्ज़ी के अनुसार करने होते हैं। इन समस्त कार्यों के अतिरिक्त कूड़ा बीनना, पोलीथिन की गंदी थैलियाँ चुनना, आदि अनेक कार्य हैं जहाँ ये बच्चे अपने बचपन को नहीं जीते, नरक भुगतते हैं परिवार का पेट पालते हैं। इनके बचपन के लिए न माँ की लोरियां हैं न पिता का दुलार, न खिलौनेहैं,न स्कूल न बालदिवस इनकी दुनिया सीमित है तो बस काम काम और काम, धीरे धीरे बीड़ी के अधजले टुकड़े उठाकर धुआं उडाना, यौन शोषण को खेल मानना इनकी नियति बन जाती है।

साथियों बात अगर हम हर साल बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियां भर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है. इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है। भारत में बालश्रम की समस्या दशकों से प्रचलित है। भारत सरकार ने बालश्रम की समस्या को समाप्त करने कदम उठाए हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 खतरनाक उद्योगों में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है। भारत की केंद्र सरकार ने 1986 में बालश्रम निषेध और नियमन अधिनियम पारित कर दिया। इस अधिनियम के अनुसार बालश्रम तकनीकी सलाहकार समिति नियुक्त की गई। इस समिति की सिफारिश के अनुसार, खतरनाक उद्योगों में बच्चों की नियुक्ति निषिद्ध है। 1987 में, राष्ट्रीय बालश्रम नीति बनाई गई थी।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम निषेध दिवस के इतिहास की करें तो, विश्व बालश्रम निषेध दिवस इतिहास विश्व बालश्रम निषेध दिवस की शुरुआत 2002 में अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ ने की इसका मुख्यालय जेनेवा में है, यह संयुक्त राष्ट्र संघ की एक शाखा है। यह सिद्धांत बनाती है और उसे सख्ती से पालन किया जा रहा है उसका ब्योरा रखती है, ये कई अंतराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है आमसहमति से 2002 से कानून पारित किया गया। जिसमे 14 से कम उम्र के बच्चों से श्रम कराने को अपराध माना गया। इसी साल पहली बार बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून को मनाया गया।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम रोकने सरकारी योजनाओं की करें तो, बाल फिल्म सोसाइटी, 1955 समेकित बाल संरक्षण योजना, 2009, बाल न्याय कार्यक्रम फूटपाथ पर रहने वालो के लिए कार्यक्रम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम। राष्ट्र बाल श्रम योजना-बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए बच्चो के लिए सरक़ार ने बाल श्रम योजना शुरू की है इन्हे विशेष स्कूलों में दाखिला दिलवाया जायेगा साथियों भारतीय गैर सरकारी संगठन जो बाल श्रम के खिलाफ काम कर रहे हैं, बचपन बचाओ आंदोलन चिल्ड्रेन क्राय फॉर यू, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेश राइड इंडिया तलाश एसोसिएशन चाइल्डलाइन इंडिया फाऊंडेशन मेक ए डिफरेंस।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 की थीम की करें तो, सभी के लिए सामाजिक न्याय। बाल श्रम समाप्त करो है।विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को हम सभी के लिए एक अवसर के रूप में देखते हैं, जो बाल श्रम को समाप्त करने के लिए समर्पित हैं, यह दिखाने के लिए कि यदि शक्ति और दृढ़ संकल्प को जोड़ दिया जाए तो क्या किया जा सकता है, और प्रयासों को गति देने के लिए बड़ी अत्यावश्यकता की स्थिति सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर नए प्रयास, विशेष रूप से सामाजिक न्याय के लिए प्रस्तावित वैश्विक गठबंधन के माध्यम से, जो बाल श्रम को समाप्त करने पर जोर देगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व बालश्रम निषेध दिवस 12 जून 2023 पर विशेष - 17 वां वार्षिक वेबीनार आयोजित।आओ बच्चों को बालश्रम की बेड़ियों से मुक्त कराने में सहयोग करें।देश और परिवार के सपनों को उड़ान देने बालश्रम को स्वयंभू होकर रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है।

## विचार

# अर्थव्यवस्था में गोलमोल बात

भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने यूपीए सरकार के वक्त आरबीआई गर्वनर रहे रघुराम राजन की काबिलियत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि जब वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर पद पर थे तो उन्होंने पूरे बैंकिंग सिस्टम और फाइनेंशियल सेक्टर को बर्बाद कर के रख दिया था। राजीव चंद्रशेखर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री हैं, लेकिन वे अर्थव्यवस्था को लेकर पूर्व आरबीआई गर्वनर की आलोचना कर रहे हैं। लोकतंत्र में तो हरेक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। लेकिन बेहतर होता, अगर श्री चंद्रशेखर अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित कोई सार्थक टिप्पणी करते। रघुराम राजन को लेकर उनकी तल्खी शायद इस वजह से है कि श्री राजन मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते रहे हैं और भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ चलकर उन्होंने कांग्रेस के लिए अपने झुकाव को जाहिर कर दिया था। रघुराम राजन को भी लोकतंत्र यह हक देता है कि वे अपनी मर्जी से किसी राजनैतिक दल को समर्थन दें। इस वजह से उनकी योग्यता पर शक करना या उन पर समूचे आर्थिक क्षेत्र को बर्बाद करने का आरोप लगाना सही नहीं है। लेकिन फिलहाल मोदी सरकार में ऐसा ही चल रहा है। अपने कार्यक्षेत्र के बाहर जाकर मंत्री टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं और अपने मंत्रालय के कामकाज पर चुप्पी साध लेते हैं। कमोबेश यही स्थिति सरकार को सलाह देने वाले अर्थशास्त्रियों की भी है। एक के बयान, दूसरे के बयान से मेल नहीं खा रहे हैं। 2022-23 में भारत की जीडीपी 7.2 प्रतिशत रही है और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि जब तीन साल बाद फाइनल आंकड़े आएंगे तो वो 7.2 प्रतिशत से ज्यादा रहेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने दिसंबर 2022 में जी-20 की बैठक में कहा था कि भारत कई वर्षों तक 9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सक्षम है। अगस्त 2022 में आरबीआई डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा था कि अगले एक दशक तक अगर भारत 11 प्रतिशत की विकासदर बनाए रखता है तो 2031 तक वह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी तरह जनवरी 2021 में तत्कालीन मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने कहा था कि आने वाले साल में जीडीपी में 11 प्रतिशत की वृद्धि आएगी। तीन सालों में जीडीपी के आंकड़े सरकार को सलाह देने वाले अलग-अलग अर्थशास्त्रियों ने बदल दिए हैं। 11 प्रतिशत से लेकर 9 प्रतिशत से होते हुए बात 7.2 प्रतिशत तक आ गई। क्यों आ गई, कैसे आ गई, इन सवालों का कोई जवाब नहीं मिलेगा। क्योंकि जवाब देने की जगह पिछली सरकार को कोसना आसान होता है। जैसे अभी रघुराम राजन पर उंगली उठाई जा रही है, क्योंकि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जीडीपी के 5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। जीडीपी इससे बढ़कर आई है, ये खुशी की बात है। लेकिन सवाल ये भी है कि ये खुशी किस कीमत पर मिल रही है। नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आने पर हरेक के खाते में 15-15 लाख देने का दावा किया था। इतनी रकम वे देश में कालेधन को वापस लाकर देने की योजना बना रहे थे। फिर कालेधन को खत्म करने के लिए नोटबंदी की गई। पांच सौ और हजार के नोट बंद करके नए पांच सौ के नोट और 2 हजार के नोट लाए गए। अब 2 हजार के नोट भी बंद हो गए हैं। और 15 लाख खाते में देने का वादा जुमला करार दिया गया है। इस बीच इस साल फरवरी में बजट के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार की एक रुपये की कमाई में अभी सबसे ज्यादा 34 पैसे कर्ज से आते हैं। शनिवार को कांग्रेस ने मोदी सरकार से अर्थव्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र लाने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कर्ज करीब तीन गुना बढ़कर 155 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस ने बताया कि 2014 में भारत का कर्ज 55 लाख करोड़ रुपये था, जो अब 155 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यानी 9 सालों की उपलब्धियों में देश पर सौ करोड़ रुपए कर्ज की बढ़ोतरी भी शुमार की जा सकती है। 155 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का मतलब है कि हर भारतीय पर 1.20 लाख रुपये का कर्ज। कहां तो 15 लाख आने थे, कहां अब लाखों का कर्ज चढ़ गया। कांग्रेस का दावा है कि सरकार को इस कर्ज पर 11 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक ब्याज चुकाना है। कांग्रेस के आरोप गंभीर हैं और देश की भावी आर्थिक स्थिति के लिए चिंताजनक भी। सवा सौ करोड़ लोगों के देश में हर साल करीब ढाई लाख लोग विदेशी नागरिकता ले रहे हैं, लेकिन हरेक के लिए विदेश में जाकर बसना या झोला उठाकर चले जाना संभव नहीं है। देश में निम्न और मध्यमवर्ग के करोड़ों लोग अच्छे दिनों की आस में ही जी रहे हैं। सरकार को इन लोगों की उम्मीद पूरा करने की कोशिश करना चाहिए और जो आरोप उस पर लगे हैं, उनका जवाब देना चाहिए। कर्ज में डूबे पड़ोसी देशों, पाकिस्तान और श्रीलंका की हालत हम देख चुके हैं। दोनों देशों में जातीय और धार्मिक उन्माद अर्थव्यवस्था को लील गया। सरकार को बताना चाहिए कि वह भारत को किस दिशा में ले जाना चाहती है। अर्थव्यवस्था में गोलमोल बातें सब कुछ उलझा कर रख देंगी।

## साहित्य

# विश्व बालश्रम निषेध...



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर संकल्प लेते हैं
बाल श्रम की बेड़ियों से बच्चों को छुड़ाते है
भारतीय ठान लेते हैं तो सफ़लता पाते हैं
संकल्प क्रियान्वयन में रिजल्ट अच्छे आते हैं

बच्चे देश परिवार के सपनों की उड़ान देते हैं
हताश होते हैं जब बच्चे बालश्रम घेरे में फंसते हैं
दुख होता है बच्चे रिस्की फैक्ट्री में काम करते हैं
हम जिम्मेदार नागरिक होकर सब देखते रहते हैं

घर की चौखट चहकती है बच्चे जब हंसते हैं
महकता है घर जिसमें बच्चे बसते हैं
संस्कारवान बच्चे धन सम्मान सेवा के रस्ते हैं
बच्चों में ईश्वर अल्लाह बसते हैं

## झरोखा




हर छल कपट दांवपेंच से दूर रहते
अबोध बच्चे खिलखिलाकर हंसते हैं
किसी के ऊपर ताने तंग नहीं कस्ते हैं
क्योंकि बच्चों में ईश्वर अल्लाह बसते हैं

बच्चे न कोई शिकायत गिले-शिकवे करते हैं
वह बेटी या बेटा हूं अनजान रहते हैं
ना किसी की बुराई ना गुणगान करते हैं
क्योंकि बच्चों में ईश्वर अल्लाह बसते हैं

नारी को मां बनने का सम्मान देते हैं
पिता के गौरव और अभिमान होते हैं
मत मारो कोख में वह एक नन्हीं सी जान है
बच्चे में समाए होते ईश्वर अल्लाह हैं

गम खुशी नहीं समझते हमेशा हंसते हैं
दिल जुबां में कुछ नहीं बस हंसते हैं
स्कूल जाते पीठ पर भारी बसते हैं
तकलीफ नहीं बताते बस हंस्तें हैं



# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करे। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृष:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# खतरनाक मोड़ पर मणिपुर



आदित्य नारायण

मणिपुर हिंसा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। अब मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन भी कर दिया गया है। यह समिति सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाने का काम करेगी जिससे विभिन्न जातीय संगठनों के बीच सद्भावनापूर्ण बातचीत हो सके। राज्य में सुरक्षा बल लगातार तलाशी अभियान चलाए हुए हैं और लोग अपने हथियार जमा भी करवा रहे हैं और भारी मात्रा में हथियार पकड़े भी जा रहे हैं। इस सबके बावजूद राज्य में हिंसा जारी है। एक घायल बच्ची को लेकर जा रही दो महिलाओं के साथ एक एम्बुलैंस को 2000 लोगों की भीड़ ने आग के हवाले कर दिया और एम्बुलैंस लेकर जा रहे कमांडो पुलिस अधीक्षक को जान बचाकर भागना पड़ा। इससे साफ हो गया है कि मणिपुर खतरनाक राह पर चल पड़ा है। पूर्वोत्तर में उग्रवादी समूहों द्वारा किसी बच्चे और महिला पर जानबूझ कर हमला करने की घटना पहले कभी सामने नहीं आई लेकिन मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच लगातार हो रही हिंसा ने सारी हदें पार कर दी हैं। ऐसा लगता है कि जैसे राज्य मध्याकालीन बर्बर युग में पहुंच चुका है। हिंसा ने पूरी तरह से साम्प्रदायिक रंग ले लिया है। इस घटना के बाद हुई हिंसा में तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी गई। मघीडिया रिपोर्ट्स बताती है कि मैतेई समुदाय के उग्रवादी जवानों की वर्दी में आए और उन्होंने तलाशी लेने के बहाने ग्रामीणों को बाहर घ्बुलाया और उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। राज्य में अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है और 50 हजार लोग पलायन करके मिजोरम के राहत शिविरों में रह रहे हैं। हिंसा की शुरूआत मणिपुर हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद हुई। इस आदेश में हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था घ्कि दस साल पुरानी सिफारिश को लागू करें जिसमें गैर जनजाति मैतेई समुदाय को जनजाति में शामिल करने की बात कही गई थी। नगा और कुकी समुदाय ने मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने का विरोध किया और सवाल उठा कि उन्नत होने के बावजूद उन्हें एसटी का दर्जा कैसे दिया जा सकता है। दोनों समुदाय इस आशंका से ग्रस्त हैं कि अगर मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दे दिया गया तो उनकी जमीनें खतरे में पड़ जाएंगी और इसलिए वे अपने अस्तित्व के लिए छठी अनुसूची चाहते हैं। वास्तव में मैतेई और कुकी समुदाय में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। दोनों ही समुदाय खौफ में हैं। नगा और कुकी समुदाय को पुलिस पर भरोसा नहीं है। मौजूदा हिंसा को देखते हुए मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देना ही एक मात्र कारण नहीं माना जा सकता। इस हिंसा के पीछे कई कारण हैं,



जिसमें पहाड़ों में अफीम की खेती, सांस्कृतिक वर्चस्व और आस्था के वर्चस्व की लालसा प्रमुख है। इसके बीज अंग्रेजों के शासन के दौरान ही बो दिए गए थे। देश में अंग्रेजों की सत्ता के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कन्वर्जन का खेल आरंभ हो गया था। कभी सेवा के नाम पर, कभी ताकत के बल पर तो कभी अंधविश्वास के नाम पर। जनजाति समाज के भोलेपन का फायदा उठाते हुए उन्हें कन्वर्ट किया जाता रहा। देश की आजादी के बाद पूर्वोत्तर में सबसे पहले उग्रवाद की जड़ें नगालैंड में पनपनी शुरू हुई। इसके पीछे सीधे तौर पर पश्चिमी देशों का मजहबी एजेंडा शामिल था। समय बीतने के साथ पूरे पूर्वोत्तर में उग्रवाद ने अपनी जड़ें जमा लीं। सभी समूहों के पीछे नगालैंड में पैदा हुआ उग्रवादी समूह ही था। उग्रवाद की आड़ में कन्वर्जन का खेल बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से चलता रहा।जब तक देश के अन्य हिस्सों में इसका पता चलता तब तक काफी देर हो चुकी थी। केंद्र में बैठी पूर्ववर्ती सरकार ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। पूर्वोत्तर में सेवा और शिक्षा के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जी एनजीओ के जरिए आर्थिक मदद मुहैया करानी जारी रही, जिसका उपयोग कन्वर्जन और उग्रवाद की पौध को सींचने के लिए किया जाता रहा। पूर्वोत्तर के कई राज्यों से म्यांमार की सीमा लगती है। यहां से न सिर्फ हथियार भारत में पहुंचाये जाते रहे, बल्कि उग्रवादी समूह अपने प्रशिक्षण शिविर भी म्यांमार में स्थापित कर पूर्वोत्तर को दहलाने की अनवरत कोशिश करते रहे हैं। उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर के राज्यों में अलग देश के नाम पर घिनौनी गतिविधियां संचालित की जाती रहीं। इन सबके पीछे सिर्फ एक उद्देश्य था, अलग उपासना पद्धति के अनुसार भारत से इस क्षेत्र को अलग करना। राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने जंगलों में अवैध रूप से हो रही अफीम की खेती के खिलाफ अभियान शुरू किया तो इसकी मार म्यांमार से जुड़े अवैध प्रवासियों पर भी पड़ी। इससे उग्रवादी तत्व बौखला उठे। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की बयानबाजी ने भी मामले को भड़काया। कुकी समुदाय ने उन 40 लोगों के शव लेने से इंकार कर दिया जिन्हें मुख्यमंत्री ने उग्रवादी बताया था। अब समय आ चुका है कि राज्य सरकार सभी समुदायों में आपसी विश्वास पैदा करे और सभी की आशंकाएं दूर करे। दोनों समुदाय मिल बैठकर समस्या का समाधान निकालें। सभी को लगे कि सरकार उनके हितों के खिलाफनहीं है। अगर जल्दी शांति की बहाली नहीं हुई तो हिंसा दावानल का रूप ले सकती है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# कानून का राज स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम करें अफसर : डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अभियोजन के अपर निदेशक नीरज कुमार एवं संयुक्त निदेशक धीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से कलेक्ट्रेट स्थित उनके दफ्तर में ज़िले में नवागंतुक अभियोजन अधिकारियो के दल ने मुलाकात की।

डीएम ने कहा कि अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाई जाए। जिले में कानून का राज स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम करें। निर्देश दिया कि गम्भीर प्रकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय।

न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए।



एडी व जेडी के नेतृत्व में नवागंतुक अभियोजन अफसरों के दल ने डीएम से की मुलाकात

ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। वही ई-प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंग, सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों का नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए समयबद्धता से सुनिश्चित कराएं। डीएम ने नवागंतुक जेष्ठ अभियोजन अधिकारी श्रीमती शहला समी, अभियोजन अधिकारी राजेश कुमार सहायक अभियोजन अधिकारी अखिलेश कुमार विजय कुमार चावर्क आजाद को अभियोजन को ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रण दिलाया।

## खीरी पहुंचा सामाजिक डैन्जर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बॉय पर्वतारोहियों का दल, डीएम ने दल के सदस्यों से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं



पूरे देश की पदयात्रा पर निकले सामाजिक डैन्जर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बॉय पर्वतारोहियों के दल सदस्य जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप, गोविंदा नंद, निश्चल मोर्य ने सोमवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में भेंट की। ये एक 20 सदस्यीय युवा पर्वतारोहियों/पदयात्रियों के समूह से हैं, जो जगत में शान्ति हेतु पूरे विश्व की पदयात्रा कर रहे हैं। अब तक इन उत्साही युवाओं ने विश्व के 11 देशों में 4.35 लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर ली है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से मिले इन चार युवकों द्वारा विश्व की सबसे ऊंचे माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प की चढ़ाई सफलतापूर्वक की जा चुकी है। साथ ही टीम द्वारा अपनी उत्तराखण्ड व राजस्थान राज्यों के सभी जनपदों की यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पौधारोपण का सराहनीय कार्य भी किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एडीएम संजय कुमार सिंह ने टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डीएम से मुलाकात करने वाला चार सदस्य दल सोमवार को जिले में कैंप कर रहा। यह दल जिले में पैदल भ्रमणशील रहकर 卐बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत को स्वर्ग बनाओ, विद्युत की खपत कम करो सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करो, सिंगल यूज प्लास्टिक अपने घर आंगन से हटाए। अपने परिवार व पशुओं को बीमारी से बचाएं, बाजार से सामान लाना है घर से कपड़े का थैला लेकर जाना है विषयों पर आम जनमानस के बीच जागरूकता फैलाएगा। इस दल ने एआरटीओ दफ्तर के रोड सेफ्टी अवेयरनेस सभागार में सड़क जागरूकता पर कार्यक्रम भी किया। दफ्तर में मौजूद अभ्यर्थियों एवं आवेदकों को सड़क जागरूकता नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया।

## भारत-नेपाल राष्ट्र के बार्डर पर अवैध तस्करी को रोकने के दिए गए दिशा-निर्देश




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कवच योजना के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा गठित कवच सेल टीम को दिनांक 10/11 जून 2023 को बॉर्डर पर भेज कर प्रभारी थाना चन्दनचौकी व प्रभारी थाना गौरीफंटा को एसएसबी के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर पर चेकिंग कराते हुए सीमा पर हो रही अवैध तस्करी आदि के संबंध में कार्यवाही करायी गई तथा भारत-नेपाल राष्ट्र सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के संबंध में कड़े निर्देश देते हुए लगातार कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

# सुहानी मिडकान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय लैंड मार्क रॉयल में आयोजित जेसी आई इंडिया मंडल तीन की सुहानी मिडकान के सहभागियों को सम्बोधित करते हुए केंद्र सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मंडल उपाध्यक्ष जेसी गौरव अरोड़ा के सभापत्तित्व, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष जेसी अभिनव चौरसिया, मुख्य वक्ता जेसी रवि प्रकाश गुप्ता, सम्मेलन सलाहकार जेसी राम मोहन गुप्त की उपस्थिति मेंआयोजित सुहानी मिडकान की सम्मानित अतिथि श्रीमती अल्पना सिंह, अध्यक्ष आकांक्षा समिति ने जेसीज के कार्यों की सराहना करते हुए जनपद खीरी में आगमन सभी का हार्दिक स्वागत किया। जेसी तुषार गर्ग, मीता गर्ग एवं शुभम टंडन के कुशल निर्देशन, सौरभ गुप्त के सुंदर समन्वयन, राम मोहन गुप्त के मार्गदर्शन में आयोजित की गई सुहानी मिडकान में विभिन्न क्षेत्रों के मंडल उपाध्यक्ष जेसी जगन्नाथ दास, विशाल धूना, गौरव अरोड़ा एवं गौरव सेठ, मंडल निदेशक प्रबंध वसुंधरा सिंह, मंडल निदेशक प्रशिक्षण जेसी संकेत अग्रवाल, मंडल निदेशक कार्यक्रम गौरव सेठ और आतिथ्य अध्याय ने अपने पुरस्कार एवं मान्यताएं वितरित कीं। इस अवसर पर विभिन्न पूर्व राष्ट्रीय एवम् मंडल पदाधिकारी, विभिन्न स्थानीय अध्यायों के सदस्यों सहित आतिथ्य अध्याय के जेसी डा राकेश माथुर, विशाल सेठ, श्रवण शर्मा, दिनेश गुप्ता,अमित मिश्रा, अर्जित अग्रवाल, योगेश जोशी, कनिष्क बरनवाल, अनिल अग्रवाल, डा मोहित मेहरोत्रा, सचिन अग्रवाल, कुमार उत्कर्ष, कुशाग्र अग्रवाल, ऋतिक साहू, रजत शेखर, आलोक शुक्ला, अमित अग्रवाल, अर्चित महेंद्र, मो. असद, रीतेश, पूजा पुरी, कंवलजीत चावला, मंजू अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रोली गुप्ता, समीक्षा टंडन, रचना अग्रवाल, मुदित अग्निहोत्री, दीपाली गोयल, दर्शिका गुप्ता, रिचा शेखर आदि उपस्थित रहे।

# नेपाल बॉर्डर पर मना बाल श्रम निषेध दिवस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में भारत-नेपाल बार्डर के तिकुनिया में भव्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने कहा है कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्हें संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर बच्चों का भी समान अधिकार है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने किया जागरूक



विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने के साथ लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि छोटे बच्चों को काम में न लगाएं, न ही किसी को लगाने दें। बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार, हिंसा या मजदूरी करते पाए जाने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना देकर बच्चों का भविष्य बचाने में सहयोग करें।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के निरीक्षक जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चों का जीवन अनमोल होता हैं। उनका बचपन शिक्षा, बेहतर परवरिश, खेलकूद और देखभाल के लिए होता हैं। अमूमन देखा जाता हैं कि गरीब परिवार अपनी आजीविका के लिए अपने बच्चो से भी परिश्रम कराते है। हालाँकि जरूरी नहीं कि यह सिर्फ धनोपार्जन के लिए हो। बच्चों से कराये जाने वाले श्रम के पीछे कई अन्य वजहें भी होती हैं। बच्चों को श्रम से रोकने और उनके बचपन को संवारने के मकसद से हर साल 12 जून को वैश्विक स्तर पर बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता हैं।

इस मौके पर एएचटीयू प्रभारी जैनेंद्र कुमार कांस्टेबल राजेश कुमार, चाइल्डलाइन जिला समन्वयक संतोष राजवंशी, टीम सदस्य इंद्र कुमार अवस्थी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## पानी पूरी के धंधे में रुपयों को लेकर दो पक्षों में कहासुनी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पानी पूरी के धंधे में रुपयों के विवाद को लेकर दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा हो गया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी निवासी सुखवीर ने पुलिस को बताया कि ग्राम इकहरा निवासी महाराज सिंह उनके साथ पानी पूरी के धंधे पर गए थे। सोमवार को वह अस्पताल के पास खड़ा था। तभी महाराज सिंह वहां आ गए और रुपयों को लेकर विवाद करने लगे। जब उसने समझाने की कोशिश की तो मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## खबरें एक नजर में

### राशन दुकानों पर 13 से 22 जून तक बटेगा राशन : डीएसओ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उप्र जवाहर भवन लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जिले के सभी अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर माह जून, 2023 के सापेक्ष अनुमन्य खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों में त्रैमास अप्रैल, 2023 से जून, 2023 के सापेक्ष 01 किलो चीनी प्रति के अनुसार रू. 18 प्रति किग्रा की दर से माह जून, 2023 में 13 से 22 जून के मध्य कराये जाने का निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त आशय की जानकारी डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने दी। डीएसओ ने बताया कि जनपद खीरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जून, 2023 के सापेक्ष अन्त्योदय, पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो पर 13 से 22 जून के मध्य अनुमन्य खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं चीनी का वितरण नियत मूल्य पर अन्त्योदय राशनकार्डो पर कराने की व्यवस्था लागू की है। अन्त्योदय अन्न योजना के राशनकार्डो पर 14 किलो गेहूँ, 21 किलो चावल निःशुल्क मिलेगा। पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो पर 02 किलो गेहूँ प्रति यूनिट एवं 03 किलो चावल प्रति यूनिट निःशुल्क बटेगा। केवल अन्त्योदय अन्न योजना के राशनकार्डो पर 01 किलो चीनी प्रति माह प्रति राशनकार्डो के अनुसार त्रैमास अप्रैल, मई व जून, 2023 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी रू. 18 प्रति किग्रा0 की दर रू. 54 प्रति राशनकार्ड के अनुसार वितरण 13 से 22 जून के मध्य कराया जायेगा।

### कौन बनेगा डीसीएफ सभापति, उप सभापति का फैसला आज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद जालौन की सहकारी संस्था जिला सहकारी विकास संघ लि. उरई के सभापति उप सभापति एवं प्रदेश की शीर्ष सहकारी संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के चुनाव के एक दिन पूर्व सहकार भारती के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह चौहान पूर्व प्रधान नसीरपुर को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालक नामित किया गया। जिससे वह कल होने वाले चुनाव में महत्वपूर्ण होंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में जनपद के सभी संचालक निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है जिनमे उरई क्षेत्र से कौशल किशोर द्विवेदी, राजीव कुमार, अनुराग कुमार, रानी, कालपी तहसील अभय द्विवेदी, अखिलेश तिवारी कोंच तहसील से अवध शर्मा ,महेंद्र भान, जालौन क्षेत्र से सुभाष दुबे, कैलाश बाबू मधौ गढ़ से अरविंद सिंह, सिंकू राजपूत व्यक्तिगत क्षेत्र से कल्पना दुबे संचालक है। सभापति के चुनाव के एक दिन पूर्व सहकार भारती के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह चौहान पूर्व प्रधान नसीरपुर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित किया गया उनके नामित संचालक होने की सूचना मिलते ही भारतीय जनता पार्टी एवम् सहकार भारती के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई सभापति पद के प्रत्याशी कौशल किशोर द्विवेदी एवं सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

# डीएम ने मीटिंग में लिया खेत तालाबों का फीडबैक तो मिले चौंकाने वाले नतीजे



विभागीय अधिकारियों की अकर्मण्डता 417 के सापेक्ष महज 27 खेत तालाबों का हुआ कार्य

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक की गई जिसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की समीक्षा की गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी, रा. जलागम जालौन प्रथम गौरव यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी, रा. जलागम, जालौन द्वितीय भीमसेन, भूमि संरक्षण अधिकारी, डीपीएपी, उरई सहाबुद्दीन एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रा. जलागम, उरई पारितोष मिश्रा द्वारा कराये गये जल संरक्षण बंधियों की समीक्षा की गई, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कराए गए कार्यों का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित टीम से सत्यापन आवश्यक कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषकों को लाभ बरसात के बाद मिलेगा जिसमें कृषक फसलों की बुबाई समय से कर पायेगा तथा अधिक उत्पादन मिलेगा तब पुनः एक बार कृषकों का फीडबैक लिया जाए तथा समस्त स्ट्रक्ररों को ड्रोन कैमरा द्वारा बीडियो बनाकर पानी भरा हुआ पुनः प्रेषित किया जाए। इसके साथ ही खेत तालाबों की समीक्षा की गई जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी प्रति इकाई लक्ष्य 105-105 एवं जनपद का लक्ष्य 417 में मात्र 27 तालाबों पर कार्य पाया गया। जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कृषकों का पंजीकरण कराकर जून के अंत तक लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा कृषकों में प्रचार प्रसार किया जाय जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सके तथा वरसात का पानी भर जाए और कृषकों को सीधा लाभ प्राप्त हो। इस मौके पर किसान यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने जिलाधिकारी को फीडबैक दिया और कहा कि अच्छा कार्य किया गया है। बैठक में डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक झाँसी मण्डल झाँसी, एसके उत्तम उप कृषि निदेशक, गौरव यादव जिला कृषि अधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कशोरी से युवक द्वारा छेड़खानी मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

गांव में दुकान पर सामान लेने जाते समय युवक ने किशोरी के साथ छेड़खानी कर दी थी। पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने से परेशान किशोरी की मां ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय में गुहार लगाई थी कि बीती 18 मार्च को उनकी 14 वर्षीय पुत्री गांव में स्थित दुकान पर सामान लेने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में गांव का ही युवक मान सिंह मिल गया। युवक ने पुत्री को जबरन रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़खानी कर दी। जब पुत्री ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद न्यायालय ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।


# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोण्डा

पत्रॉकः- मु0चि,अ0/एन0यू0एच0एम0/आशा चयन/2023-24/6206 — दिनांकः 12/06/2023

## विज्ञापन

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र क्रमांक SPMU/NUHM/Budget/2022-23/61/5957-2 दिनाँक 10.10.2022 तथा अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति महोदय के अनुमोदन दिनाँक 26.05.2023 के क्रम में नगर क्षेत्र में कुल 40 शहरी आशा चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र (पूर्ण विवरण एवं प्रमाण पत्रों सहित) दिनाँक 27 जून 2023 को सायं 05:00 बजे तक ही कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद गोण्डा में स्वीकार किये जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
शहरी आशा चयन हेतु पदों की संख्या व स्थान का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कुल पदों की संख्या | वार्ड/मोहल्ले का नाम व पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 40 | आवास विकास प्रथम - 01, आवास विकास द्वितीय- 01, बड़गांव-01, बलवन्तपुरवा- 01, छेदी पुरवा- 01, महारानीगंज- 02, मकार्थीगंज- 03, साहबगंज- 01, सिविल लाइन प्रथम- 03, दयानन्द नगर- 02, पन्तनगर-02, पटेल नगर पूर्वी- 03, अहिरान- 01, इमामबाड़ा- 03, महाराजगंज-02, मोहल्ला राजा- 01, पटेल नगर पश्चिमी- 02, राजेन्द्र नगर- 03, शास्त्री नगर तोपखाना- 03, सुभाष नगर- 01 एवं जिगरगंज- 03 |

**शहरी आशा के पद पर आवेदन हेतु नियम व शर्ते-**

1. आवेदनकर्ता महिला की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण होनी चाहिए।
2. आवेदनकर्ता महिला संबंधित वार्ड की निवासी होना चाहिए। उक्त हेतु संबंधित वार्ड सदस्य/सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गम प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।
3. आवेदनकर्ता महिला की आयु आवेदन की तिथि तक 20 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो।
4. विवाहित /विधवा / तलाकशुदा / परित्याग की गई महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके प्रमाण के लिए नोटरी द्वारा प्रदत्त 10 सटांप पर शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
5. शहरी आशा का चयन राज्य द्वारा प्रस्वावित दिशा-निर्देशों के आधार पर उच्च शैक्षिक योग्यता एवं कार्यानुभवों के अनुसार अधिकतम अंकों एवं साक्षात्कार में प्राप्तांको के कुल योग के श्रेष्ठ अंको के आधार पर किया जायेगा।
6. जे0एन0एन0यू0आर0एम0, यूनीसेफ, एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं के अन्तर्गत समुदाय स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों को अनुभव के आधार पर वरीयता प्रदान की जायेगी। अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
7. शहरी आशा का कोई मासिक मानदेय निर्धारित नहीं है। राज्य द्वारा प्रस्तावित दिशा-निर्देशों द्वारा उनके प्रारंभिक प्रशिक्षणोपरांत किये गये कार्यों एवं सत्यापन के आधार पर ही उनको प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।
8. आवेदकों को साक्षात्कार हेतु तिथि अलग से घोषित की जायेगी।
9. अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की ए0एन0एम0 अथवा संबंधित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिविल लाईन एवं बरियारपुरवा या शहरी स्वास्थ्य ईकाई, कक्ष संख्या 23, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोण्डा से निर्धारित कार्यदिवसों में संपर्क किया जा सकता है।

**शहरी आशा चयन हेतु आवेदन पत्र में अकित की जाने वाली सूचनाएं**

1- वार्ड संख्या व वार्ड का नाम 2- आवेदनकर्ता महिला का नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो 3- आवेदनकर्ता महिला का नाम 4-पिता/पति का नाम 5- वैवाहिक स्थिति का विवरण 6- जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर) 7-जाति 8- स्थाई पता 9-पत्र व्यवहार का पता 10- माबाइल नम्बर 11- शैक्षिक योग्यता 12- अनुभव 13- दिनाँक व स्थान 14- अभ्यर्थी का हस्ताक्षर 15- कुल संलग्नको की संख्या।

जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, एन0यू0एच0एम0, गोण्डा। — नोडल अधिकारी, एन0यू0एच0एम0, गोण्डा। — मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोण्डा।


# 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम विश्व में पहले स्थान पर होंगे : अजय टम्टा

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे होने पर एक विशाल जनसभा बिसवां सिधौली मार्ग पर संगत बाबा बाग हसनापुर में संपन्न हुई!

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अल्मोड़ा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देश में आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें जनता के हर वर्ग लाभार्थी तथा गरीब से गरीब व्यक्ति को शासन की योजनाओं और उनको नीचे तक पहुंचाने की समीक्षा इन आयोजनों के माध्यम से की जा रही है इसी के तहत आज बिसवां में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने गरीबों को उनकी राशन की चिंता से मुक्त कर फ्री राशन देने का काम बड़े पैमाने पर किया रसोई में गैस पहुंचाई, व शौचालय जैसी तमाम योजनाओं को देकर गरीब के चेहरे पर




खुशहाली लाने का काम किया। देश के आजादी के 75 सालों में कुछ राजनीतिक दलों ने 54 साल तक राज्य तो किया पर परिवारवाद तथा भारत को आजादी के बाद तमाम समस्याओं से घेर दिया जिससे भारत का विभाजन होता रहे और भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों का सामना न कर सके चाहे वह 370 का मुद्दा हो चाहे सीमाओं का विवाद हो ऐसी तमाम समस्याओं से देश को दिया। 2014 में देश में नरेंद्र मोदी के आने के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रयास किए गए। आज भारत विश्व में पांचवें स्थान पर औद्योगिक क्षेत्र में खड़ा है 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम विश्व में पहले स्थान पर होंगे उन्होंने तमाम विकास योजनाओं का हवाला दिया और लोगों से आने वाले 2024 के चुनाव में मोदी के हाथों को मजबूत कर पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। इस अवसर पर सीतापुर प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा प्रदेश में डबल इंजन की सरकार साथ ही उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में चाहे बेटी सुरक्षा योजना हो या गन्ना किसानो के भुगतान का मामला प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा, गरीबों को आवास देने का काम मुख्यमंत्री ने प्रदेश को पहला स्थान देने का काम किया है उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन से यूपी को नई पहचान मिलेगी। वहीं सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने पांचो विधानसभा क्षेत्र से आई जनता का आभार व्यक्त करते हुए आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश में 80 सीटों पर भाजपा का परचम लहराने की अपील की । उन्होंने जिले में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा दिया। विधायक निर्मल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक आशा मौर्या ,पूर्व विधायक सुनील वर्मा लहरपुर, उमाकांत मिश्रा, राकेश त्रिपाठी ,नीरज वर्मा कंचन प्रभा पांडे, नीलम वर्मा, पंकज गुप्ता, मनोज कुमार मन्नू जैन, पीयूष मौर्य धैर्य गुप्ता बरखा सिंह आदि सहित बड़ी संख्या भाजपा के कार्य कर्ता मौजूद रहे। विशाल जन सभा का संचालन करुणा शंकर त्रिपाठी ने किया।

# एसपी सिटी व नगर आयुक्त मौजूद, 14 करोड़ की संपत्ति कराई कब्जा मुक्त

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



माफिया कोई भी हो वह बक्सा नहीं जाएगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कहावत सत्य होती दिखाई दे रही पीडब्ल्यूडी कांड से चर्चा में आए माफिया अजीत शाही अपनी दबंगई के बदौलत बेतियाहाता आवास विकास कॉलोनी में नगर निगम की बेशकीमती 31 डिस्मिल जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर मैरिज हाल चलाता था जिसे आज एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई के नेतृत्व में माफिया गिरी करने वाले माफिया अजीत शाही की बोलती बंद करते हुए नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव के साथ आवास विकास कॉलोनी बेतियाहाता माफिया अजीत शाही द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किए गए 31 डिस्मिल पर चलाए जा रहे बुलडोजर स्थल पर पहुंचकर अपने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाएं और अपर नगर आयुक्त दुर्गेश कुमार मिश्रा संयुक्त अपर नगर आयुक्त /ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरव की मौजूदगी में बने मकान को बाउंड्री वाल सहित ध्वस्त करा दिया बरहाल अजीत शाही जिला जेल में बंद है उसके करीबियों और उसके अवैध संपत्तियों का ब्यौरा अभी और तैयार किया जा रहा है उसे भी बहुत जल्द प्रशासन द्वारा ध्वस्त करा दिया जायेगा। माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार का बुलडोजर किसी को बक्सने वाला नहीं है। भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में अजीत शाही के द्वारा नगर निगम की नजूल की 31 डिसमिल संपत्ति को अवैध तरीके से कब्जा कर चार कमरे किचन बनाकर मैरिज हाउस चलाया जा रहा था जो काफी दिनों से बंद चल रहा था पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल अपर नगर आयुक्त दुर्गेश कुमार मिश्रा संयुक्त अपर नगर आयुक्त/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ बेतियाहाता आवास विकास कॉलोनी फल मंडी के सामने पहुंच कर अवैध तरीके से कब्जे किए गए जमीन पर बाउंड्री व मकान को ध्वस्त कराया। इस जमीन की कीमत 14 करोड़ के आसपास बताई जाती है

जानकारी के मुताबिक अजीत शाही और उसके गुर्गों ने कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। 31 डिसमिल बेशकीमती भूमि जमीन पर इस गिरोह के लोग अर्से से कब्जा जमाए बैठे थे बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि माफिया अजीत शाही आपराधिक मामलों के अंतर्गत गोरखपुर की जेल में बंद चल रहा है। बेतियाहाता दक्षिणी में लखनऊ हाइवे पर 31 डिस्मिल (1250 वर्म मीटर) भूमि पर पिछले 15 वर्ष से माफिया का अवैध कब्जा नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर था जहा नगर निगम का बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया। सोमवार को नगर निगम के आला अधिकारी पहुंच कर घर में रखा सामान हटवाने के बाद बुलडोजर से मकान व चहारदीवारी को गिरवा दिया। नगर निगम और पुलिस की टीम बेतियाहाता पहुंची तो वहां गेट पर अजीत शाही के मॉ और पत्नी के नाम का बोर्ड लगा हुआ था। मूल रुप से देवरिया के भाटपार रानी, पकड़ी बाबू गांव का रहने वाला माफिया अजीत शाही बेतियाहाता के आवास-विकास कालोनी में परिवार के साथ रहता है। 15 वर्ष पहले उसने आवास से 500 मीटर की दूरी पर लखनऊ हाइवे से सटे नगर निगम की 31 डिस्मिल बेसकीमती भूमि पर कब्जा कर लिया। माफिया ने यहां चहारदीवारी का निर्माण कराने के बाद चार कमरा, किचन व बाथरूम बनवाने के बाद गेट पर अपनी पत्नी व मां के नाम का बोर्ड लगा दिया

योगी सरकार के बुलडोजर की कार्रवाई के बाद अजीत शाही शांत था। लेकिन बीते 12 मई 2023 को शाहपुर थाने में बैंककर्मियों को धमकाने व जबरिया वसूली करने के मामले में वह चर्चा में आ गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने माफिया अजीत शाही पर शिकंजा कसा तो उसके काले कारनामे सामने आने लगे। संपत्ति की जांच कराने पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली तो पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई ने नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को बेशकीमती जमीन के बारे में अवगत कराया नगर निगम की टीम हरकत में आई। बता दें कि कैंट, शाहपुर,गीडा, गुलरिहा के साथ ही जिले के कई थानों में माफिया अजीत शाही के विरुद्ध हत्या, हत्या की कोशिश, रंगदारी, बलवा, गैंगस्टर, गुंडा व गैंगस्टर एक्ट के 35 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# नगर निगम ने अभिराम दास वार्ड से शुरू किया समस्या निस्तारण शिविर



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महापौर गिरीश पति तिवारी द्वारा अभिराम वार्ड से कैंप का शुभारंभ किया गया।मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एमआरएफ केंद्र पर तैयार कंपोस्ट एवं अमृत कल्चर उत्पाद के विक्रय का शुभारंभ भी किया गया।वार्ड में कैंप लगाए जाने के निर्देश के क्रम में अभिरामदास वार्ड में कर विभाग से सम्बन्धित विसंगतियों के निराकरण एवं वार्डो की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए कैम्प का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 15 शिकायतें आई। इनमें 07 जलकल,05 मार्ग प्रकाश एवं 03 कर विभाग से सम्बन्धित थी। इन शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में मौके पर ही सम्बन्धित अनुभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्री तिवारी के निर्देशानुसार प्रतिदिन प्रत्येक वार्डो में कैम्प का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जायेगा,जिसमें शिकायतकर्ता निगम सम्बन्धी शिकायतें/समस्याओं को संज्ञान में लाकर त्वरित समाधान करा सकते है।महापौर श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि निगम जनसमस्याओं के प्रति पूर्णतया संवेदनशील है।सभी अधीनस्थ अधिकारियों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर समस्याओं के निराकरण किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सम्मानित नागरिक जन से अपील है कि अपने-अपने वार्डो में लगने वाले कैप में कर विभाग से संबंधित विसंगतियों का निराकरण व अन्य जनसमस्याओं को एक ही पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि निगम द्वारा कूड़े के वैज्ञानिक विधि से निस्तारण के उपरांत कंपोस्ट खाद एवं कल्चर का निर्माण किया जा रहा है। नागरिक मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र से उद्यान आदि में प्रयोग करने हेतु क्रय कर सकते हैं।नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि निगम जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। जनसमस्याओं का निराकरण पूर्ण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्षद सुल्तान अंसारी,अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार गुप्त,मुख्य अभियन्ता कमलजीत सिंह, महाप्रबन्धक जल महेश चन्द्र आजाद,अधिषाषी अभियन्ता अनूप सिंह,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र कुमार,कर निर्धारण अधिकारी सुदर्शन चन्द्रा, सहायक अभियन्ता आर0पी0 यादव,कर अधीक्षक विनोद कुमार गौड़ व जय प्रकाश सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों की बिक्री से नीलाम हो रहे गरीब के घर

**डाला सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



वो कहावत है ना की सच दुबका दरारों से झांक रहा है और झूठ मदमस्त हो चौराहों पर नाच रहा है और इसी कहानी को चरितार्थ होता पायेंगे जब नज़र डाला चढ़ाई आदि टोलों पर जायेगी जहां मादक पदार्थों की बिक्री अपना पांव पसार चुके हैं और नित्य नये ग्राहक की तलाश में किसी ना किसी को अपना शिकार बना रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय डाला चौकी क्षेत्र में इन दिनों मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों की जड़ें मजबूत होती जा रही हैं और इसका खामियाजा वो गरीब परिवार भुगत रहा है जिसके परिवार का कोई ना कोई शख्स हिरोइन जैसे खतरनाक मादक पदार्थों के सेवन का आदि हो गया है। आपको बताते चलें कि डाला क्षेत्र में अक्सर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दबे आवाज में ही हिरोइन को बंद करने की आवाज उठती रहती हैं और आय दिन चौक चौराहों पर इस व्यापार को आखिर कौन पलने पोसने दे रहा है इस पर चर्चा होती है। वैसे गौर करें तो डाला चढ़ाई इन दिनों मादक पदार्थों का अड्डा बनता जा रहा है ऐसे में इसके सेवन के कारण रोज दो जून की रोटी का जुगाड़ करने वाले गरीब के घर के बर्तन से लेकर ईट तक बिकने की नौबत आ रही है। ऐसे में डाला चढ़ाई की महिलाओं ने बताया कि हमारा लड़का जब छोटा था तो हमने भी सोचा था कि वह बड़ा होकर परिवार की देखभाल करेगा और समाज के लिए कुछ अच्छा करेगा लेकिन इस हिरोइन जैसे जहर की चक्कर में फस कर पी कर हमें भी मारता है।पैसा नहीं मिलने पर घर का सम्मान बेच देता है।उसके दो बच्चे हैं उनका पालन पोषण कैसे होगा यह तो भगवान ही जानता है पर यदि प्रशासन की कार्रवाई हो रही है तो इस पर लगाम क्यों नहीं लग रहा है।विक्रेता कहीं दूर के नहीं आस पास के ही हैं हम एक ओर अपने बच्चे को बर्बाद होते देख रहे हैं तो दूसरी तरफ अपने घर को। नाम नहीं बताने के शर्त पर लोगों ने बताया कि कुछ लोगों की पनाह और आपसी मिली भगत से हिरोइन का कारोबार फल फूल रहा है जबकि क्षेत्र में ऐसे नशे के तस्करों को पाताल से भी निकाल कर कार्रवाई होना चाहिए।

# दुद्धी विधानसभा के म्योरपुर हवाई अड्डा का किया गया अवलोकन

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलतम केन्द्र की सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित महासंपर्क अभियान कार्यक्रम के दौरान विकासतीर्थ का अवलोकन आज उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में दुद्धी विधानसभा के म्योरपुर हवाई अड्डा का अवलोकन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले मे मेडिकल कालेज का निर्माण कराने का कार्य कर रही है। हमारे जिले मे भी हवाई हड्डे का निर्माण तेजी से हो रहा है जिससे यहां के आदिवासी भी अब हवाई यात्रा कर सकेंगे यह कार्य केवल मोदी व योगी ही कर सकते है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिस पार्टी का कार्यकर्ता मजबूत होता है उसी की सरकार बनती है कार्यकर्ताओं की वजह से सांसद और विधायकों की जीत सुनिश्चित होती है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प से आज करोडो लोगो को किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, हर घर शौचालय व उज्जवला योजना का लाभ मिल रहा है गैस सिलेण्डर के लिए लंबी लाइने नही लगानी पड़ रही है सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए मोदी सरकार सभी जाति धर्म के लोगो को योजनाओ का लाभ दे रही है। प्रधानमंत्री के 9 साल के कार्यकाल मे देश के विभिन्न क्षेत्रो मे किये गये विकास कार्य जनकल्याणकारी योजनाएं एवं उनके उपलब्धियों को बताया और कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक बार पुनः विजय का परचम लहरायेगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, दुद्धी विधायक रामदुलारे गोंड, दुद्धी चेयरमैन कमलेश मोहन, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत, घोरावल विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, अनिल सिंह गौतम, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, दिलिप पाण्डेय, अनूप तिवारी, नन्दलाल गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू, मोहरलाल खरवार , राकेश केशरी, रामेश्वर राय, प्रेमनारायण सिंह मोनू, दिलिप चौबे आदि उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद ने आईटीआई के छात्रों में किए टेबलेट वितरित

## राबर्ट्सगंज स्थित चंडी होटल के समीप आईटीआई केंद्र पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



नगर स्थित ज्ञानगंगा प्रा0 आई0टी0आई0 के सभागार में सोमवार को मुख्य अतिथि रामसकल, सांसद (राज्यसभा) एवं विशिष्ठ अतिथि यजुवेन्द्र नाथ, प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 राबर्ट्सगंज की उपस्थिति में संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । संस्थान के प्रधानाचार्य इंजी0 अभिषेक यादव द्वारा संस्थान के प्रगति विवरण प्रस्तुत करने के साथ ही साथ अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत वितरित टेबलेट का उपयोग प्रशिक्षार्थियों को अपने भविष्य निर्माण में करने का सुझाव दिया साथ ही तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर देश की प्रगति में सहयोग करने का आवाह्न किया। विशिष्ठ अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रशिक्षण काल में पूरी निष्ठा से परिश्रम करने एवं अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया गया।

संस्थान के प्रबंधक इंजीनियर कमलदेव चौधरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में विनोक कुमार, आशीष पटेल, विशाल यादव, अजय कुमार, योगेश कुमार, अजय कुमार द्वितीय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरबी सत्यार्थी ने किया।

# योग दिवस की तैयारी में तन्मयता से तल्लीन हैं शहर के प्रबुद्धजन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर शहर के प्रबुद्धजन पूरी तन्मयता के साथ तल्लीन है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोत्साहन हेतु शहर स्थित गुलाबबाड़ी परिसर में दस दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।इस निःशुल्क योग शिविर के संयोजक पूर्वांचल के बड़े महाविद्यालयों में शुमार कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अभय कुमार सिंह तथा व्यवस्थापक प्रसिद्ध उद्योगपति पवन जीवनी,उमेश जीवनी व एडवोकेट कल्पेंद्र सिंह हैं।योग शिविर के प्रशिक्षक दीपेश सिंह एचडब्ल्यूसी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कनीगंज है।योग शिविर के संयोजक प्राचार्य प्रो.सिंह ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य उसकी सर्वाधिक बहुमूल्य निधि होती है।स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है,इसलिए हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर स्वयं को स्वस्थ रखना आवश्यक है।योग शिविर के आयोजन के बारे में शिविर के संयोजक प्रो.सिंह ने बताया कि शनिवार को महापौर गिरीश पति तिवारी के द्वारा शुरू किए गए इस निःशुल्क योग शिविर में दूसरे दिन कुल लाभार्थियों की संख्या 133 रही। इनमें 95 पुरुष तथा 38 महिला लाभार्थी शामिल रहे।

# 14 जून विश्व रक्तदान दिवस पर ब्लड डोनेट के लिए चिकित्सक ने अधिवक्ताओं से की अपील



**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

14 जून विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रक्तदान के लिए अधिवक्ता गणों से तहसील सभागार में तहसीलदार दुद्धी बृजेश कुमार वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक शाह आलम अंसारी, ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर प्रकाश चंद जायसवाल,व राजकीय महाविद्यालय दुद्धी प्रवक्ता डॉ मिथिलेश कुमार नें विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर ब्लड डोनेट करने की अपील किया द्य बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सुपरवाइजर सुधा देवी जायसवाल, दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामपाल जौहरी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राम अजोर भारती एडवोकेट, कुलभूषण पांडेय एडवोकेट, प्रभु सिंह एडवोकेट, सिविल बार एसोसिएशन सचिव रामेश्वर प्रसाद राव, पूर्व सचिव मनोज कुमार मिश्रा एडवोकेट,सत्यनारायण यादव, अंजनी कुमार यादव एडवोकेट, एडवोकेट आदर्श कुमार एडवोकेट, कृष्ण कुमार तिवारी आदि अधिवक्ता गण मौके पर मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में मौके पर तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

## नगर पालिका अध्यक्ष सभागार में सुनी गई जनसुनवाई पर समस्या

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



उ0प्र0 सरकार के द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक शिकायतों का ससमय निस्तारण, संतुष्टि एवं समदृष्टि (सम्भव) के अर्न्तगत जनसुनवाई नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

उक्त आयोजन में कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका निस्तारण तत्काल सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आदेश निर्गत किया गया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष , नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा शासन की चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं यथा-विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पी0एम0 स्वनिधि, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना आदि के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई एवं इसकी सम्यक जानकारी दी गई। अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका के सभी सम्बन्धितों को जनहित से जुड़े सफाई, पथ प्रकाश, पेयजल आदि शिकायतों का त्वरित तथा गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिये कड़े आदेश देते हुये अपेक्षा की गयी कि जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति सदैव सचेष्टता बरती जाय एवं यह ध्यान अवश्य दिया जाय कि जनता को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। भीषण गर्मी में सभी वार्डो में पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिये नागरिकों द्वारा की जा रही मांग को दृष्टिगत रखते हुये टैंकरों की संख्या बढ़ाने के लिये भी आदेशित किया गया। उक्त अवसर पर सन्त कुमार ,दिनेश कुमार, बिमलेश कुमार, सुनीत कुमार व संजय जायसवाल पालिका के कर्मचारी व नगर के मा0 जनप्रतिनिधिगण /नागरिकगण उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता विहिन कार्य देख भड़के चेयरमैन कहा मानक से नहीं होगा समझौता

**चोपन/ सोनभद्र।** नगर पंचायत अंतर्गत कुछ जगहों पर नगर विकास अभिकरण (डुडा )से इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है जहां सोशल मीडिया के माध्यम से चेयरमैन उस्मान अली को सूचना प्राप्त हुई की मल्लाहि टोला प्रथम में बजरंग घाट पर हो रहे इंटरलाकिंग कार्य मानक के विहीन हो रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर चेयरमैन उस्मान अली व अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र सिंह ने इस सड़क का निरीक्षण किया और असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने निर्माण हो रहे सड़क की एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। करीब 20 मिनट के निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने जब सड़क निर्माण में प्रयुक्त हो रही सामग्री को देखा तो उनका पारा चढ़ गया। यहां पर प्रयोग की जा रही सामग्री मानक विहीन मिली। वही चेयरमैन ने इंटरलॉकिंग को स्वयं उखाड़ कर देखा तो सोलिंग मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तत्पश्चात उन्होंने दुरभाष के माध्यम डूडा से सम्बंधित अधिकारी से बात किया और बताया कि कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है जिसे तत्काल संज्ञान में लेकर सही करवाया जाए। आगे बात चीत में चेयरमैन ने कहा कि नगर में हो रहे कार्यो में गुणवत्ता के साथ समझौता नही किया जाएगा तथा विस्तारित क्षेत्र में हो रहे सड़क निर्माण की भी शिकायत सभासदों द्वारा की गई है जिसे संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**बांदा।** नानी के अंतिम संस्कार में न ले जाने से नाराज किशोरी ने कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के खैराडा गांव निवासी मंदाकिनी उर्फ रुचि (13) पुत्री श्रीपाल खंगार ने रविवार की शाम कमरे के अंदर लोहे के पाइप के सहारे साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद घर लौटे छोटे भाई सागर ने देखा तो दरवाजे बंद थे। किसी तरह वह दरवाजा खोलकर कमरे के अंदर पहुंचे। वहां जाकर देखा तो मंदाकिनी उर्फ रुचि फंदे पर लटक रही थी। शव देखते ही वह चीख पड़ा। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चाचा बालगोविंद ने बताया कि उसकी मां चंदा देवी अपने पति के साथ नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने चली गई थी। मंदाकिनी भी अंतिम संस्कार में जाने की जिद कर रही थी। मां ने मना कर दिया। इसी से नाराज होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## घरवालों की डांट से नाराज युवक ने जहर खाकर जान दी

**बांदा।** नशे में उत्पात मचा रहे युवक को घरवालों ने डांट दिया। इसी से नाराज होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को पता चला। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी राजकुमार (35) पुत्र श्यामलाल रविवार की शाम शराब के नशे में धुत होकर घर आया और उत्पात मचाने लगा। घरवालों ने उसे डांट दिया। वह कमरे के अंदर चला गया और जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के घरवालों ने बताया कि राजकुमार दो भाइयों में बड़ा था। वह किसानी करता था।

## फूड प्वाइजनिंग से छह लोगों की हालत बिगड़ी

**बांदा।** फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के छह लोगों की हालत बिगड़ गई। एक के बाद एक सभी लोगों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। परिजनों ने देखा तो सभी को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। मटौंध थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी कलावती (65) पत्नी गुमदा ने रविवार की शाम दही की लस्सी बनाई थी। उस लस्सी को कलावती के पुत्र चंद्रप्रकाश (22), अमित (12) पुत्र ओमप्रकाश, निराशा (22) पत्नी श्यामप्रकाश, गुमदा (80) पुत्र शिवनाथी, भागवती (6) पुत्री सत्यप्रकाश ने पी लिया। कुछ ही देर के बाद एक के बाद एक सभी लोगों की हालत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी दस्त शुरू हो गए। घरवालों ने देखा तो सभी को उठाकर तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका उपचार किया गया। हालत में सुधार होने के बाद डाक्टरों ने सभी को छुट्टी दे दी।

## जाम लगाने वाले एक सैकड़ा ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के बेर्राव गांव में शौच को जा रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और ब्रेकर बनवाए जाने की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। किसी तरह पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। सोमवार को पुलिस ने करीब एक सैकड़ा ग्रामीणों के खिलाफ जाम लगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बेर्राव गांव निवासी सुनील उर्फ नरोत्तम (14) पुत्र पवन रविवार की सुबह शौच के लिए खेतों की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से बालू भरकर आ रहे ओवरलोड ट्रक ने उसे कुचल दिया था। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया था। सूचना पर उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। जाम लगाने से दोनो तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई थीं। आवागमन बाधित हो गया था। उप जिलाधिकारी ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया था।

## महाराजा छत्रसाल के नाम पर किया जाए विवि का नामकरण

**बांदा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारीगण सोमवार को जिलाधिकारी से मिले। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि बांदा कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नाम बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शहर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। रिंग रोड में बनने वाले चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कर उनको गौरवान्वित किया जाए। इसके साथ ही प्रतिमाएं महाराजा छत्रसाल, वीर शिरोमणि महाराजा पृथ्वीराज चौहान, शहीद भगत सिंह, रानी दुर्गावती, गुरू गोविंद सिंह आदि के नाम पर किया जाए। इसके साथ ही शहर के अंदर व बाहर चौराहों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सही तरीके से ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन किया जाए।

## मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिये प्रवक्ता सम्मानित

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज महोखर के प्रवक्ताध्जिला दिव्यांगजन आईकॉन जितेंद्र कुमार यादव को अपने कार्यालय में विगत 11 मई को सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने में दिए गये उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। राजकीय स्पर्श विद्यालय के प्रवक्ता एवं जिला दिव्यांगजन आईकॉन ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने के अभियान में अपनी सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एसएसपी ने महिला बीट आरक्षियों की रैली को दिखाई झंडी

इटावा। समृद्धि न्यूज

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता हेतु आज से चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत एसएसपी ने जनपद की समस्त महिला बीट आरक्षियों को निर्देशित कर महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झण्डी दिखाई।



रैली को हरी झण्डी दिखाते एसएसपी समृद्धि न्यूज

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत आज से एक विशेष 15 दिवसीय अभियान की शुरुआत की गई है जिसके क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने जनपद की समस्त महिला पुलिस कर्मियों, महिला बीट कांस्टेबल व महिला हेल्प डेस्क अधिकारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन इटावा स्थित सभागार में गोष्ठी कर सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुये महिला पुलिसकर्मियों को अपने अपने थाना, बीट क्षेत्र में महिलाओ, बालिकाओ को उक्त योजनाओं की जानकारी देनें साथ ही पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112 आदि के बारे में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरान्त एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह, उपजिलाधिकारी ज्योतस्ना बंधु, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं पुलिस व प्रशासन् के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालिकाओं, छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया



इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा व जागरूकता हेतु आज से चलाए जा रहे 15 दिवसीय महिला सुरक्षा विशेष अभियान के तहत एसएसपी ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना वैदपुरा क्षेत्र अंतर्गत बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया।

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा व जागरूकता हेतु आज से चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह व क्षेत्राधिकारी सैफई द्वारा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना वैदपुरा क्षेत्र अंतर्गत बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया जिसमें बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112 आदि के बारे में तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे जानकारी दी गई।

# जी-20 जन भागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत हुई लेखन प्रतियोगिता

इटावा। समृद्धि न्यूज



जन शिक्षण संस्थान प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के जी-20 जन भागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान ने जनपद के भरथना में लाभार्थियों के मध्य नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक हरि नारायण बाजपेयी के दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ। लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए प्रथम पुरस्कार रजनी यादव, द्वितीय पुरुस्कार प्रगति, तृतीय पुरुस्कार गुंजन ने प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक हरि नारायण बाजपेयी ने नारा लेखन प्रतियोगिता के महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदी में उद्घोष, नीति वचन, प्रचार वाक्य, आह्वान वाक्य, सिद्धांत वाक्य नारे को भी कहा जाता है। जोर आवाज में शब्द, तेजी आवाज में ,बुलंद की जाने वाली सामूहिक या एकल आवाज, नारे कहा जाता है। व्यवहारिक परिचय में देखा जाए तो यह एक पुलिंग और संज्ञा है।नारा विभिन्न विषयों से संबंधित, समाज के किसी वस्तु की विशेषताओं को स्थापित, सार्थक, संक्षिप्त एवं प्रेरणादायक वाक्य को नारा कहा जाता है। यह एक ऐसा वाक्य या शब्द है जो समूह के लोगों की जुबान पर चढ़ जाता है और लोगों को प्रेरित करने की क्षमता रखता है। इसकी हर एक शब्द में शक्ति होती है जो मन को अचूक प्रभाव डालती है जिससे मनुष्य के हृदय में जनमानस छा जाता है।कार्यक्रम में जय शिव मिश्रा, अनुदेशिका रितु यादव , चंदन पोरवाल, इन्दू बाजपेयी, सूर्य कुमार चौधरी, कमल किशोर, यश कश्यप, अमन चतुर्वेदी के साथ लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने नवनिर्वाचित बोर्ड के साथ नगर पंचायत कुलपहाड़ की बैठक की

- नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने रखे विकास प्रस्ताव

महोबा। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** महोबा द्वारा कार्यालय नगर पंचायत, कुलपहाड़ में नव निर्वाचित बोर्ड के साथ बैठक करके विकास कार्यों को गति प्रदान करने पर बल दिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष वैभव अरजरिया द्वारा नगर के मध्य में स्थित किशोर सागर सहित अन्य तालाबों के सुन्दरीकरण, बस स्टेण्ड के जीर्णोद्वार, एन0एच0 76 के छूटे हुये भाग के निर्माण एवं बाघ विराजन रोड व स्टेशन रोड के निर्माण हेतु मांग की गयी। श्री अरजरिया द्वारा बच्चों के लिये नगर में खेल के मैदान हेतु भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कार्ययोजना तैयार कराने हेतु कहा गया। उक्त कार्ययोजना के अनुसार उनके द्वारा विकास हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी को सफाई व पेयजल व्यवस्था के सुदृणीकरण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में वैभव अरजरिया अध्यक्ष नगर पंचायत कुलपहाड़, निर्दोष कुमार अधिशाषी अधिकारी, समस्त सदस्यगण नगर पंचायत कुलपहाड़ व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## पुलिस ने मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया

**इटावा।** महिला सुरक्षा विशेष दल ने शहर में मनचलों और अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जिससे मनचलों में हड़कम्प मच गया। महिला सुरक्षा विशेष दल ने शहर क्षेत्र अंतर्गत मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत दो घायल

महोबा। समृद्धि न्यूज



अपनी बुआ की शादी का कार्ड बाटने गए लडको को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घटना में एक की मौके पर मौत हो गई तथा दो लोग घायल हुए हैं। जनपद महोबा के कबरई कस्बे के किदवई नगर निवासी शिवम् पुत्र दीनदयाल कुशवाहा 16वर्ष और कस्बे के ही विवेक नगर निवासी शिवम पुत्र घनश्याम व वीरू पुत्र नरेश निवासी बारीगढ़ शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के मुडहरा तिगैला के पास दर्दनाक हादसा हुआ अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें शिवम् की मौत हो गई एवं दो घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और आनन फानन में बारीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया और अन्य घायलों का ईलाज चल रहा हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि कल ही उसी मोहल्ले में एक बालक की पानी में डूबकर मौत भी हो गई थी।

# किसान ने अपने खेत में हो रहे अवैध खनन की शिकायत थाना दिवस में की

बेलाताल महोबा। समृद्धि न्यूज



पीड़ित किसान ने अपने खेत में हो रहे अवैध खनन की शिकायत थाना दिवस में की है । दबंग बालू माफिया खेतों में बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम कुड़ई थाना अजनर निवासी बिहारीलाल पुत्र शंकर अनुरागी ने लिखित रूप से थाना दिवस में तहरीर देकर अवगत कराया कि ब्रह्मा नदी से लगा हुआ मेरा खेत है यह क्षेत्र मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है इस नदी में बालू माफियाओं के द्वारा लगातार अवैध खनन किया जा रहा है और यह लोग नदी के साथ-साथ खेतों में भी अवैध खनन कर रहे हैं जिस कारण मेरे खेत में कई जगह दबंग बालू माफियाओं ने बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए हैं यह लोग दिन में व रात में बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। पीड़ित किसान के पुत्र दीनदयाल अनुरागी ने बताया यह दबंग बालू माफिया दिन-रात अवैध रूप से बालू का खनन खेतों से कर रहे हैं यह आसपास के क्षेत्र के ही लोग हैं लेकिन इन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है जिस कारण से हम लोगों की खेत बर्बाद किए जा रहे हैं।

# जायन्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संयोजकत्व में धर्मार्थ चिकित्सा शिविर लगा

इटावा। समृद्धि न्यूज




**चिकित्सा** सेवा ही सर्वोत्तम सेवा को आत्मसात करते हुए समाज के आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थय लाभ पहुंचाने हेतु समर्पित जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संयोजकत्व में यूनिट 1 एवं 2 के समस्त समूहों के सहयोग से ऊषा यादव अध्यक्ष फेडरेशन 5 के जन्म दिन पर धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन मां लक्ष्मी क्लीनिक महादेव नगर समीप आईटीआई चौराहा पर किया गया।

शिविर संयोजक डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन ने धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा ही सर्वोत्तम सेवा ,दीन सेवा ही ईश सेवा है। डॉ यादव ने शिविर में पंजीकृत 218 रोगियों को समुचित चिकित्सकीय परीक्षण करके निशुल्क परामर्श एवं यथा संभव औषधि वितरित की। धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन 18 जून दिन रविवार को पुनः आईटीआई चौराहा के समीप एन एच-2 की कानपुर से डाउन वाली सर्विस रोड पर महादेव नगर में स्थित मां भगवती हास्पिटल के पास मां लक्ष्मी क्लीनिक पर होगा। शिविर संयोजिका ऊषा यादव ने बताया कि शिविर में पंजीकृत 218 रोगियों में अधिकांश रोगी डेगू , टाईफाइड आदि बुखार, एसिडिटी, गैस,कब्ज, जलोदर आदि उदर रोग, हृदय रोग, ल्यूकोरिया मासिक धर्म अनियमितता, नपुंसकता आदि गुप्त रोग, सोरिएस, ऐक्जिमा आदि त्वचा रोग, साईटिका, रियूमेटाइड आर्थराइटिस, गठिया, आदि जोड़ो के दर्द, डायबिटीज, गुर्दे मूत्राशय एवं पित्ताशय की पथरी , दमा, इस्नोफीलिया, टी बी आदि फेफड़े के रोग , मिर्गी, माइग्रेन, चक्कर आदि से पीड़ित पाये गये। शिविर में राम चन्द्र कश्यप फेडरेशन कोआर्डिनेटर, ललित सक्सैना फेडरेशन आफीसर, मुकेश बाबू मीडिया प्रभारी, संगीता अग्रवाल फेडरेशन आफीसर, डॉ उमेश यादव फेडरेशन आफीसर, राखी मित्तल अध्यक्ष जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली डायमंड, बलराज गर्ग अध्यक्ष इटावा डायमंड, आस्था कुशवाहा अध्यक्ष जायण्ट्स ग्रुप आफ पिलुआ महावीर आदि रहे।

## निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बांदा।** जन शिक्षण संस्थान सभागार में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के निर्देश पर जी-20 जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के निदेशक मोहम्मद सलीम अख्तर ने जी-20 जन भागीदारी के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता जिसका शीर्षक कंप्यूटर शिक्षा का दायरा दिया गया तथा रंगोली प्रतियोगिता में जी-20 जन भागीदारी पर रंगोली बनाने के लिए कहा गया। सबसे पहले चार-चार प्रतिभागियों का एक ग्रुप बनाकर कुल छह ग्रुप बनाए गए। लाभार्थियों को डेढत्र घंटे का समय निर्धारित किया गया। लेखाकार लक्ष्मीकांत दीक्षित ने जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता में बनाए गए ग्रुप का स्टाफ सहित अवलोककन किया।

# उपजा संगठन पत्रकारों के हितों के संरक्षण, संवर्धन के लिए सदैव तत्परः महेंद्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष

- बैठक में संगठन की मजबूती को दिया गया बल

महोबा। समृद्धि न्यूज






रविवार को जिले के कस्बा जैतपुर में डाक बंगला में यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) की बैठक संपन्न हुयी. जिसकी अध्यक्षता उपजा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र मिश्रा द्वारा की गई। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं एवं पत्रकार हित विषय पर चर्चा करते हुए विचार व्यक्त किए गए।

यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की जनपदीय इकाई की बैठक रविवार को जैतपुर में संपन्न हुयी । बैठक में वक्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया। कहा कि संगठन पत्रकारों के हितों के संरक्षण, सवंर्धन के लिए सदैव तत्पर है। बैठक में तहसील और ब्लाक इकाइयों से गठन और सशक्तीकरण पर जोर दिया गया।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में निष्पक्ष पत्रकारिता काफी चुनौती पूर्ण कार्य है। फिर भी लोकतंत्र स्तंभ मीडिया की भूमिका काफी अहम है। पत्रकारिता शासन, सरकार और जनसामान्य के बीच मजबूत सेतु है। उपजा के जिलाध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य निष्पक्ष पत्रकारिता का दायित्व है। शासन अथवा प्रशासन के आक्रोश की चिंता न करके पत्रकार खबरों का संकलन और प्रकाशन करता है। इस कार्य में उसे अनेक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ता है। खास तौर से वर्तमान परिवेश में यह चुनौती और भी गंभीर हो गई है। ऐसे में उपजा पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित है, कहा कि सच्चे पत्रकार को सत्य परक एवं निष्पक्ष खबरें प्रकाशित करना चाहिए।

इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे खबरों के संकलन, प्रकाशन में तथ्यों, साक्ष्यों का परीक्षण, अनुशीलन और पूरी तरह जांच पड़ताल के बाद खबरों का चयन करें। चुनौतियों से बिलकुल न घबराएं, न ही चिंता करें, हमेशा सच का अनुसरण करें। वरिष्ठ पत्रकार उपजा के संरक्षक आनंद द्विवेदी ने कहा कि संगठन पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा करने और उनके समक्ष आने वाली किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण और निरंतर सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को परिचय पत्र जारी किया गया है। कि वे संगठन को सशक्त बनाने के लिए अपनी उर्जा का भरपूर प्रयोग करें और संगठन को शीर्ष तक पहुंचाने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रयोग करें। वक्ताओं द्वारा पत्रकारों से भ्रामक खबरों से बचने की अपील की गई।नवीन आई कार्ड जुलाई माह में वितरित किए जाने एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।एम पी से आए वरिष्ठ पत्रकार संतोष गंगेले कर्मयोगी ने पदअधिकारियो का सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विराग पचौरी, राकेश अग्रवाल, राजेश चतुर्वेदी, अतुल शर्मा, आनंद तिवारी, लक्ष्मी गोस्वामी, अनूप गुरुदेव, कृष्ण गोपाल सिंह, रामगोपाल अग्रवाल, प्रकाश सक्सेना, कैलाश सोनी,आलोक शर्मा, योगेश चौबे, कृष्ण कांत चौबे,जुगल किशोर द्विवेदी, दीपक गुरुदेव,विपिन तिवारी, रमेश मिश्रा,अनिल शुक्ला, ललित विश्वकर्मा,पवन तिवारी, संतोष कौशिक, , सुरेश पाठक, हेमंत गोस्वामी सहित समूचे जिले से आए बड़ी संख्या में कलमकार मौजूद रहे।

बैठक उपरांत सुरूचि भोज में पत्रकारों के अतिरिक्त चेयरमैन महोबा डां संतोष चौरसिया, कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अरजरिया, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार कुलपहाड़ ने भी सहभागिता की।

## खबरें एक नजर में

### पिता ने फांसी लगाकर दी जान, दो बेटियां हुईं अनाथ

**इटावा।** भरथना कोतवाली के अन्तर्गत मोहल्ला मोतीगंज के गणेश राइस मिल की नवसृजित बस्ती निवासी दो नाबालिग बेटियों का पिता घर के अन्दर फांसी के फन्दे पर झूल गया। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हो सकी जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इससे दो वर्ष पूर्व मृतक रवि दीक्षित 35 पुत्र आनंद दीक्षित की पत्नी सुधा दीक्षित ने भी सुसाइड कर लिया था। मृतक रवि दीक्षित के नाबालिग दो बेटियां हैं जो अब अनाथ हो गई हैं। परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, कोतवाल भूपेन्द्र राठी ने मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। रवि दीक्षित 35 पुत्र आनंद दीक्षित की फांसी लगाकर आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल सका है। मृतक रवि दीक्षित अपने पीछे अपनी नाबालिग दो बेटियों कु. परी 9 वर्ष व कु. माधुरी 8 वर्ष को रोता विलखता अनाथ छोड़ गया है। मोहल्ला वासियों ने बताया कि मृतक रवि दीक्षित की पत्नी सुधा दीक्षित दो वर्ष पूर्व ही सुसाइड कर चुकी थी। जिसके कारण नाबालिग दोनो बेटियां अनाथ हो गई हैं।

### भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के आकाशदीप जिला महामंत्री, रजत शहर अध्यक्ष बने

**इटावा।** व्यापारियों के हितों के लिये सदैव आवाज बुलंद करने वाले व्यापारी नेताओ ने लोकेश अग्रवाल के व्यापार मण्डल को छोड़ कर व्यापारी कल्याण बोर्ड उ.प्र. सरकार के चेयरमैन एवं भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग का दामन रविवार को जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के यहां आयोजित कार्यक्रम में थाम लिया। लोकेश अग्रवाल गुट के शहर अध्यक्ष आकाशदीप जैन, प्रदेश मंत्री रजत जैन एवं महिला प्रदेश उपाध्यक्ष रीना जैन ने सहित दो दर्जन से अधिक व्यापारी नेताओ ने व्यापारी कल्याण बोर्ड उ.प्र. सरकार के चेयरमैन रविकांत गर्ग से वार्ता कर भारतीय उधोग व्यापार मण्डल में शामिल होने का एलान किया। जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं कानपुर मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता ने वरिष्ठ व्यापारी नेता आकाशदीप जैन को भारतीय उधोग व्यापार मण्डल का जिला महामंत्री, रजत जैन को शहर अध्यक्ष एवं रीना जैन को महिला जिलाध्यक्ष पद का मनोनयन पत्र सौप कर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। नव मनोनीत जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा शीघ्र ही व्यापार मण्डल का विस्तार किया जायेगा व्यापारियों की समस्याओं को हल कराने के लिये वह संघर्ष करेगे। कार्यक्रम में मण्डल उपाध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सुशील यादव, जिला सचिव सावित्री सिंह, साधना गुप्ता मीडिया प्रभारी आशुतोष दुबे, आशीष भदौरिया, विष्णु अग्रवाल, पंकज जैन, रोहन मित्तल, सौरभ वर्मा, तन्नू छुगानी, आलोक, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

### हर घर ध्यान के तहत कप्तान की पत्नी ने योगाभ्यास कराया

**इटावा।** मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण के दृष्टिगत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे हर घर ध्यान अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की पत्नी नीलम राय वर्मा ने महिलाओं, बालिकाओं को योगाभ्यास कराया। संस्कृति मंत्रालय एवं आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आमजन के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के दृष्टिगत लोगों को योग, ध्यान, प्रणायाम अभ्यास की जानकारी प्रदान करने के लिए एक विशेष अभियान हर घर ध्यान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की पत्नी नीलम राय ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बहु-उद्देश्यीय हॉल में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं को योग, ध्यान, प्रणायाम की सरल व आसानी से अपनाई जाने वाली पद्धति का परिचय देते हुए ध्यान, योगाभ्यास कराया। इस योगाभ्यास के दौरान जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी की पत्नी भी उपस्थित रही।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को डंडों से पीटा

**बांदा।** गाली-गलौज का उलाहना देने गए युवक को दो सगे भाइयों ने दबोच लिया। उसे डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर मुहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के परशुराम तालाब मुहल्ला निवासी मुकेश वर्मा (32) पुत्र शिवप्रसाद वर्मा की बेटी पलक रविवार की शाम अपने ताऊ के दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच पड़ोसी युवक ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ अभद्रता कर दी। घर आई पलक ने यह बात अपने पिता को बताई। सोमवार की सुबह पिता मुकेश पड़ोसी के घर उलाहना देने गया। इसी बात को लेकर मुकेश का दोनो भाइयों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो भाइयों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। घायल को कोतवाली ले जाया गया। घटना की तहरीर देने के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### युवती समेत दो लोगों ने फांसी लगाई, भर्ती

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरहरी गांव निवासी गीता (20) पुत्री रामराज ने सोमवार की सुबह घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो मौके पर पहुंचे घरवालों ने देखा तो फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह जसपुरा कस्बा निवासी आनंद (75) पुत्र राममिलन ने घरेलू कलह से परेशान होकर कमरे के अंदर फांसी लगा ली। मौके पर पहुंचे घरवालों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के चटचटगन गांव निवासी रामकुमार (26) पुत्र शिवकरन ने सोमवार की दोपहर शराब के नशे के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी।

# समस्त ग्राम पंचायत को सहकारी समितियों से आच्छादित करें: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता मे नव गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की हुई बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



नव गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक में आवश्यक निर्देश देते डीएम

**सोमवार को** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में नव गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर नये समितियों के गठन व निष्क्रिय समितियों को सक्रिय कर समस्त ग्राम पंचायतों को सहकारी समितियों से आच्छादित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में समितियों के आनलाईन डाटा फीडिंग एवं सभी ग्राम पंचायतों में सहकारिता विभाग, दुग्ध विभाग, मत्स्य विभाग (किसी एक विभाग) के समितियों का गठन किया जाना है, उन्होंने कहा कि जनपद के 499 ग्राम पंचायत है। जिसमे सहकारिता, पैक्स एवं मत्स्य विभाग की 03 तथा दुग्ध विभाग की 237 दुग्ध समितियॉ क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त उन ग्राम पंचायतों में जहां कोई भी सहकारी समिति स्थापित नहीं है, जिसमें गठन का कार्य किया जाना है, दुग्ध विभाग, मत्स्य विभाग व सहकारिता विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर नये समिति गठित करने एवं निष्क्रिय समितियों को सक्रिय कर समस्त ग्राम पंचायत को सहकारी समितियों से आच्छादित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहाकारिता ने सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र में निर्गत दिशा-निर्देशों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं से उपस्थित सम्मानित सदस्यगण को भी अवगत कराया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, सहायक आयुक्त राजीव लोचन शर्मा एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं दुग्ध विभाग के प्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सभी अधिकारी अपने कार्यालय में पूर्वाहन 10 बजे उपस्थित होकर जनसुनवाई करें: डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी के निर्देशन में शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण कराए जाने पर समस्त पूर्ति निरीक्षक अनुपस्थित पाए गए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनः अनुपस्थित मिले। सीडीपीओ एवं पंचायत सहायक भी अनुपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा जाहिर की है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी ठीक पूर्वाहन 10 बजे अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित हो। निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित होकर जनसुनवाई करें। कहा कि कार्यालयों का निरीक्षण अभियान निरंतर चलता रहेगा। सभी अधिकारी अपने कार्यस्थल पर तैनात होकर जिम्मेदारी का परिचय दें अन्यथा विधिक कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कर्णवीर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, सीडीपीओ कन्नौज विजय लक्ष्मी दुबे, सीडीपीओ उमर्दा अमित कुमार मिश्रा, सीडीपीओ सौरिख पंकज यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तिर्वा जावेद अख्तर खान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तिर्वा मनोज गहराना, पूर्ति निरीक्षक कन्नौज अंकित अग्रवाल, पूर्ति निरीक्षक छिबरामऊ सियाराम कुरील, पूर्ति लिपिक छिबरामऊ मनीष श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी उमर्दा अरबिन्द कुमार, शशांक, गौरीशंकर, भावना यादव, रत्नाजली, ग्राम विकास अधिकारी तालग्राम शिवांगी गुप्ता, जयप्रकाश, ब्रजेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी गुगरापुर मो0 मुजीब, अश्वनी कुमार, ग्राम विकास अधिकारी कन्नौज विनीत शाक्य, ग्राम विकास अधिकारी सौरिख दिव्या, ग्राम विकास अधिकारी जलालाबाद संदीप सहित कुल 33 कर्मचारी समस्त विकास खण्डो एवं कार्यालयों में अनुपस्थित पाये गये। डीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि कार्यालयों का निरीक्षण अभियान निरंतर चलता रहेगा। सभी अधिकारी अपने कार्यस्थल पर तैनात होकर जिम्मेदारी का परिचय दें अन्यथा विधिक कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# जिले के किसानों से डीएम ने की अपील, खेत में ही सुखाएं मक्का

- सड़क पर मक्का बिछाने से दुर्घटनाओं की बढ़ रही अधिक संभावना
- सड़क पर मक्का सुखवाने वाले संबंधित किसानों के विरुद्ध की जाएगी विधिक कार्यवाही।
- मक्का फसल अवशेष जलाए जाने पर की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई



बैठक में मौजूद डीएम व एडीएम — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सड़क पर मक्का सुखाने से दुर्घटनाये अधिक हो रही हैं। मक्का किसान सड़क पर मक्का सुखाने के स्थान पर खेत में ही मक्का सुखाएं। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में मक्का के अवशेष निस्तारण एवं सड़क पर मक्का न सुखाए जाने के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कही। डीएम ने कहा कि मक्का की कटाई प्रारंभ हो गई है। इस बार फसल अवशेष जलाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-24 एवं 26 के अंतर्गत खेत में फसल अवशेष जलाया जाना एक दंडनीय अपराध है। श्री शुक्ल ने कहा कि जिले किसान मक्का अवशेष को जलाने के स्थान पर उसे खेत में ही सड़ा कर खाद के रूप में प्रयोग करें। इसके साथ ही मक्का अवशेष को गौशालाओं में चारे के रूप में लेने की कार्यवाही की जा रही हैं। इच्छुक किसान गौशालाओं में मक्का अवशेष दे सकता है। उन्होंने कहा कि लेखपाल एवं ग्राम पंचायत अधिकारी किसानों को जागरूक करें कि मक्का अवशेष न जलाएं। इस कार्य हेतु उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि इस संबंध समस्त थानों को भी सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद बहराइच की विपुल अग्रवाल कंपनी संपर्क किया जा रहा है। विपुल अग्रवाल कंपनी द्वारा मक्का अवशेष लेने की बात कही गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक समेत विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्राम बलारपुर में शिविर लगाकर महिलाओ को किया गया जागरुक

- मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा नारी सम्मान के तहत पुलिस अधिकारियो ने महिलाओं के लिए शासन द्वारा संचालित सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी से अवगत कराया

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा नारी सम्मान के तहत ग्राम बलारपुर में शिविर लगाकर ग्रामीण महिलाओं को जागरुक किया गया। इस दौरान जागरुकता सम्बन्धी पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही बच्चों को पेन वितरित किए गए। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-3 के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर डा. प्रियंका बाजपेयी, सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, शक्ति मोबाइल एवं थाना कोतवाली की एन्टी रोमियो टीम की ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा नारी सम्मान के तहत ग्राम बलारपुर में जागरुकता शिविर लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के बारे मे अवगत कराया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु 'वीमेन पावर लाइन 1090 व 112' व '181 महिला हेल्पलाइन एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं के सम्बन्ध में अन्य कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन के बाद अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर ने ग्रामीण बच्चों को पढ़ने के लिए पेन वितिरित किये।

## खबरें चलते-चलते

### सूने घर का ताला तोड़कर उड़ाई नकदी व जेवरात

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिजनों के साथ गर्मियों में तीर्थ यात्रा पर गए स्वास्थ्य कर्मी के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों रुपये के नगदी व जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी श्रीकांत अवस्थी ने बताया कि बीती 07 जून को वह अपने घर में ताला डालकर परिवार के साथ माता पूर्णागिरी के दर्शन के लिए गया था और सोमवार की सुबह करीब 06 बजे उसके पड़ोसियों का फोन आया। पड़ोसियों ने बताया कि उसके घर और सेफअलमारी का ताला टूटा हुआ है। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। पीड़ित ने फोन पर बताया कि वह सेफअलमारी उसकी धर्मपत्नी की है और उसमें उसके जेवरात व नगदी रखी हुई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

### मामूली विवाद में मारपीट महिलाओं सहित चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में अभद्रता के बाद जमकर लाठी-डंडे चले।जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महोना निवासी सुरेंद्र कुमार ने दी तहरीर में बताया है कि गांव के ही रामशंकर, दीपू, बबलू और दुर्गेश ने मामूली विवाद को लेकर बीते रविवार को उसके साथ अभद्रता की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी बहू फूलन देवी, पूजा देवी, पुत्र विपिन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद में आरोपियों ने युवक के साथ अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी सोनू ने दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही रमन, श्याम और निक्की ने मामूली विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से मौत का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक सवार युवक को सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका छोटा भाई शिव ओम बाइक पर सवार होकर गुरसहायगंज की ओर जा रहा था। तभी सामने से आ रहे नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर के चालक कल्लू प्रजापति निवासी ग्राम ऊंचा ने पाल नगर स्थित ट्यूबवेल के सामने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई शिव ओम की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### पत्नी को मारपीट कर दिया तलाक किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी के बाद दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला से अभद्रता करते हुए मारपीट की और तीन तलाक देकर उसे बेघर कर दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी सायदा बेगम ने दी गई तहरीर में बताया है कि उसका विवाह थाना कन्नौज के मोहल्ला शेखाना निवासी जहांगीर से हुआ था। शादी के बाद से पति जहांगीर, सास परवीन बेगम, ननद नूरी बेगम ने शादी में अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की चैन की मांग की।

# सराय दौलत के 62 अज्ञात व 150 अज्ञात पर मुकदमा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते शनिवार की रात रोडवेज बस ने निर्माणाधीन हाईवे पर युवक को टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर उपद्रव किया और पथराव व आगजनी कर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव किया और रोडवेज बस को क्षतिग्रस्त कर दूसरी रोडवेज बस में आग लगा दी थी। घटना के बाद उपनिरीक्षक ने गांव के 62 नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत निर्माणाधीन हाईवे पर ओम जीत कुशवाह पुत्र महेंद्र सिंह 22 वर्षीय बैठा हुआ था। तभी ओवरब्रिज डायवर्जन पर रोडवेज बस रायबरेली डिपो ने युवक को टक्कर मार दी थी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अजब सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए हाइवे को पूरी तरह से जाम कर दिया एवं आने वाले वाहनों पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद जाम में फंसी आगरा फोर्ट डिपो की बस तोड़ दी और परिचालक अमित कुमार को घायल कर दिया। जबकि रायबरेली डिपो की बस में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया और डायल 112 की इनोवा कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उपनिरीक्षक अजब सिंह ने श्रीपाल कुशवाहा, संतोष, ज्ञानेंद्र, नरेंद्र, नन्हे, अमित, सुधीर, जितेंद्र, संतोष, सोनू, सर्वेश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, मोहन, छुनना, महेश, रंजीत, रामजीत, राजेश, नंदराम, कैलाश, विपिन, जितेंद्र, बृजेश, शिवम, रवि, राहुल सहित 62 नामजद व 150 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दो माह से लापता युवक का शव काली नदी के निकट पड़ा मिला

- मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा
- मृतक के भाई ने लगाया हत्या कर शव फेके जाने का आरोप, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन — समृद्धि न्यूज

**सदर कोतवाली** क्षेत्र स्थित काली नदी पुल के पास दो माह से लापता युवक का शव पड़ा देख स्थानीय लोगों ने देखा तो उनमें हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवक की शिनाख्त की। मृतक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरायपुरवा निवासी के रुप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया गया कि उक्त युवक दो माह महीने से लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रविवार को एक युवक का सदर कोतवाली क्षेत्र के तहसीपुर गांव के निकट काली नदी पुल के पास युवक का शव देख कर राहगीरों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए शव की शिनाख्त की। युवक की पहचान उमरायपुरवा गांव निवासी राघवेंद्र के रूप में कई गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। बताया जाता है कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरायपुरवा निवासी 32 वर्षीय राघवेंद्र पुत्र लेखराम लगभग दो माह से लापता था। मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि उसका भाई गांव निवासी एक व्यक्ति के यहां खेती समेत अन्य काम देखता था। बीते लगभग दो माह से उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नही चल सका। अरविंद ने राघवेंद्र की हत्या कर शव फेंकने के आरोप गांव के ही युवक पर लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कार्यकर्ता संगठन की रीढ़,जितनी मजबूत रीढ़ उतना मजबूत संगठन: प्रकाश पाल







**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन द्वारा जिला मुख्यालय जीटी रोड स्थित एमएल होटल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत ÷टिफिन बैठक÷ का आयोजन किया गया।

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। टिफिन बैठक में मौजूद पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, जितनी मजबूत रीढ़ उतना मजबूत संगठन। उन्होने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जो भी है जिस मुकाम पर है आप जैसे देव तुल्य कार्यकर्ताओ की दम पर है। श्री पाल ने कहा कि मैं ये भी कहने में गर्व महसूस करता हू की भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमे आम कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकता है, जो किसी अन्य दल में संभव नहीं है। उन्होंने ने कहा कि एक साथ बैठ कर टिफिन भोजन करने में बड़ा आनन्द आया। सबने मिल बाँट कर खाया। यही समरसता भाजपा की पहचान है, ये पार्टी नहीं परिवार है। टिफिन बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सांसद सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनन्द, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, कन्हैया दीक्षित समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रीष्म कालीन मूंगफली से दोहरा लाभ: डा.अरविंद कुमार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ग्रीष्मकालीन मूंगफली से अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए निम्न कृषि तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने कही। क्षेत्र के ग्राम डिगसरा में वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी।



कृषि वैज्ञानिक डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंगफली की प्रजातियों में 30 से 35 दिन बाद फूल आने प्रारंभ हो जाते हैं इसलिए दूसरी सिंचाई 35 दिन की फसल होने पर करें। 45 से 50 दिन के बाद खूंटी बनने लगती है। अतः इस अवस्था में नमी की उचित व्यवस्था हेतु 50 से 55 दिन बाद तीसरी सिंचाई करें इस समय इस समय खूंटी भूमि में गढ़ने ,लगती है तथा फलिया बनने लगती हैं चौथी सिंचाई 70 से 75 दिन बाद फलियों में दाना भरते समय करना चाहिए इस प्रकार भरपूर उपज लेने के लिए चार से पांच सिंचाई देना आवश्यक है। बुवाई के 40 से 45 दिन बाद जिप्सम छिड़काव के उपरांत दूसरी निराई गुड़ाई करें। खुटिया बनते समय निराई गुड़ाई न की जाए। दीमक सूखे की स्थिति में जड़ों तथा फलियों को काटती है। जड़ काटने से पौधे सूख जाते हैं। फलियों के अंदर गिरी के स्थान पर मिट्टी भर देती है। बताया कि फसल में प्रकोप होने पर क्लोरपायरीफास 20 प्रतिशत ईसी की 2.5 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से सिंचाई के पानी के साथ प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि खुदाई तभी करें जब मूंगफली के छिलके के ऊपर नशे उभर आये, भीतरी भाग कत्थई रंग का हो जाए और मूंगफली का दाना गुलाबी हो जाए खुदाई करते समय पौधा सीधा रखें पलट कर कड़ी धूप में रखना उचित नही होगा। खुदाई करते समय इस बात का ध्यान रखें की फसल को खेत में ग्रीष्मकालीन समय में 70 से 80 प्रतिशत फलियां पकने के बाद खोद लें।

# थाना प्रभारी ने महिलाओं को किया जागरुक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** ग्राम आह्लादपुर भटौली में मिशन महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल, उपनिरीक्षक अमित शर्मा और बीट महिला आरक्षी रचना सिंह और महिला बीट आरक्षी नेम्बती मय हमराही फोर्स अमृतपुर के थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा आज के दौर में महिलाओं की हमारे देश में बराबर की भागीदारी है। चाहे वह किसी विभाग में हो। महिलाओं को हर जगह सम्मान दिया जा रहा है। बीट महिला आरक्षी रचना सिंह ने नव युवतियों को शिक्षा ग्रहण कर पुलिस जैसे विभाग में कार्य कर देश में अग्रणी भूमिका निभाने का काम करें। आज के समय में हमारे देश व प्रदेश में हमारी बहनें सर्वोच्च स्थानों पर विराजमान हैं हम सभी को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। आज महिलायें हर क्षेत्र में पुरुषों से कहीं भी कम नहीं हैं।


महिलाओं को पम्पलेट वितरित करती महिला पुलिस

# मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पैगूपुर निवासी संजय राजपूत पुत्र विमलेश कुमार ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि प्रार्थी का भाई चंदन अपने दोस्त सुशील कुमार के साथ अपनी मोटरसाइकिल से दिनांक 2 जून को खुदागंज पेट्रोल पंप से डीजल लेने जा रहा था। समय करीब 7.30 शाम को गुरसहायगंज-फतेहगढ़ मार्ग पर कतरौली पट्टी के पास गुरसहायगंज की तरफ से आ रही कार संख्या यूपी27 जेड 4014 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद कोहनी नगला निवासी संदीप एवं पैगूपुर निवासी जितेंद्र राजपूत आदि ने मेरे भाई को आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## लूट में वांछित दो आरोपित गिरफ्तार, एक का शांतिभंग में चालान

**मेरापुर (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी राम खिलाड़ी उर्फ संजीव मिश्रा व रामवीर मिश्रा को मेरापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उपरोक्त लोग लूट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। वहीं अचरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मान निवासी सुबोध को लड़ाई झगड़े के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# नीमकरोरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन


सुंदरकांड पाठ में भाग लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि द्वारा बाबा नीमकरोरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ समिति के सदस्यों ने नीमकरोरी मंदिर में बाबा के सामने सुंदरकांड का पाठ किया एवं मंदिर के महंत त्यागी जी नीमकरोरी धाम को शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कमेटी द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर ने बताया कि श्री हनुमन्त भगवत्सेवा के ज्योतिष्मन्त उदाहरण और भगवत्कृपा के साक्षात् श्रीविग्रह हैं। राम का नाम उनके जीवन का सूत्र है और राम का काम उस सूत्र की व्याख्या, उनका अवतरण ही इसी हेतु हुआ है। गोस्वामी जी कहते हैं- **पुरखा ते सेवक भये, हर ते भे हनुमान।** यह जानकर कि राम की सेवा का आनन्द दुर्लभ है स्वयं महादेव हर स्वरुप को छोड़कर हनुमान रुप में पृथ्वी पर अवतरित हुए। श्रीराम के स्वधामगमन के बाद भी चिरंजीवी हनुमान् रामत्व की स्थापना में लगे लोगों के सहज सहायक बनकर आज भी उपस्थित हैं और भावभरी दृष्टि से इस सृष्टि से जुड़कर उनका प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सकता है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रशांत सिंह, आदेश अवस्थी, अनुराग पांडेयए घनश्याम बाजपेई, उत्तम कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, कमलेश दीक्षित, रामवीर सिंह, चन्दन शुक्ला, अनुपम तिवारी, वीना वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था नवीन चंद्र गुप्ता, विकी वर्मा आदि ने संभाली।

# कांग्रेस ने भाजपा से नौ साल पर किये नौ सवाल


पत्रकार वार्ता करती जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व मौजूद अन्य लोग

- महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर पीएम से मांगे जवाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने पार्टी कार्यालय नगलादीना भोलेपुर में पत्रकार वार्ता में कहा मोदी सरकार के नौ साल पर नौ सवाल हैं उसका जवाब दें। उन्होंने अर्थ व्यवस्था से जुड़ी समस्या को लेकर सवाल कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है, क्यों अमीर और अमीर हुए और गरीब और गरीब हुए। सार्वजनिक सम्पत्तियों को मोदी के मित्रों को क्यों बेचा जा रहा है। जिससे आर्थिक विषमतायें बढ़ रही हैं। कृषि और किसान पर उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि नौ साल में किसान की आय दुगनी नहीं हुई। काले कृषि कानून को रद्द करते समय संगठनों के साथ समझौतों को अभी तक लागू नहीं किया गया और न ही एमएसपी की गारन्टी नहीं दी गयी। उन्होंने भ्रष्टाचार मित्र वाद पर प्रश्न पूछते हुए कहा कि अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए एलआईसी और एसबीआई में जमा जनता के खून की कमाई को दांव पर लगा दिया। भ्रष्टाचार की बात खत्म करने वाले प्रधानमंत्री इस पर जबाव दें और अडानी की फर्जी कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं। उन्होंने चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सवाल करते हुए कहा कि आज भी हमारी जमीन कब्जा किये हुए बैठा है। चुनाव मुद्दे के लिए जान बूझकर बंटवारे की राजनीति को हवा देना व समाज में डर का माहौल बनाया जा रहा है। महिलाओं, दलितों, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर प्रधानमंत्री चुप हैं और जनगणना की मांग क्यों नजरंदाज कर रहे हैं। विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्वाही हो रही हैं और पिछले नौ सालों में विपक्षी दलों की सरकार गिरायी है। इस मौके पर पुन्नी शुक्ला, संतोष गुप्ता, वरुण त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, मोहन पाठक, अंकुर मिश्रा मौजूद रहे।

# कमालगंज ब्लाक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम सम्पन्न


ब्लाक कमालगंज संगोष्ठी में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक सभागार कमालगंज व शमशाबाद में जल जीवन मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्लाक सभागार में चल रहे प्रशिक्षण जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, सचिव व रोजगार सेवक, लेखपाल, जिला पंचायत सदस्य आदि लोगों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षक अतर सिंह ने पेयजल गुणवत्ता के तहत पेयजल निगरानी योजना का संचालन एवं अनुश्रवण सामुदायिक अंशदान समितियों से आई.एस.ए. की भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही दूसरा कार्यक्रम ब्लाक शमशाबाद में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर लव कुमार, मोहित कुमार, रचना, नीरज कुमार, अतुल कुमार, विपनेश कुमार मौजूद रहे तथा प्रतिभागियों को किटें भी वितरित की गयीं।

# भाजपा के महासंपर्क अभियान में गिनायीं गयीं सरकार की उपलब्धियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर महासंपर्क अभियान के अंतर्गत सदर विधानसभा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सम्मेलन को संबोधित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष बेमिसाल है। इन 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव गरीब किसान नौजवान और महिलाओं के लिए योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण एवं जन कल्याण करने का कार्य किया। उन्होंने कहा संगठन में शक्ति होती है। भाजपा का संगठन विश्व का सबसे बड़ा कार्यकर्ताओं वाला संगठन है जो कार्यकर्ताओं पर ही आधारित है। संगठन को 2024 में पूरी ताकत के साथ जुटना होगा। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 9 वर्षों में जनपद में विभिन्न कार्य किए गए जनपद की कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। हर क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए से विकास कार्य किए गए हैं। जो भी विकास कार्य बचे हैं वह समय सीमा से पहले पूर्ण किए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन के माध्यम से संगठन के कार्यकर्ता जन जन तक पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक का संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, गोपाल मोहन शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ0 रजनी सरीन, डॉक्टर भूदेव राजपूत, सत्यपाल सिंह, दिनेश कटियार, कुलदीप गंगवार, बबीता पाठक, मयंक सिंह, बुंदेला, शिवांग रस्तोगी, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, फतेह चंद वर्मा, भास्कर दत्त द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह राठौर,श्वेता दुबे, प्रबल त्रिपाठी, शशांक शेखर मिश्रा आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रथयात्रा का होगा ऐतिहासिक स्वागत


अटेवा कार्यक्रम को लेकर प्रस्तुति तैयार करते बच्चे

- 15 जून को मंडल में रथयात्रा करेगी प्रवेश, तैयारियां हुईं पूर्ण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में 15 जून को रथ यात्रा का आगमन कानपुर मंडल में हो रहा है। रथ यात्रा औरैया में आयेगी। जिसको लेकर फर्रुखाबाद सहित कई जनपदों के लोग प्रतिभाग करेंगे। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जाटव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। जिसको लेकर जनपद में तैयारियां जोरों पर हैं। रथयात्रा के ऐतिहासिक स्वागत को लेकर शिक्षक, कर्मचारी तैयार हैं।

15 जून क बड़ी संख्या में जनपद के शिक्षक, कर्मचारी रथयात्रा में प्रतिभाग करेंगे। ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में रथयात्रा के स्वागत हेतु बच्चों को तिरंगा झंडा व अटेवा के झंडे के साथ कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया। जिसकी तैयारी झलक पूर्ण हो गयी है। बच्चों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन करते हुए समस्या रखी। जिसके तहत अटेवा की छपी हुई टीशर्ट पहनकर बच्चों ने प्रदर्शन किया। ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, सुनील कुमार, सुधीर कुमार पाल, हिमांशु शुक्ला, विजेंद्र मथुरिया, देवेंद्र कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाविप महादेवी वर्मा की कार्यशाला का हुआ समापन


भाविप महादेवी वर्मा शाखा की कार्यशाला के समापन पर मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद महीयसी महादेवी वर्मा शाखा द्वारा बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन हुआ।

नुन्हाई स्थित केशव भवन में शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को विभिन्न बिधायें सिखायी गयीं। 40 दिन तक चली कार्यशाला का समापन हुआ। शाखा अध्यक्ष स्वदेश दुबे ने बच्चों को पुरस्कृत सम्मानित किया। साथ ही कार्यशाला की शिक्षिकाओं का भी सम्मान हुआ। इस मौके पर स्वेता दुबे, प्रीती रायजादा, ज्योति शर्मा, पंकज वर्मा, जितेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रोहतक में विधि ने डांस में जीता प्रथम पुरस्कार


हरियाणा रोहतक के कार्यक्रम में सम्मानित होती विधि द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के बढ़पुर निवासी प्रशांत कुमार द्विवेदी की पुत्री विधि द्विवेदी ने हरियाणा रोहतक में रेड वक्कल एंटरटेनमेंट अवॉर्ड शो में फर्स्ट प्राइज जीतकर शहर का नाम रोशन किया। विधि द्विवेदी पहले भी कई बड़ी प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। कृषि डांस एकेडमी आवास विकास के कोरियोग्राफर मोहम्मद रफी अकैडमी में बच्चों को तराशने में लगे हैं। इसी अकैडमी की छात्रा विधि द्विवेदी ने हरियाणा में जाकर प्रथम पुरस्कार जीतकर शहर का नाम रोशन किया। हरियाणा के रोहतक में वहां के स्थानीय के अलावा दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें सभी को पछाड़ते हुए विधि द्विवेदी ने जनपद का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता को लेकर डांस प्रेमियों में खुशी की लहर है। छोटी सी बच्ची ने इतनी कम उम्र में बड़े मंच पर कम्पटीशन जीतकर यह दिखा दिया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं। उनके पिता ने इसका श्रेय प्रशिक्षक को दिया।

# नेचर स्टडी ट्रैकिंग कैंप में जिले के स्काउटों ने दिया अहम योगदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के ग्रीष्मकालीन प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतला खेत उत्तराखंड में प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ0 प्रभात कुमार के निर्देशन में आयोजित पांच दिवसीय नेचर स्टडी कम ट्रैकिंग कैंप में प्रज्ञा सिंह सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर की प्रेरणा से जनपद से तीन रेंजर, तीन रोवर एवं चार अध्यापक अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद के जिला स्काउट मास्टर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में काउंसलर की भूमिका अदा करते हुए विभिन्न गतिविधियों जैसे बीपी सिक्स, कैंप फायर के संचालन का कार्य करते हुए राज्य स्तरीय नेचर स्टडी ट्रैकिंग कैंप में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए टीम इंचार्ज एवं मैनेजर त्रिवेंद्र एवं उनके सहयोगी जिला संगठन आयुक्त कानपुर सर्वेश कुमार तिवारी, हापुड़ से ओपी शर्मा, जनपद से जिला संगठन कमिश्नर सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, गाइड टीम प्रभारी शोभा राजपूत एवं अंजली शर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड व बच्चे

जनपद से रोवर प्रणय श्रीवास्तव, मोहक, विशाल तथा रेंजर टीम से मुस्कान वर्मा, शिल्पी गौतम, श्वेता श्रीवास्तव और कंचन ने प्रतिभाग करते हुए शीतला खेत के आसपास के पर्वतीय वातावरण में विभिन्न स्थलों पर जाकर प्रकृति के नजदीक रहकर नेचर स्टडी करते हुए ट्रैकिंग कार्यक्रम के इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न जड़ी बूटियां और पेड़ पौधों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की तथा विभिन्न स्थानों के बारे में नजदीकी से भ्रमण करते हुए अपने जीवन में पहली बार प्राकृतिक वातावरण से रूबरू हुए। वहीं पर शिक्षकों द्वारा समस्त छात्राओं को विभिन्न वनस्पतियों जड़ी बूटियां और पेड़ पौधों के बारे में विस्तार पूर्वक ट्रैकिंग के समय जानकारी दी गई तथा पर्वतीय क्षेत्र में जाकर उनको स्काउट गाइड के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# नक्श थिएटर के कलाकारों ने शिमला में मचाई धूम

- टीवी कलाकार मनमोहन तिवारी ने कलाकारों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नक्श थिएटर के कलाकारों ने हिमांचल प्रदेश की राजधानी शिमला में ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोशिएशन के बैनर तले आयोजित 68वें ड्रामा एण्ड डांस कंपटीशन में प्रतिभाग कर अपना जलवा बिखेरा।

शिमला में 6 जून से 10 जून तक चले 68वें ड्रामा एण्ड डांस कंपटीशन के मुख्य अतिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल रहे। जिले की रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों द्वारा विश्व प्रसिद्ध गेयटी थिएटर में कामेडी नाटक टैक्स फ्री एंटरटेनमेंट खेलकर खूब धूम मचाई। जिससे दर्शक लोट पोट हुए और जमकर ठहाके लगाते रहे। नाटक का शानदार अभिनय देखकर निर्णायक मण्डल ने परिणाम घोषित कर कलाकारों को बेस्ट कामेडी नाटक कॉन्सलेशन अवार्ड से नबाज़ा। नाटक का निर्देशन कर रहे एक्टर डायरेक्टर अमित सक्सेना को जाने माने फिल्म कलाकार रोहितास्व गौर, (भाभी जी घर पर हैं के मनमोहन तिवारी) और उनकी पत्नी डॉक्टर रेखा गौर व टीम द्वारा बेस्ट सपोर्टिंग अभिनेता का प्रथम पुरस्कार दिया गया। रोहितास्व गौर ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमारी संस्था पिछले 68 वर्षों से लगातार नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन करती चली आ रही है। इस बार ड्रामा एण्ड डांस कंपटीशन में कई राज्यों से कलाकरों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना के अभिनय की सराहना की। शिमला से अवार्ड पाकर लौटे अमित सक्सेना ने बताया कि हमने चन्द्र शेखर फॅसलकर द्वारा लिखित नाटक टैक्स फ्री एंटरटेनमेंट खेल। नाटक का निर्देशन मैने स्वयं किया। नाटक के मुख्य पात्र में सदाशिव काले, विशाल सिंह, बैराइच पंढरपुर धीरज मौर्या, बैराइच जगताप अमित सक्सेना, मास्टर राज गौरव पाण्डेय, पेंडसे दिलीप कश्यप, सोनावने सत्या, आरजे की भूमिका शैली दिवाकर, संध्या पाण्डेय, मनोज मौजूद रहे।



शिमला में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होते नक्श थिएटर के कलाकार





# आम के पेड़ पर लटका मिला डेयरी संचालक का शव

- परिजनों ने लगाया भाजपा नेता के पुत्र सहित तीन पर हत्या का आरोप
- सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में डेयरी संचालक का शव आम के पेड़ पर लटका मिला। मृतक के पिता ने भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष के पुत्र सहित तीन पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना क्षेत्र के गांव रैसेपुर निवासी रावेंद्र सिंह राजपूत का 26 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार राजपूत का शव पड़ोस के गांव जैतपुर निवासी राजवीर के खेत में आम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और सूचना पुलिस को दी। मृतक के पिता रावेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र मिढ़ई लाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रात्रि 12 बजे गांव से 500 मीटर की दूरी पर लगे समरसेबिल पर अपने पुत्र आदित्य के साथ लेटे थे, तभी गांव के ही अतुल पुत्र मान प्रताप, रघुवीर पुत्र मोरपाल, सरनाम पुत्र मौजी लाल आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे मेरे तीन दांत टूट गए। चीखपुकार करने पर आरोपीगण मेरे पुत्र आदित्य को पकड़ कर ले गये। रात्रि में ही सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुत्र व आरोपियों की तलाश की। आरोपियों की तलाशी के दौरान पुलिस को एक फोन मिला। जिसे पुलिस अपने साथ ले गयी, लेकिन पुत्र का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद मैंने परिजनों के साथ पुत्र की खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह भट्ठे पर घोड़ा बग्गी चलाने वालों ने एक शव पेड़ पर लटका देखा, तो सूचना ग्रामीणों को दी। मृतक के पिता रवेंद्रव सिंह ने बताया कि परिवार के विमल का खेत रघुवीर के पिता मोरपाल उगाई पर किया करते थे, जो इस वर्ष मोरपाल को नहीं दिया। रघुवीर मेरी वजह से खेत न मिलने को लेकर रंजिश मानने लगा। आरोपियों ने मेरे पुत्र की हत्या कर शव आम के पेड़ पर लटका दिया। आरोपी के पिता मानप्रताप भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष हैं। रावेन्द्र ने बताया कि उनके दो पुत्र थे। बड़ा पुत्र धर्मेन्द्र खेती करता है। छोटा पुत्र आदित्य गांव में डेयरी चलाता था। सूत्रों की माने तो मृतक की आरोपियों से दोस्ती थी। मृतक की मां सत्यवती, पत्नी संध्या, पुत्री आराध्या, वर्ष, अवज्ञा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच कर सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रताप वर्मा ने बताया कि मेरे पुत्र व भाई को गलत फंसाया जा रहा है, जबकि मृतक के ऊपर लगभग 5 लाख रुपए का कर्ज था और मृतक अपने पिता से रुपयों मांगता था। पिता ने जब रुपये देने से मना किया, तो मृतक ने कहा मेरे हिस्से की जमीन बेच दो। इसी बात पर आए दिन झगड़ा होता था।



मृतक का फाइल फोटो



नमूने एकत्र करती फॉरेंसिक टीम



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास

- 41 हजार रुपये का अर्थदंड



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले अपर जिला जज विशेष पॉक्सो न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अनिल उर्फ झम्मन पुत्र स्व0 जगदीश निवासी हाथीखाना फतेहगढ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारवास व 41 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विगत वर्ष 2020 को कोतवली फतेहगढ़ निवासी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री 14 जुलाई 2020 को रात में छत पर अकेली सोने गयी थी, तभी पड़ोसी अनिल उर्फ झम्मन मेरी छत पर आ गया और मेरी पुत्री का मुंह दबाकर बल पूर्वक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुत्री के विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुत्री ने छत से नीचे उतरकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष पाक्सो न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अनिल उर्फ झम्मन को दोषी करार देते हुए धारा 376 में आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 3/4 लैंगिक की धारा में 20 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 506 में एक वर्ष का कारावास व 1 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जिला कारागार में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित किया जायेगा।

# मक्के के खेत में पड़ा मिला युवती का शव, मां ने लगाया हत्या का आरोप

- मृतका बीते दिन नवाबगंज से दवा लेने निकली थी
- पुलिस अधीक्षक व सीओ तथा फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल
- एसपी बोले घटना का खुलासा के लिए तीन टीमों का किया गया गठन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती दिन दवा लेने निकली युवती का शव सोमवार को मक्के के खेत पड़ मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकरा बुरा हाल हो गया। मौके पर सीओ व पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। एसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला विनायक निवासी सुरेंद्र श्रीवास्तव की 18 वर्षीय पुत्री कुमारी वंदना बीते दिन सुबह 10 बजे घर से नवाबगंज दवा लेने की बात कह कर निकली थी। जो लौटकर घर वापस नहीं आयी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह ग्रामीण खेतों की तरफशौचक्रिया के लिए गये तो उन्होंने ग्राम दुनाया निवासी अजय पाल पुत्र वीरपाल के मक्के के खेत में एक शव पड़ा देखा। सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान राजवीर सिंह यादव को दी। मौके पर पहुंचे राजवीर सिंह यादव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास करने लगे। लगभग 8 बजे ग्राम नगला विनायक निवासी सुरेंद्र सिंह की पत्नी रामादेवी श्रीवास्तव अपनी पुत्री अंजना के साथ मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त अपने पुत्री वंदना के रुप में की। मृतका की मां ने बताया कि रविवार सुबह नवाबगंज दवा लेने के लिए निकली थी। तब से वह वापस नहीं लौटी थी। मृतका की मां ने पुत्री की हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पूछताछ के दौरान मृतका की छोटी बहन अंजना ने फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के सेन्ट्रल जेल निवासी एक युवक के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि युवक उसकी बहन से रोज फोन पर बात करता था। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ता पूर्व गांव के ही लोगों ने मृतका के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसे गांव के लोगों ने रफा-दफा कर दिया था। वहीं मृतका की मां रामा देवी तथा मृतका की छोटी बहन अंजना ने पुलिस को कुछ लोगों के नाम भी बताये है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार भी पहुंच गये और जांच पड़ताल कर सूचना एसपी को दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पहुंचक परिजनों से पूछताछ की।

एसपी ने बताया कि पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं और मामले का जल्द खुलासा किया जायेगा। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किये। मृतका की मां रामादेवी ने अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। पुलिस ने मुकदमे के आधार पर आरोपियों के घर पर दविश देना शुरु कर दी है।

खबर खिले जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। स्वाट टीम व पुलिस क्षेत्र में डेरा जमाये है। वहीं मृतका की मां ने बताया कि उनके पति सुरेन्द्र श्रीवास्तव बीमारी से ग्रसित है, जो चल फिर भी नहीं सकते, उनका पुत्र सुरजीत जयपुर में रहकर नौकरी करता है, दूसरा पुत्र मोहित जो मानसिक रुप से विक्षिप्त है।



मृतक की बहन से पूछताछ करते एसपी

## दो ने पिया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना गंजडुंडवारा निवासी रोहित व जनपद एटा के थाना रामपुर निवासी विनोद कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद विनोद कुमार को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान गैंगेस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर शहर कोतवाली में छह मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे, उपनिरीक्षक सुबोध यादव, कां0 तेजवीर सिंह, कां0 हिमांशु कुमार के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी सड़क सरेराह पल्ला पार्क के पास से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित राहुल बाथम पुत्र दिनेश बाथम उर्फ बबलू निवासी पलरिया को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा, तभी पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी पर शहर कोतवाली में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सपा के चौदह वरिष्ठ नेता बनाये गये विशेष आमंत्रित सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अपनी कमेटी की घोषणा के तीसरे दिन 14 आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की है। जिसमें पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू को आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश दीक्षित, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व विधायक अजीत कुमार कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सेवक यादव, वरिष्ठ नेता हाजी तरीक सेठ, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अम्बेडकर, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष दमयंती सिंह सहित 14 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। बीते दिन कमेटी घोषित होने के बाद उपजे विवाद को लेकर विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की गयी। सभी वरिष्ठ नेता पार्टी में आपसी तालमेल बनाकर सामंजस्य स्थापित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तय होगी। पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसको लेकर वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। सामंजस्य स्थापित करने के लिए 14 वरिष्ठ नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिसके लिए सोमवार को सूची जारी की है।

# बाल श्रम निषेध दिवस: कई बच्चे कार्य करते मिले

- दिये गये नोटिस, बाल श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिस के साथ क्षेत्र में चलाया अभियान, कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ कस्बे में की छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानों पर नाबालिग बच्चे काम करते मिले। टीम ने दुकानदारों को नोटिस जारी किये। छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। हर साल करोड़ों बच्चे पढ़ाई लिखाई छोड़कर बाल मजदूरी में लग जाते हैं। ऐसे में बच्चों के बचपन को बचाने और लोगों के बीच इसके लिए जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 12 जून 2022 को विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। हर बच्चे के बचपन को सुरक्षित रख उसे स्वर्णिम बनाया जाये, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस को जिस रूप में आज हम मनाते हैं। कस्बा नवाबगंज में सोमवार को बाल श्रम दिवस के मौके पर बाल श्रमिक प्रवर्तन अधिकारी ने थाने पहुंचकर आमद कराकर पुलिस टीम के साथ कस्बे में दुकानों पर भ्रमण कर छापेमारी की। कई दुकानों पर छोटे-छोटे बच्चे काम करते मिले, जिस पर अधिकारी ने उन्हें नोटिस दिया। यह जानकारी जब कस्बे में लगी तो दर्जनों दुकानदार अपनी दुकानें बद कर मौके से भाग गये। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाल श्रम अधिकारी ने बताया कि समय-समय पर ऐसे ही छापेमारी की जाएगी और नाबालिक बच्चों से कार्य कराना बेहद गलत है। इसलिए ऐसे दुकानदारों तथा ऐसे कारखाने के मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी।



दुकान पर छापेमारी करती टीम

# खबरें चलते-चलते

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव लोहारीखेड़ा निवासी बबली व हरिन्नदन का 4 वर्षीय पुत्र निखिल, शाहजहाँपुर के गांव कलान निवासी वीरेंद्र, कम्पिल क्षेत्र के गांव नसरथपुर निवासी जीतेन्द्र कुमार की 5 वर्षीय पुत्री भावना मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बबली व वीरेंद्र को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## छत से गिरकर बालक घायल

**कायमगंज (सं.)।** छत से गिरकर बालक घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कम्पिल क्षेत्र के गांव कटिया निवासी शाहिद अली का 7 वर्षीय पुत्र अलीहसन छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

## बाइक विद्युत पोल से टकरायी युवक घायल

**नवाबगंज (सं.)।** ससुराल से घर जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में टकरा गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव उखरा निवासी रामजीत पुत्र पूरनलाल अपने दो बच्चों और भतीजी को अलीगंज गांव अघौनापुर जनपद एटा से नवाबगंज के गांव उखरा जा रहा था। नवाबगंज बेग पुलिया के पास पहुंचा, तभी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे रामजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर अप्रेंटिस मेले का आयोजन 13 जून मंगलवार को आयोजित होगा। जिसमें पांच कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। 175 व्यक्तियों को लेकर अभ्यर्थियों का चयन होगा। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ आईटीआई ठंडी सड़क पर प्रातः 10 बजे उपस्थित हों। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## यदुवंश कुमार वर्मा बने कायमगंज के एसडीएम



**कायमगंज (सं.)।** उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला हो गया। उनके स्थान पर जनपद के न्यायिक सदर से आये अतिरिक्त उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा को नया उप जिलाधिकारी बनाया गया है। यदुवंश वर्मा सम्भल जिला मुरादाबाद के निवासी है और 2022 बैच के हैं। आज उन्होंने कायमगंज तहसील पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य करना हमारी पहली प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में ढाई करोड़ के प्रस्ताव पास

- दो सभासद बैठक में रहे अनुपस्थित

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत की प्रथम बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई तथा ढाई करोड़ के प्रस्ताव पास हुए।

नगर पंचायत शमसाबाद की प्रथम बोर्ड नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 9 प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष जोया शाह द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि 4.50 करोड़ से 46 कार्यों एवं 15वां वित्त आयोग की धनराशि से 2.50 करोड़ से 18 कार्यो की सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। प्रस्ताव में स्वीकृत कार्य पेयजल, सोलर लाइट, सड़क निर्माण कार्य तथा नगर के सौंदर्यीकरण हेतु कोट वाली मस्जिद के टीले को पिकनिक स्पॉट के रूप में एवं रामलीला ग्राउंड के सामने तालाब को नौका विहार केंद्र के अलावा चौराहों पर कैमरों का अधिष्ठापन, फैजबाग रोड पर ग्रीन बेल्ट एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पुस्तकालय निर्माण आदि कार्यों का प्रस्ताव पास कर बैठक का समापन किया गया। बैठक में 2 सभासद वार्ड नंबर 9 और 13 के सभासदों को छोड़कर सभी सभासद एवं अधिशाषी अधिकारी लिपिक पवन कुमार तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक लेंती नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह व मौजूद सभासद आदि

# एसओजी की कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपनी टीम के साथ दविश देने जा रहे एसओजी प्रभारी की गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्वाट टीम प्रभारी ने घायल बाइक सवार को अपनी गाड़ी से उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना पर कादरीगेट थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ लोहिया पहुंच गये। वहीं हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार स्वाट टीम प्रभारी अमित गंगवार सोमवार की शाम मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अपनी टीम के साथ बिना नम्बर की गाड़ी से दविश देने जा रहे थे। मोहम्मदाबाद क्षेत्र के इटावा-बरेली हाइवे निसाई गांव के पास बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार आनन्द पुत्र धनीराम निवासी नीमकरोरी गंभीर रुप से घायल हो गया। एसओजी टीम प्रभारी ने आनन-फानन में आपनी गाड़ी से घायल बाइक सवार को उपचार के लिए लोहिया लेकर पहुंचे। सूचना पर थानाध्यक्ष कादरीगेट पुलिस बल के साथ लोहिया अस्पताल पहुंच गये और पूछताछ की। वहीं हालत बिगड़ने पर चिकित्सक अभिषेक चतुर्वेदी ने युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।



# घर में घुसकर तोड़फोड़, चले ईंट पत्थर, जबावी तहरीर



घटना के संबंध में तहरीर दिखवाते मारपीट में घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ करने के मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला हाता करम खां निवासी प्रथम पक्ष ममता पत्नी धीरेन्द्र प्रताप ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मेरी पुत्री खुशबू का मकान मेरे घर के पास है। मकान को लेकर रुपरानी पत्नी प्रमोद कुमार से विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। पुत्री के बाहर चले जाने से मैं उसमें रहती हूं। 12 जून को करीब 1:20 पर रुपरानी पत्नी प्रमोद, प्रमोद पुत्र गयाराम, फूलन देवी पुत्री प्रमोद, दीपक पुत्र प्रमोद, सतीश पुत्र छेदालाल व दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडा व टकोरा लेकर पड़ोस के हरनाथ के घर का दरवाजा तोड़कर मेरे घर में घुस आये और घर में रखा सामान तोड़ दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी। इसी दौरान आरोपियों ने ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर मौके से भाग गये। **वहीं दूसरे पक्ष** से सतीश पुत्र छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 11 जून को वह अपनी रिश्तेदारी में शामिल होने गया था और घर पर ताला लगा था। इसी का फायदा उठाते हुए बेवी पत्नी धीरु पहलवान, छोटू पुत्र धीरू, खुशबू पुत्री धीरु ने मेरी दीवार तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया और अंदर रखी नगदी व सामान गायब कर दिया। 12 जून को मैं लौटा और ताला खोला तो वह अंदर से बंद था। इसी दौरान बेवी, छोटू, अंकित पड़ोसी पंकज की छत पर चढ़कर गंदी-गंदी गालियां देते हुए ईंट पत्थर चलाने लगे। जिससे मेरे व मेरे साथी प्रमोद घायल हो गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही की बात कही।